You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-52 ❒ शनिवार, 22 मार्च 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



विपक्ष किसान विरोधी है। वह किसानों का कल्याण नहीं चाहता है। कृषि एवं किसान कल्याण मतलब खेती-बाड़ी और किसान पर संसद में, लोकसभा में चर्चा होनी थी। चर्चा लोकतंत्र के प्राण हैं। चर्चा और संवाद जनकल्याण के कामों को आगे बढ़ाते हैं।
शिवराज सिंह चौहान

लोक सभा में जल शक्ति मंत्रालय की अनुदान मांगे ध्वनिमत से पारित 11

प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्द्धन के लिए सीएम धामी ने दिए निर्देश 12

## संक्षेप

### भाषा को लेकर विभाजन के खिलाफ सामाजिक संगठनों को आगे आना चाहिए : संघ

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मानना है कि भाषा के नाम पर देश में चल रही विभाजन की राजनीति को काटने के लिए सामाजिक संगठनों को आगे आना चाहिए। वहीं परिसीमन के मुद्दे पर उत्तर भारत बनाम दक्षिण भारत के विषय पर संघ ने कहा है कि गृहमंत्री इस संबंध में आश्वासन दे चुके हैं कि लोकसभा सीटों का अनुपात पहले के समान ही रहेगा। संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की आज से कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में शुरू तीन दिवसीय बैठक में संघ के कार्य विस्तार और दृढ़ीकरण का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। बैठक (21-23 मार्च) का शुभारम्भ आज प्रातः 9:00 बजे सरसंघचालक मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया। बैठक में लगभग 1450 प्रतिनिधि उपस्थित हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह सीआर मुकुंद ने बेंगलुरु में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि संघ मणिपुर में मैतई और कुकी दोनों समुदायों के बीच कई गतिविधियां चलाता है और इनके माध्यम से दोनों जनजातीय समूह में शांति के प्रयास के लिए कार्यरत है। उन्होंने कहा कि मणिपुर की स्थिति में सुधार हो रहा है लेकिन अभी भी काफी समय लगेगा। भाषा के नाम पर हो रही राजनीति और नई शिक्षा नीति में तीन भाषा फार्मूले पर संघ ने कहा कि संघ मातृ भाषा को बढ़ावा देने और उसमें शिक्षा दिए जाने का पक्षधर है। साथ ही वह स्वयंसेवकों और समाज को अन्य भारतीय भाषाओं को भी सीखने के लिए प्रेरित करता है।

### तिरुमाला मंदिर में केवल हिंदुओं को ही काम पर रखें: मुख्यमंत्री

**तिरुमाला।** आंध्र प्रदेश के एन मुख्यमंत्री चंद्रबाबू ने कहा कि तिरुपति बालाजी मंदिर की सात पहाड़ियां वेंकटेश्वर स्वामी के स्वामित्व में हैं और इन पहाड़ियों पर कोई भी अपवित्र कार्य नहीं होने देंगे। इन पहाड़ियों के आसपास कहीं भी व्यावसायीकरण नहीं होने दिया जाएगा और तिरुमाला में सिर्फ हिन्दू ही मंदिर के प्रबंधन का काम करेंगे। शुक्रवार को मुख्यमंत्री चंद्रबाबू ने तिरुमाला में भगवान बालाजी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री ने यहां अपने पोता नारा देवांश का जन्मदिन मनाया। परिवार के सदस्यों के साथ भगवान वेंकटेश्वर की सेवा में भी भाग लिया। मुख्यमंत्री ने मंदिर के प्रशासन के साथ एक बैठक कर सुविधाओं की समीक्षा की। इससे पहले मुख्यमंत्री चंद्रबाबू का यहां पहुंचने पर तिरुमला तिरुपति देवस्थानम के अध्यक्ष बीआर नायडू ने पुजारियों व वेद पंडितों के साथ स्वागत किया। मुख्यमंत्री के परिजनों ने तारिगोंडा वेंगाम्बा सत्रम में अपने पोते देवांश के नाम पर अन्नदान का आयोजन किया। चंद्रबाबू और उनके परिजनों ने भक्तों को प्रसाद परोसा। मुख्यमंत्री ने एक दिन के अन्नदान का खर्चा के लिए लगभग 44 लाख रुपये दान दिया है।

# महिला का हत्यारा ऑटो ड्राइवर एनकाउंटर में मारा गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



❒ मुख्य हत्यारे पर रखा गया था एक लाख रुपए का इनाम

मलिहाबाद/लखनऊ। बनारस से लखनऊ आई महिला की मंगलवार की देर रात बस अड्डे से ई-ऑटो सवार ने किडनैप कर हत्या करने वाले ड्राइवर को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया है। मलिहाबाद देवल रेस्टोरेंट के पास हत्या और रेप का प्रयास करने के आरोपी ऑटो ड्राइवर अजय द्विवेदी और पुलिस के बीच में मुठभेड़ हुई। जिसमें पुलिस की गोली लगने से अजय की मौत हो गई। मलिहाबाद में जघन्य हत्याकांड का मुख्य आरोपी दुबग्गा निवासी ऑटो ड्राइवर अजय द्विवेदी पर पुलिस ने एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। शुक्रवार को ही इस हत्याकांड में शामिल अजय के भाई दिनेश कुमार को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बता दें कि मंगलवार यानी 18 मार्च की रात को महिला बनारस से लखनऊ रोडवेज बस द्वारा आलमबाग बस स्टाप पर उतरकर अपने भाई के घर चिनहट क्षेत्र के लिए एक ऑटो (टैक्सी) बुक किया था। ऑटो ड्राइवर में रस्ते में तीन और लोगों को बिठाया. चालक ने चिनहट के रास्ते न जाकर दूसरे रास्ते से टैक्सी लेकर चलने लगा। काफी दूर निकल जाने पर महिला ने कई बार ड्राइवर से पूछा कहा लेकर जा रहे हो तो संतोषजनक जवाब न मिलने पर उसने अपने भाई को अपनी लाइव लोकेशन शेयर कर अपने साथ अनहोनी की आशंका जताई थी। मामला संदिग्ध होते देख महिला के अयोध्या के पूरा कलंदर थाना क्षेत्र निवासी भाई ने तुरंत डायल 112 पर सूचना देकर बहन द्वारा भेजी गई लोकेशन भी पुलिस को दी थी. पुलिस को बताया था कि उसकी बहन को एक टैक्सी ड्राइवर लेकर जा रहा है। बहन ने उस जगह की लोकेशन भेजी है, मामला संदिग्ध लग रहा है। सूचना पाकर रात करीब तीन बजे मलिहाबाद पुलिस लोकेशन के आधार पर मोहम्मद नगर तालुकेदारी ग्राम पंचायत के बंडा खेड़ा गांव के निकट साधन सहकारी समिति के सामने आम के बाग में पहुंची। जहां पर महिला आपत्तिजनक हालत में पड़ी मिली, पुलिस ने तत्काल महिला को ट्रामा सेंटर भेज दिया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। शुरुआती जांच में पता चला है कि महिला को आलमबाग से ई-रिक्शा से लाकर मलिहाबाद के वाजिदनगर नगर में आम के बाग में अजय ने भाई दिनेश के साथ गला घोंटकर मौत के घाट उतारा था. दो दिनों की कड़ी मशक्कत कब बाद पुलिस को कामयाबी मिली है।

डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया घटना के खुलासे के लिए क्राइम ब्रांच व सर्विलांस सेल पश्चिमी जोन की संयुक्त टीम का गठन किया गया था। जिनके द्वारा आलमबाग से घटना स्थल के बीच सैकडों सीसीटीवी कैमरो की फुटेज व ई-रिक्शा धारको की सूची सत्यापन किया गया। सर्विलांस व मुखबिर से जानकारी के आधार पर हत्या करने में शामिल आरोपी दिनेश कुमार पुत्र विजय कुमार निवासी एस-2/436 बसंत कुन्ज योजना कॉलोनी निकट चौकीदार मैरिज हाल दुबग्गा लखनऊ को सन्यासी बाग मलिहाबाद से गिरफ्तार किया गया है। मुख्य आरोपी अजय द्विवेदी पुत्र विजय कुमार फरार हो गया था। शुक्रवार शाम उसने पुलिस पर फायर झोंक दिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में उसकी मौत हो गई। आरोपी दिनेश कुमार के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बजाज ऑटो व मृतका के शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्र बरामद हुये है। पुलिस ने बताया कि बलात्कार करने का प्रयास व असफल होने पर भयवश युवती की पैजामी से गला घोटकर की थी हत्या। गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह दोनों सगे भाई है। अपने भाई अजय द्वारा आलमबाग से युवती को बैठाकर लाना, रास्ते मे स्वंय द्वारा अन्धे चौकी के पास ऑटो में बैठना, घटना स्थल पर बलात्कार करने का प्रयास व असफल होने पर भयवश युवती की पैजामी से गला घोटकर हत्या करना तथा हत्या के बाद पुलिस द्वारा बिना नम्बर प्लेट के ऑटो की तलाश के कारण ऑटो में अपने भाई अजय द्वारा नया नम्बर प्लेट लगाना जैसे तथ्य स्वीकार किया है। निलंबित दरोगा ने कहा इंस्पेक्टर को कई कॉल किया गया था, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। ग्रामीणों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची थी। मलिहाबाद में घटना के समय तैनात रही पीआरवी ● शेष पेज 11 पर

### अपराध का रास्ता चुनने पर मुठभेड़ में मारा गया ऑटो चालक

यह जानते हुए भी अनीति का रास्ता अपनाने वालों का हश्र यही होता है। 32 वर्ष की अयोध्या की महिला जो वाराणसी से नौकरी के लिए परीक्षा देकर आई थी। आलमबाग में बस से उतरी और चिनहट के कमता तक अपने भाई के पास पहुंचने के लिए आटो में सवार हुई। उसके विश्वास को विश्रासघातियों ने मलिहाबाद ले जाकर छला। वहां रात्रि के अंतिम पहर में उस महिला को मार डाला। शुक्रवार देर रात मुख्य आरोपित अजय द्विवेदी पुलिस मुठभेड़ ढ़ेर हो गया। आरोपित दुबग्गा होते हुए ही मलिहाबाद पहुंचा था। वह दुबग्गा के बसंतकुंज का ही रहने वाला था। उसपर पहले से ही कई मुकदमे दर्ज थे।

# आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद नासूर : शाह

एजेंसी



❒ मोदी सरकार ने ही किया समस्याओं के सम्पूर्ण उन्मूलन का प्रयासः गृहमंत्री

नई दिल्ली। गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को राज्यसभा में अपने मंत्रालय की कामकाज पर हुई चर्चा के जवाब में कहा कि उनकी सरकार ने देश की आंतरिक और सीमाई सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई समयानुकूल बदलाव किए हैं। हमने तकनीक, राजनीतिक इच्छा शक्ति, विधि जरूरतों को पूरा करने के साथ सुरक्षा बलों का हौसला बढ़ाया है, जिससे देश में आज पहले से कहीं अधिक सुरक्षित माहौल है।

राज्यसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए गृहमंत्री ने करीब दो घंटे के अपने जवाब में तीन प्रमुख समस्याओं जम्मू कश्मीर में आतंकवाद, वामपंथी उग्रवाद और पूर्वोत्तर में अलगाववाद पर उनकी सरकार की ओर से उठाए गए निर्णायक कदमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में ही इन नासूर बन चुकी समस्याओं के सम्पूर्ण उन्मूलन के प्रयास किए गए। सुरक्षा, विकास और सार्वभौमत्व की इन समस्याओं के कारण चार दशक में देश के करीब 92 हजार नागरिक मारे गए।

गृहमंत्री ने इसके अलावा संगठित अपराध, ड्रग कारोबार और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन पर भी अपनी मंत्रालय की ओर से किए कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ काम कर रही है। पूर्वोत्तर की समस्याओं को हम समाप्त करने के कगार पर हैं। इसके अलावा भारत 6 महीने में स्वदेशी एंटी ड्रोन मॉडल तैयार कर लेगा। देश 2014 से पहले आपदा प्रबंधन राहत केंद्रित था, अब बचाव केंद्रित दृष्टिकोण के साथ हम आगे आए हैं और इस देश में गत वर्ष में दो आपदाएं आई हैं, जिसमें जीरो मानव जीवन का नुकसान हुआ है। जम्मू-कश्मीर को लेकर विपक्ष पर निशाना साधते हुए गृहमंत्री ने कहा कि काला चश्मा पहनने वालों को जम्मू कश्मीर में विकास नहीं दिखाई दे रहा। जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटाकर वहां के विकास प्रयासों को बढ़ाया गया है। आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि दुनिया में केवल दो देश अमेरिका और इज़राइल अपनी सुरक्षा और सीमाओं के लिए स्टैंड लेते थे, उरी और पुलवामा के मामले में भारत ने भी यही किया। उन्होंने कहा, हिसाब मांगते हैं कि क्या हुआ 370 हटाने का परिणाम? साहब, हिसाब तो उनको दिया जाता है, नजारा तो उनको दिखाया जाता है, जिनकी नजरें साफ हों। जो काला चश्मा पहन कर, आंखें मूंद कर बैठे हैं, उनको विकास नहीं दिखा सकते हैं। अरे भाई, जिनकी नजर में आतंकवादी है, तो आपको सपने में भी आएगा और आपको ● शेष पेज 11 पर

# यूपी के 14 प्रमुख राही पर्यटक आवास गृहों को लीज पर देने की तैयारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ संचालन व प्रबंधन के लिए 15 साल के लिए लीज पर देगी योगी सरकार आगरा

❒ सीकरी, बिठूर, गाजीपुर, झांसी, बरेली सहित कई अन्य शामिल

लखनऊ। प्रदेश में पर्यटकों की बढ़ती आमद के बीच उन्हें बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रदेश के राही पर्यटक आवास गृहों के संचालन को लेकर एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (यूपीएसटीडीसी) ने प्रदेश के 14 प्रमुख राही पर्यटक आवास गृहों को वैश्विक मानकों के अनुरूप संचालन सुनिश्चित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

यूपीएसटीडीसी की योजना के अंतर्गत आगरा, फतेहपुर सीकरी, कानपुर के बिठूर, गाजीपुर, नवाबगंज, झांसी, बरेली, बदायूं, दोहरीघाट, गढ़मुक्तेश्वर, कन्नौज, मीरजापुर, शाहजहांपुर व कानपुर देहात के रनिया स्थित राही पर्यटक आवास गृह, होटल प्रॉपर्टी व बंगलों का अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप संचालन सुनिश्चित करने को ऑपरेटर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो गई है। 14 राही पर्यटक आवास गृहों में 130 से अधिक कमरे व अन्य सुविधाएं पर्यटकों को उपलब्ध करायी जाएंगी।

आगरा में ताज महल के पूर्वी गेट के समीप स्थित राही टूरिस्ट ताज खेमा में 6 कमरे, रेस्तरां व लॉन जैसी सुविधाएं हैं। कानपुर के बिठूर स्थित नानाराव पेशवा स्मारक पार्क स्थित राही पर्यटक आवास गृह में 8 कमरों के अतिरिक्त रेस्तरां व लॉन है। गाजीपुर वाराणसी रोड स्थित छावनी लाइन, बरेली के गांधी उद्यान के समीप सिविल लाइंस, बदायूं के सिविल लाइंस तथा मऊ के दोहरीघाट में गोठा बजार स्थित पर्यटक आवास गृह में आठ कमरों, लॉन, रेस्तरां व कॉन्फ्रेंस हॉल जैसी सुविधाएं हैं। जबकि हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर चौराहा स्थित राही पर्यटक आवास गृह में 3, कन्नौज के मकरंद नगर स्थित पर्यटक आवास गृह में ● शेष पेज 11 पर

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बोर्ड में आलोक कुमार व ईशान प्रताप सिंह शामिल

लखनऊ। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नायल) बोर्ड में औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार व नागरिक उड्डयन विभाग के निदेशक ईशान प्रताप सिंह को भी शामिल किया गया है। ईशान प्रताप सिंह नायल के निदेशक होंगे। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नायल) की 22वीं बोर्ड बैठक यह निर्णय लिया गया। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड की इस बोर्ड बैठक में नोएडा इंटरनेशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट ज़ेवर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ0 अरुण वीर सिंह ने बोर्ड के समक्ष एजेंडा प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुतीकरण में मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा नवनियुक्त श्री आलोक कुमार प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास व श्री ईशान प्रताप सिंह निदेशक नागरिक उड्डयन विभाग को नायल के निदेशक के रूप में बोर्ड में शामिल करने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे बोर्ड द्वारा मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में सीईओ ग्रेटर नोएडा ● शेष पेज 11 पर

# 'भारत, अमेरिका की बीच परस्पर लाभकारी बीटीए के लिए बातचीत जारी'

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत पर पारस्परिक शुल्क लगाने की चेतावनी पर संयमित प्रतिक्रिया में आज कहा कि वह द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए रूपरेखा तैयार करने के लिए अमेरिका के साथ ह्लसक्रिय रूप से काम कर रहा है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां अपनी नियमित मीडिया ब्रीफिंग में श्री ट्रम्प के बयानों के बारे में पूछे जाने पर कहा, ह्लभारत और अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया में हैं। दोनों सरकारें बीटीए के लिए रूपरेखा तैयार करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही हैं, जिसका उद्देश्य व्यापार का विस्तार करना, बाजार पहुंच को बढ़ाना, शुल्कीय और गैर-शुल्कीय बाधाओं को कम करना और आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण को गहरा करना होगा।

श्री जायसवाल ने कहा, इस प्रयास में, हमारे वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (पीयूष गोयल) 3-7 मार्च तक अमेरिका के दौरे पर थे, जहां उन्होंने अमेरिकी वाणिज्य सचिव और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि से मुलाकात की। उन्होंने कहा, भारत सरकार पारस्परिक रूप से लाभकारी बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर पहुंचने के लिए विभिन्न स्तरों पर अमेरिकी प्रशासन के साथ बातचीत कर रही है। ब्रेइटबार्ट न्यूज़ को दिए गए एक साक्षात्कार में राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि भारत के साथ उनके बहुत अच्छे संबंध हैं, लेकिन 'नई दिल्ली दुनिया के सबसे ज़्यादा टैरिफ़ लगाने वाले देशों में से एक है' और वह 2 अप्रैल से भारत पर अपने पारस्परिक टैरिफ़ लगाने जा रहे हैं। व्हाइट हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 13 फ़रवरी को हुई द्विपक्षीय बैठक के बारे में पूछे जाने पर राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा था, ह्लभारत के साथ मेरे बहुत अच्छे संबंध हैं, लेकिन भारत के साथ मेरी एकमात्र समस्या यह है कि वे दुनिया के सबसे ज़्यादा शुल्क लगाने वाले देशों में से एक हैं। मुझे लगता है कि वे शायद उन शुल्कों को काफ़ी हद तक कम करने जा रहे हैं, लेकिन 2 अप्रैल को हम उनसे वही शुल्क वसूलेंगे जो वे हमसे वसूलते हैं।

### छात्र बदर खान सूरी या अमेरिकी सरकार ने अब तक संपर्क नहीं किया

नयी दिल्ली। फिलिस्तीनी आतंकी संगठन हमास के साथ कथित संबंधों को लेकर अमेरिकी आव्रजन अधिकारियों द्वारा भारतीय छात्र बदर खान सूरी को हिरासत में लिए जाने के रिपोर्टों पर विदेश मंत्रालय ने ● शेष पेज 11 पर

# दोष मुक्त हुए बाहुबली विधायक अभय सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



❒ दो जजों में बंट गया था फैसला, तीसरे न्यायाधीश ने दी बड़ी राहत

लखनऊ। यूपी के बाहुबली विधायक अभय सिंह को हाईकोर्ट से शुक्रवार को बड़ी राहत मिल गई। जानलेवा हमले में अभय सिंह को दोषमुक्त कर दिया गया। इससे पहले दो न्यायाधीशों की खंडपीठ का फैसला बंट गया था। एक न्यायाधीश ने अभय सिंह को दोषी बताया था और दूसरे ने दोष मुक्त कर दिया था। इसी के बाद मामला तीसरे न्यायाधीश के पास भेजा गया था। न्यायमूर्ति एआर मसूदी ने अभय सिंह को दोषी करार दिया था और न्यायमूर्ति अजय कुमार श्रीवास्तव प्रथम ने दोषमुक्ति के फैसले को बरकरार रखा था। फैसला बंट जाने से ही तीसरे जज न्यायमूर्ति राजन राय के पास मामला भेजा गया। राजन राय ने अभय सिंह को दोषमुक्त करारा दिया। इससे अभय सिंह के पक्ष में 2:1 के बहुमत से फैसला आया और राहत मिल गई है।

मामला अयोध्या के महाराजगंज थाने का है। अयोध्या में मुकदमा दर्ज कराते हुए वर्ष 2010 में विकास सिंह ने आरोप लगाया था कि उसके ऊपर अभय सिंह व उनके साथियों ने जानलेवा हमला किया। बाद में मामले की सुनवायी अम्बेडकर नगर कोर्ट में ट्रांसफर कर दी गई थी। 10 मई 2023 को अम्बेडकर नगर की कोर्ट ने अभय सिंह व अन्य आरोपियों को दोषमुक्त करते हुए बरी कर दिया। इसके खिलाफ विकास सिंह ने हाईकोर्ट में अपील दाखिल की थी। यहां दो न्यायाधीशों की खंडपीठ में मामले की सुनवाई चली थी। ● शेष पेज 11 पर

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में शुरू किया बॉटलिंग प्लांट, रोजगार सृजन पर दिया जोर

# अयोध्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ बन रही आजीविका का भी आधार: योगी

एजेंसी



❒ संस्कृति का संवर्धन हमारी समृद्धि का आधार बन रहा, महाकुम्भ ने दिखाई है इसकी झलक

अयोध्या। अयोध्या दौरे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शीतल पेय बॉटलिंग प्लांट का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और दुनिया से आने वाले श्रद्धालु अयोध्या को देखने के लिए उत्सुक हैं। आज भी यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। यह केवल आस्था नहीं है, बल्कि आजीविका का भी आधार बन रही है। यह विरासत विकास का आधार बन रही है। यह संस्कृति का संवर्धन हमारी समृद्धि का आधार बन रहा है। महाकुम्भ प्रयागराज ने आपके सामने उसकी एक झलक दिखाई है और इस सामर्थ्य को हमें और अधिक सुविधाओं से युक्त करके नए-नए रोजगार के सृजन की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने प्लांट की विजिट भी की और पूरे प्रांगण का अवलोकन किया। उन्होंने मशीनों की आरती उतारकर बटन दबाकर उन्हें स्टार्ट किया। प्लांट के संचालकों की ओर से मुख्यमंत्री को बॉटलिंग प्लांट की कार्यक्षमता, उसकी प्रक्रिया और अन्य जरूरी जानकारियां उपलब्ध कराई गईं। यही नहीं, मुख्यमंत्री ने प्लांट के प्रागण में पौधरोपण भी किया और वहां स्थित मंदिर में पूजा-अर्चना भी की।

मुख्यमंत्री ने अयोध्या में अमृत बॉटलर्स प्रा. लि. को बॉटलिंग प्लांट के लिए किए गए निवेश पर बधाई देते हुए कहा कि यह महत्वपूर्ण बात है कि 1983 में एक बहुत छोटे से कोल्ड स्टोरेज से जो शुरुआत हुई थी ,आज वह एक अत्याधुनिक प्लांट के रूप में उत्तर भारत को शीतल पेय उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण केंद्र बन चुका है। विकास की यात्रा इसी प्रकार से आगे बढ़ती है। 1983 में लधानी जी ने जब इस कार्य को आगे बढ़ाया होगा, उस समय उन्होंने भी नहीं सोचा होगा कि यहां पर कभी इंटरनेशनल एयरपोर्ट होगा। आज महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट यहां पर है, फोरलेन कनेक्टिविटी है। स्वाभाविक रूप से एयर और रोड की यहां बेहतरीन कनेक्टिविटी हो ● शेष पेज 11 पर

### योगी ने अयोध्या में 1,148 युवा उद्यमियों को वितरित किए 47 करोड़ का ऋण

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को श्री अयोध्या धाम के श्री राम कथा पार्क में आयोजित एक भव्य समारोह में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के तहत अयोध्या मंडल के 1,148 युवा उद्यमियों को 47 करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया। इस दौरान उन्होंने युवा उद्यमियों के स्टार्टअप की प्रदर्शनी का उद्घाटन और अवलोकन भी किया। अयोध्या मंडल से आए युवाओं को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम युवा अयोध्या मंडल को आत्मनिर्भर बनाने में योगदान देगा, जो आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश और आत्मनिर्भर भारत का आधार बनेगा। उन्होंने युवाओं से धैर्य और निष्ठा के साथ अपने उद्यम को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री योगी ने अयोध्या मंडल के युवा उद्यमियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान उनके आर्थिक स्वावलंबन का संबल बनेगा। उन्होंने 1,148 युवाओं को 47 करोड़ रुपये का ऋण वितरित करते हुए कहा कि यह ब्याज मुक्त ऋण है। अगर आप समय पर मूलधन चुकाते हैं, तो ब्याज सरकार वहन करेगी। उन्होंने बताया कि फरवरी 2024 के बजट में इस योजना की घोषणा हुई थी और 24 जनवरी 2025 को पोर्टल लॉन्च के साथ इसे शुरू किया गया। दो महीने में 1 लाख युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य था, लेकिन 3 लाख से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। 1,27,000 फॉर्म स्क्रीनिंग के बाद बैंकों को भेजे गए, जिनमें 32,000 को ऋण स्वीकृत हो चुका है। सीएम ने कहा कि आगामी 25, 26 और 27 मार्च को हर जनपद में विशेष मेले आयोजित होंगे, जहां और युवाओं को इस योजना से जोड़ा जाएगा। उन्होंने प्रदर्शनी में युवाओं के स्टार्टअप की सराहना करते हुए कहा कि कोई चिप्स बना रहा है, कोई गुड़-मेवे का उत्पाद बना रहा है तो कोई भगवान के वस्त्र सिल रहा है। सीएम योगी ने कहा कि अगर कार्य करने की इच्छाशक्ति हो, तो प्रदेश में अवसरों की कमी नहीं है। सीएम योगी ने अयोध्या के बदलते स्वरूप की चर्चा करते हुए कहा कि 2016-17 में पूरे साल में 2.34 से 2.50 लाख श्रद्धालु आते थे, लेकिन ● शेष पेज 11 पर

# देश की आर्थिक व्यवस्था में खनिज क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान : मुख्य सचिव

## 'प्रदेश में नीलामी योग्य प्रमुख खनिज ब्लॉक एवं अन्वेषण संभावना' विषयक कार्यशाला का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की 'प्रदेश में नीलामी योग्य प्रमुख खनिज ब्लॉक एवं अन्वेषण संभावना' विषयक कार्यशाला में प्रतिभाग किया। मुख्य सचिव ने सोनभद्र जिले में लौह अयस्क के दो ब्लाक एवं लाईमस्टोन के एक ब्लॉक समेत कुल तीन ब्लॉक की नोटिस इन्वाइटिंग टेंडर (एनआईटी) को लांच किया।

मुख्य सचिव ने अपने संबोधन में कहा कि देश की आर्थिक व्यवस्था में खनिज क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रदेश में उपलब्ध खनिज संपदा को विधिवत और वैज्ञानिक तरीके से अन्वेषण और दोहन करने की जरूरत है, इससे प्रदेश को आय का अच्छा स्रोत मिल सकता है और इसका




प्रभाव निर्माण उद्योग (कंसट्रक्शन इंडस्ट्री) पर भी पड़ेगा। उम्मीद कि आज की वर्कशाप से मेजर मिनरल्स में हमारी और सहभागिता बढ़ेगी। उन्होंने अपने अभिभाषण में अन्वेषण कार्य में लगीं सभी सरकारी व प्राइवेट एजेन्सियों को प्रदेश में खनिजों की खोज के लिए अधिक से अधिक कार्य किये जाने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने उद्यमियों को प्रदेश सरकार की उदार नीति के बारे में अवगत कराते हुए प्रदेश मे पूँजी निवेश कर उद्योग स्थापित किये जाने के लिए भी आमंत्रित किया।

कार्यशाला में सचिव, भूतत्व एवं खनिकर्म माला श्रीवास्तव ने विभाग की नीतियों आदि के बारे में विस्तृत रूप से बताया। उन्होंने विभिन्न अन्वेषण संस्थाओं को प्रदेश में मुख्य खनिज तथा उपखनिज का अन्वेषण कार्य किये जाने के लिए आमंत्रित किया। कार्यशाला में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, एम.ई.सी.एल., आई.बी.एम., एन.एम.ई.टी., विभिन्न प्राइवेट अन्वेषण संस्थाओं ने प्रदेश में खनिजों के अन्वेषण के सम्बन्ध में प्रस्तुतीकरण व विचार-विमर्श किया।

कार्यशाला में एम.ई.सी.एल. से इन्द्र देव नारायण सिंह, जी.एस.आई. से वी.पी. गौर, आई.बी.एम. से सुदीप रंजन मजुमदार, एन.एम.ई.टी. से सेबाब्राता दास, अपर निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म नवीन कुमार दास, यू.पी.आर.सेक से अनिरूद्ध उनियाल, विश्वविद्यालय से भूविज्ञान विधा के विभागाध्यक्ष ध्रुवसेन सिंह, मुख्य खनिज के ब्लाक धारक संतोष शुक्ला, शशिशेखर रे व अभिजीत आदि तथा उद्यमियों मेसर्स अल्ट्राटेक, अडानी ग्रुप, फोमेन्टो रिर्सोसेज, एचएसएम कॉमर्स प्रा.लि., आरएचएसएम, लीलाकृष्णा प्रा.लि., कुन्दन केयर प्रोडक्ट्स लि., मामको प्रा. लि.ने प्रतिभाग किया।

# योगी ने हनुमानगढ़ी व राम लला का किया दर्शन पूजन

एजेंसी

अयोध्या । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचे। उन्होंने श्री राम जन्मभूमि मंदिर, हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन किया। वह लगभग पांच घंटे तक रामनगरी में रहेंगे। दर्शन-पूजन के बाद मुख्यमंत्री विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। अयोध्या के विकास के साथ-साथ रामनवमी की तैयारियों को लेकर अफसरों के साथ मंथन करेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले हनुमानगढ़ी, फिर श्रीरामलला का दर्शन पूजन किया। इसके उपरांत राजसदन में लिटरेचर फ़ेस्टिवल में शामिल होंगे। रामकथा पार्क में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत संयुक्त क्रेडिट कार्ड कैम्प में शामिल होकर प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। यहां से आयुक्त कार्यालय सभागार पहुंचकर समीक्षा बैठक करेंगे। प्रयागराज मार्ग स्थित लधानी ग्रुप ऑफ कम्पनीज के बॉटलिंग प्लांट का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से लखनऊ प्रस्थान कर जाएंगे।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत रामकथा पार्क में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अयोध्या मंडल के 1100 से अधिक पात्रों को लगभग 50 करोड़ का ब्याज मुक्त ऋण प्रदान करेंगे। दरअसल युवाओं को उद्यम की तरफ उन्मुख कर उन्हें स्वावलंबी और रोजगार प्रदाता बनाने की मुख्यमंत्री की यह दूरदर्शी व महत्वाकांक्षी योजना है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अधिकारियों के साथ रामनवमी मेले में देश के कोने-कोने से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर बैठक करेंगे। इसकी तैयारी आदि को लेकर दिशा-निर्देश देंगे। रामलला की प्रतिष्ठा के बाद यह दूसरी रामनवमी होगी जिसमें भगवान श्री रामलला के ललाट पर भगवान सूर्य की किरणें पड़ेंगी।

# सत्ता संरक्षण में लूट का गिरोह चल रहा है : अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। सत्ता संरक्षण में वसूली और लूट का पूरा गिरोह चल रहा है और हर विभाग में लूट मची है।

उन्होने कहा कि इस वसूली और भ्रष्टाचार में सरकार के मुख्य लोगों और कई अफसरों की भी सांठगांठ है। उत्तर प्रदेश में ईज आफ डूईंग बिजनेस का यही सच है। श्री यादव ने कहा कि औद्योगिक विकास और निवेश के नाम पर संगठित भ्रष्टाचार हो रहा है। खुले आम कमीशनखोरी चल रही है। जब वसूली का खुलासा हो गया तो निलंबन का नाटक रचा जा रहा है। इस भ्रष्टाचार का अंतिम पड़ाव अधिकारी नहीं कोई और है। इस खेल में बड़े-बड़े शामिल हैं। उन्होने कहा कि जब बंटवारा सही नहीं हो पाता तो मामला उजागर होता है। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार की जड़ें गहराई तक जम चुकी है। इन्वेस्ट यूपी से लेकर थाने, तहसील तक फैले भ्रष्टाचार से आम जनता त्रस्त है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा के नेता और पदाधिकारी स्वयं स्वीकार करते है कि उन्होंने इतना भ्रष्टाचार पहले कभी नहीं देखा। भाजपा सरकार में एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं से लेकर सड़को के निर्माणकार्यों तक में हर जगह लूट हो रही है। बुन्देलखंड एक्सप्रेस-वे उद्घाटन के कुछ दिन पहले ही धंस और उखड़ गया। उन्होने कहा कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे का बजट बढ़ता चला गया। उसमें गोरखधंधा अभी भी चल रहा है। निवेश के नाम पर फर्जी कम्पनियों से निवेश की जानकारियां लगातार सामने आ रही है। कम्पनियों के निवेश में कमीशनखोरी और लूट का यह जो खेल सामने आया है यही भाजपा सरकार का असली चरित्र है।

## बसपा में भाईचार कमेटियां बनाने की प्रक्रिया शुरू

लखनऊ। बसपा मुखिया मायावती ने लंबे अर्से बाद एक बार फिर संगठन में भाई चारा कमेटी की व्यवस्था शुरू की है। हर जिले में भाईचारा कमेटियां गठित होंगी। यह कमेटियां समाज के विभिन्न वर्गों में पार्टी का आधार बढ़ाने का काम करेंगी। साथ ही बसपा ने लखनऊ मंडल जोन के जिलाध्यक्ष बना दिए हैं। लखनऊ में शैलेंद्र गौतम, रायबरेली में राजेश कुमार फौजी, उन्नाव में दिनेश गौतम, हरदोई में सुरेश चौधरी, लखीमपुर खीरी में विपिन कुमार गौतम व सीतापुर में विकास राजवंशी को अध्यक्ष बनाया गया है।

लखनऊ महानगर में सरवर मलिक को सलाहकार, शान जमशेद खान को महानगर अध्यक्ष, शिवकुमार दोहरे को महानगर महासचिव, दुर्गेश कुमार वाल्मीकि को महानगर सचिव व हसीब अली को महानगर संगठन बनाया गया है। महानगर खंजाची पर किशन लाल गौतम को जिम्मेदारी दी गई है। लखनऊ में जिला भाईचारा संगठन के संयोजक राकेश कुमार गौतम व व विनय कश्यप बनाए गए हैं।

# सरकार के आठ साल : शिक्षा का हुआ कायाकल्प, मिशन लेकर आगे बढ़ी सरकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**पीएम श्री योजना से 1,565 स्कूल हुए पूरी तरह हाई-टेक, 6,481 का हुआ पुनर्निर्माण**

**युवाओं को दी गई डिजिटल ताकत, 50 लाख युवाओं को वितरित किए गए स्मार्टफोन और टैबलेट**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार ने अपने आठ साल के कार्यकाल में शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव किए हैं। 2017 में सत्ता संभालने के बाद से प्राइमरी से लेकर उच्च शिक्षा तक को गुणवत्तापरक बनाने के लिए कई ठोस कदम उठाए गए। स्कूलों की बदहाल स्थिति को सुधारने से लेकर नए विश्वविद्यालयों की स्थापना तक, सरकार ने शिक्षा को सशक्त और समावेशी बनाने का संकल्प पूरा किया। योगी सरकार के 8 सालों में शिक्षा सिर्फ सुविधा नहीं, बल्कि एक मिशन बन गई है। ऑपरेशन कायाकल्प से लेकर विश्वविद्यालयों की स्थापना तक, हर कदम बच्चों और युवाओं को वैश्विक मंच पर तैयार करने की दिशा में उठाया गया है। यह बदलाव न केवल शिक्षा का स्तर ऊंचा कर रहा है, बल्कि उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का मार्ग भी प्रशस्त कर रहा है।

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के अनुसार 2017 में बच्चों के पास यूनिफॉर्म, जूते और बैग तक नहीं थे। योगी सरकार ने ऑपरेशन कायाकल्प के तहत बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों का कायाकल्प किया। उन्हें आधुनिक सुविधाओं से जोड़ा गया। इसका नतीजा सबके सामने है। आज 1.91 करोड़ बच्चों को दो यूनिफॉर्म, स्वेटर, जूते, बैग, साथ ही स्कूलों में स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी, टॉयलेट और पेयजल की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। हर साल अभिभावकों के खातों में सीधे धनराशि भेजी जा रही है। पीएम श्री योजना के तहत 1,565 विद्यालयों में आधुनिक सुविधाएं दी जा रही हैं। 6,481 स्कूलों को नए सिरे से बनाया जा रहा है, ताकि बच्चों को बेहतर माहौल मिले। 57 कंपोजिट विद्यालयों के लिए बजट स्वीकृत किया गया है, जो प्री-प्राइमरी से 12वीं तक एक ही कैंपस में शिक्षा देंगे।

कस्तूरबा गांधी विद्यालय के तहत गरीब बालिकाओं के लिए 8वीं तक सीमित इन स्कूलों को 12वीं तक विस्तारित किया गया। वंटागिया गांवों में शिक्षा के प्रसार के लिए 22 प्राथमिक और 11 उच्च प्राथमिक विद्यालयों का निर्माण, ग्रामीण बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ा गया। अटल आवासीय विद्यालयों के अंतर्गत इंटीग्रेटेड कैंपस के साथ बच्चों को बेहतर शिक्षा का अवसर प्रदान किया गया। सहारनपुर, अलीगढ़, आजमगढ़, मीरजापुर, देवीपाटन और मुरादाबाद में नए विश्वविद्यालयों की स्थापना की गई, जिसमें से तीन शुरू हो चुके हैं। 150 आईटीआई में एआई, 3डी प्रिंटिंग, ड्रोन और रोबोटिक्स जैसे न्यू एज कोर्स शुरू किये गये। साथ ही 62 नए आईटीआई का भी निर्माण किया गया। यही नहीं, संस्कृत शिक्षा को भी बढ़ावा दिया गया, जिसके अंतर्गत पहली बार पूर्वा से आचार्य स्तर तक छात्रवृत्ति शुरू की गयी, विश्वविद्यालयों को मान्यता प्रदान की गयी। डिजिटल क्रांति के तहत योगी सरकार ने 2 करोड़ युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट देने का लक्ष्य रखा और 50 लाख को वितरित भी कर दिया। युवाओं में अनुशासन और देशभक्ति के लिए अकादमी और स्कूलों का निर्माण तेज गति से किया जा रहा है। ब्लॉक और न्याय पंचायत स्तर तक कंपोजिट स्कूलों का विस्तार किया गया है और एक नया एजुकेशन हब बनाने की तैयारी है।

# मुख्यमंत्री योगी के हाथों ऋण पाकर खिले युवा उद्यमियों के चेहरे

एजेंसी

- ❒ सीएम योगी ने अयोध्या मंडल के 1,148 युवा उद्यमियों को किया ऋण वितरित
- ❒ ओडीओपी लाभार्थियों को सीएम योगी ने किया टूलकिट का वितरण
- ❒ ब्याजमुक्त ऋण पाकर गदगद युवा उद्यमियों ने जताया योगी का आभार
- ❒ बोले- एकमात्र सरकार जो युवाओं के भविष्य को संवारने का काम कर रही है

अयोध्या। राम कथा पार्क में शुक्रवार को अपना व्यवसाय शुरू करने वाले युवाओं के चेहरे पर एक नई उम्मीद की किरण दिखाई दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या मंडल के 1,148 युवा उद्यमियों को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के तहत 47 करोड़ रुपये के ब्याजमुक्त ऋण वितरित किए। इस दौरान सीएम ने एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के लाभार्थियों को टूलकिट भी वितरित की, ताकि वे अपने हुनर को निखार सकें। ऋण पाकर युवा उद्यमियों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने योगी सरकार की इस पहल की जमकर सराहना की। अयोध्या, अमेठी, सुल्तानपुर, अंबेडकर नगर और बाराबंकी से आए युवाओं ने इसे स्वावलंबन की दिशा में एक बड़ा कदम बताया।

ब्याजमुक्त ऋण और टूलकिट पाकर युवा उद्यमियों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। अयोध्या की युवा उद्यमी ऊषा देवी को 4 लाख रुपये का ऋण मिला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी जिस तरह युवाओं का ध्यान रख रहे हैं, उसका बखान शब्दों में नहीं किया जा सकता। इस ऋण से मैं अपना स्वरोजगार शुरू करूंगी और आत्मनिर्भर बनूंगी। वहीं 5 लाख रुपये का ऋण पाकर अमेठी के धर्मेंद्र सरोज ने योगी सरकार के प्रति अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि अब मेरी खुद की पैथोलॉजी होगी। योगी सरकार देश की एकमात्र सरकार है, जो युवाओं के भविष्य को संवारने में लगी है।




सुल्तानपुर के केएनआई के पास रहने वाले दिलीप को ओडीओपी के तहत टूलकिट मिला। उन्होंने कहा कि मैंने वेल्डिंग के काम का प्रशिक्षण लिया है। अब टूलकिट मिल गया है इससे मैं अपना काम शुरू करूंगा। यह टूलकिट मेरे व्यवसाय को नई दिशा देगा। वहीं सुल्तानपुर के बगिया चौराहा निवासी अतुल वर्मा को 5.60 लाख रुपये का ऋण मिला। उन्होंने बताया कि मैं डीजे और साउंड सर्विस का काम करूंगा। पहले दो बार लोन के लिए अप्लाई किया, लेकिन नहीं मिला। योगी सरकार की इस योजना ने मेरे सपनों को सच कर दिया। कार्यक्रम में मौजूद युवा उद्यमियों ने योगी सरकार की इस पहल को ऐतिहासिक बताया। राम कथा पार्क में आयोजित इस समारोह में मौजूद युवा उद्यियों में उत्साह देखने को मिला। युवाओं ने कहा कि योगी सरकार की यह पहल न केवल उन्हें आत्मनिर्भर बनाएगी, बल्कि वे दूसरों के लिए भी रोजगार के अवसर पैदा करेंगे।

## खुले में शौच प्रथा का हो पूरी तरह खात्मा: डिंपल

मैनपुरी। मैनपुरी में समाजवादी पार्टी (सपा) सांसद डिम्पल यादव ने सरकार की योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि खुले में शौच प्रथा पूरी तरह से समाप्त हो और कोई भी खुले में शौच न जाये।

उन्होने कहा कि सफाई कर्मियों को किसी कार्यालय में सम्बद्ध न किया जाए सभी सफाई कर्मी तैनाती वाले ग्रामों में प्रतिदिन जाकर सफाई कार्य करें। उन्होंने कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, विद्युत बिलिंग की व्यवस्था सुधारी जाए, हाईटेंशन विद्युत से होने वाले हादसों को रोकने, विद्युत पोल में करंट की समस्या, ढीले तार प्राथमिकता पर ठीक कराये जायें। किसानों को समय से यूरिया, डीएपी, सिंचाई के लिये पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाये, किसानों की उपज का सामान निर्धारित एम.एस.पी. पर क्रय केन्द्रों पर आसानी से क्रय किया जाये, आकस्मिक दुर्घटना, निराश्रित पशु के हमलों में मृतकों के परिजनों को कृषक दुर्घटना बीमा में लाभान्वित कराया जाये, जिन ग्रामों में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्य पूर्ण हो चुके हैं।

## गोवा सरकार अयोध्या में बनाएगी गोवा राम निवास

लखनऊ/पणजी। गोवा सरकार अयोध्या में गोवा राम निवास बनाएगी। इसके लिए भूमि अधिग्रहण की घोषणा भी की है। यह विशेष रूप से गोवा के श्रद्धालुओं के लिए समर्पित होगा जिससे श्रीरामलला विराजमान के दर्शन और आध्यात्मिक यात्रा में श्रद्धालुओं को काफी सहूलियत मिलेगी। गोवा सरकार ने इस ऐतिहासिक परियोजना को साकार करने में सहयोग देने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद का आभार व्यक्त किया है। गोवा राम निवास श्रद्धालुओं के लिए एक सुनिश्चित और पवित्र स्थान होगा, जहां वे आध्यात्मिक शांति का अनुभव कर सकेंगे। गोवा को परशुराम भूमि कहा जाता है। इसका अयोध्या की राम जन्मभूमि से गहरा आध्यात्मिक संबंध है। यह परियोजना दोनों स्थानों के सांस्कृतिक व आध्यात्मिक रिश्तों को और प्रगाढ़ करेगी तथा देशभर के श्रद्धालुओं को एक साथ जोड़ने का कार्य करेगी। गोवा राम निवास के निर्माण कार्य को जल्द शुरू करने की तैयारी है। जिससे अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को एक पवित्र, शांतिपूर्ण और सुविधाजनक स्थान मिल सके। इस परियोजना को उच्च गुणवत्ता वाली आधुनिक सुविधाओं के साथ विकसित किया जाएगा। जिससे यह श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बन सके।

## गाजीपुर में दो युवकों की गोली मारकर हत्या

गाजीपुर। उत्तर प्रदेश में गाजीपुर जिले के खानपुर क्षेत्र में शुक्रवार सुबह दो युवकों का शव गांव के बाहर एक बगीचे में पाया गया। दोनो की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस के अनुसार खानपुर के उचौरी गांव में दो युवकों की गोली मारकर हत?या कर दी गई। जिनका शव गांव के बाहर एक बगीचे में मिला। मृतकों की पहचान अमन चौहान (18) और अनुराग सिंह (29) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर भारी पुलिस बल पहुंच गया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। हालांकि प्रारंभिक जांच में आपसी रंजिश का मामला सामने आ रहा है. फिलहाल, क्षेत्र में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। परिजनों के अनुसार दोनों युवक रात में अपने-अपने घर सोए थे। सुबह दैनिक दिनचर्या के बाद सब कुछ सामान्य था। संभवतः किसी समय अज्ञातों द्वारा बुलाकर उन दोनों की हत्या कर दी गई है।

# जिला पंचायत निधि सें बनी सड़क, दो दिन में उखड़ी

- ❒ जनसुनवाई पोर्टल के जरिये जिला पंचायत में दर्ज हुआ शिकायत
- ❒ मानक के अनुसार नहीं बनवाया गया काली सड़क

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। जमुनापार प्रयागराज विकास खंड कोरांव के बड़ोखर (दुबहा) मोहल्ला के रहने वाले भूपेंद्र तिवारी पुत्र दया शंकर तिवारी आरोप लगाते हुये जनसुनवाई पोर्टल के जरिये जिला पंचायत मे शिकायत दर्ज कराया है की जिला पंचायत निधि सें लाल जी शुक्ल के घर सें लेकर सूर्य कांत तिवारी उर्फ़ श्री वकील के घर 6 मार्च 2025 कों काली सड़क एक ठीकेदार द्वारा बिना मानक का ही मनमानी तरिके सें बनवा कर खानापूर्ति कर दिया गया जिससे काली सड़क दो दीन मे ही उखड़ गया जिससे स्थानीय लोगो मे काफी आक्रोश ब्याप्त है शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है यह सड़क बनने के लिए काफी समय पहले ही जिला पंचायत निधि सें बजट आया था लेकीन आपस मे मिलजुलकर धन का बंदर बाट कर लिया गया था यह तो खानापूर्ति अपने बचाव के लिए बिना मानक का सड़क बनवा कर अपना अपना पल्ला झाड लिया गया फिलहाल शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री सीएम हेल्फलाईन, जन सुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुये सड़क कों पुनः सें मानक के अनुसार बनवाने व जिम्मेदारी ठीकेदार जेई के विरुद्ध जांच कार्रवाही की माँग किया है इस मामले मे जेई सुनील सिंह सें संपर्क किया गया लेकिन फोन बंद रहा।

# बी-पैक्स इकाइयों की क्रेडिट लिमिट 10 लाख से बढ़ाकर 15 लाख होगी : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी सहकारी बैंकों की 61 वीं वार्षिक बैठक में बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समितियों की क्रेडिट लिमिट 10 लाख से बढ़ाकर 15 लाख करने की घोषणा की, जिससे किसानों को अधिक वित्तीय सहायता मिल सके।

इसके साथ ही बलरामपुर जिले में सहकारी बैंकिंग को शुरू करने की उद्घोषणा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सहकारिता को प्रदेश की अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव बताते हुए ये बातें इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि सहकारी बैंक किसान, युवा उद्यमियों और एमएसएमई की आर्थिक तरक्की की रीढ़ हैं।

योगी ने सहकारी बैंकों से आह्वान किया कि वे युवा उद्यमियों को अधिक से अधिक अपने साथ जोड़ें। उन्होंने बताया कि सीएम युवा उद्यमी योजना के तहत 32 हजार से अधिक युवाओं को जोड़ा गया है। सहकारी बैंकों को भी इस योजना से लाभार्थियों को जोड़कर उनकी आर्थिक प्रगति में योगदान देना चाहिए। उन्होने सहकारी बैंकों की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि 2017 में उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंकों का सीडी रेशियो 44 प्रतिशत था, जो वर्तमान में बढ़कर 61 प्रतिशत हो गया है। साथ ही इन बैंकों का शुद्ध लाभ 100 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। यह सरकार की पारदर्शी नीतियों और बेहतर प्रबंधन का परिणाम है।

योगी ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों में सहकारिता व्यक्तिगत स्वार्थ का अड्डा बन गई थी। इससे किसान परेशान थे और 16 बैंकों के लाइसेंस जब्त कर लिए गए। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सहकारिता को नया जीवन दिया और इसके लिए अलग मंत्रालय की स्थापना की। आज 50 में से 49 सहकारी बैंक लाभ में हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि बी पैक्स और सहकारिता के माध्यम से फर्टिलाइजर की जरूरतें पूरी करेगी और ब्लैक मार्केटिंग पर सख्ती से रोक लगाएगी। इससे किसानों को उर्वरक उचित दामों पर मिलेगा और आपूर्ति सुचारू होगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने युवा उद्यमी विकास योजना के लाभार्थियों को चेक वितरित किए और जिला सहकारी बैंकों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संचालकों को सम्मानित किया। योगी ने सहकारी बैंकों को सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से बैंक फ्रॉड से बचाव पर आधारित पत्रिका का विमोचन भी किया। यूपी कोऑपरेटिव बैंक की 61वीं वार्षिक सामान्य निकाय बैठक में संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सहकारिता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी और सहकारी बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से संबंधित सूचना।


| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
|---|---|
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 22178-22177-VP-1-BSB-CSMT-25-4 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.03.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 04.04.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 04.04.2025 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12231-SLR-F2-LKO-CDG-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.03.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 04.04.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 04.04.2025 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14260-SLR-F2-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.03.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 04.04.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 04.04.2025 at 12:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12184-SLR-R1-MBDP-BPL-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.03.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 04.04.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 04.04.2025 at 13:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14235-SLR-R1-BSB-BE-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.03.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 04.04.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 04.04.2025 at 13:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12237-SLR-F1-BSB-JAT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.03.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 04.04.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 04.04.2025 at 13:20 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

873/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# ज़ोन 7 के अधिकारी लगा रहे एलडीए की साख पर बट्टा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण शहर में अवैध निर्माण और प्लॉटिंग के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहा है। एलडीए ने हाल के वर्षों में नियमों का उल्लंघन करने वाले बिल्डरों, डेवलपर्स और व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं जिसके चलते अनगिनत अवैध निर्माणों को सील किया गया और कई निर्माणों को ध्वस्त भी किया गया। किन्तु लखनऊ विकास प्राधिकरण के अवैध निर्माणों को रोके जाने के दावों के बीच लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन ज़ोन 7 में होने वाले अवैध निर्माण पर ज़ोन 7 के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कार्यवाही करना तो दूर बल्कि कार्यवाही के संबंध में पूछने पर जिम्मेदार अधिकारी टालमटोल कर अपना पल्ला झाड़ते नज़र आते हैं। अपने उच्च अधिकारियों को गुमराह करने वाले यह अधिकारी पत्रकारों के सवालों से बचने के लिए तरह तरह के बहाने कर फोन काट देते हैं। ज़ोन 7 में तैनात सहायक अभियंता अमरीश कुमार त्यागी से बाज़ार खाला थाना क्षेत्र में बाज़ार खाला कोतवाली से चंद क़दमो की दूरी पर अवैध रूप से होने वाले एक निर्माण पर अब तक क्या कार्यवाही हुई यह जानकारी लेने के लिए जब संवाददाता द्वारा फ़ोन किया गया तो सहायक अभियंता अमरीश कुमार त्यागी ने यह कहते हुए फोन काट दिया कि मैं पहले प्रकरण के बारे में जानकारी इकट्ठा कर लूं फिर आपको बताता हूं किंतु दोबारा ना तो सहायक अभियंता का फोन आया और ना ही संवाददाता के द्वारा कई बार फोन करने पर उनके द्वारा फोन ही उठाया गया। लखनऊ विकास प्राधिकरण के मानकों को ताख़ पर रखकर किये जा रहे इस अवैध निर्माण की शिकायत स्थानीय निवासी मोहम्मद अय्यूब द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव तथा मंडला आयुक्त व जिलाधिकारी से लेकर लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष से की गई है, शिकायतकर्ता मोहम्मद अय्यूब ने अपने पत्र में इस जमीन को नजूल की भूमि होना बताया है किंतु तमाम आला अधिकारियों की जानकारी में होने के बावजूद भी ये निर्माण लगातार युद्ध स्तर पर जारी है। संबंधित सहायक अभियंता व अवर अभियंता भी इस निर्माण को खुली छूट दिये हुए हैं जिससे की लखनऊ विकास प्राधिकरण की साख पर बट्टा लग रहा है। प्राधिकरण के संबंधित सहायक अभियंता व अवर अभियंता की इस अवैध निर्माण को लेकर जो ख़ामोशी है वह यह दर्शाती है की निर्माणकर्ता से इनकी गहरी सांठगांठ है और अपना लाभ उठाने के लिए यह लोग अवैध निर्माण पर खामोशी अख्तियार किए हुए हैं। ऐसे में प्राधिकरण के उच्च अधिकारियों को चाहिए है की ज़ोन 7 में तैनात अधिकारियों की जवाबदेही तय करने के लिए नियमित ऑडिट और जाँच करवाए जिससे क्षेत्र में उनके द्वारा की जा रही मनमानी पर रोक लगाई जा सके और आम जनता का प्रशासन पर भरोसा कायम रहे।

# पीएम श्री विद्यालय में मां–बेटी मेले का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। गोसाईंगंज के पीएम श्री विद्यालय पहाड़ नगर विद्यालय में मां बेटी मेले का शुक्रवार को आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंडलीय शिक्षा निदेशक श्याम किशोर तिवारी, विशिष्ट अतिथि दिनेश सिंह पूर्व कमिश्नर चित्रकूट मंडल के अतिरिक्त बी ई ओ मुख्यालय राजेश सिंह, जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) अवधेश शुक्ला, खंड शिक्षा अधिकारी गोसाईगंज रामराज जी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में बच्चों ने अपने रंगारंग कार्यक्रमों से सबका मन मोह लिया, इसके अतिरिक्त मेले में विभिन्न प्रकार के खाने पीने व खेलकूद व टी एल एम के स्टाल लगाये गए।

उक्त अवसर अतिथियों ने अपने उद्‌बोधन में अभिभावकों से प्रतिदिन बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए की अपील की,और कहा कि यदि अभिभावक एवं शिक्षक दोनों समन्वित रूप से कार्य करेंगे तो छात्रों को उन्नति के पथ पर अग्रसर होने से कोई रोक नहीं सकता है। उक्त कार्यक्रम में बच्चों और अभिभावकों के अतिरिक्त एजाज अहमद, नीरज साहू मोहिंदर पांडे, प्रभात कुमार आदेश सिंह, ज्योति सिंह, लक्ष्मी सिंह, बृजेश कुमार मौर्य, धर्मेंद्र सिंह, सुनीता तिवारी के अतिरिक्त बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय के सभी शिक्षक अनुदेशक / शिक्षा मित्र उपस्थित रहें। कार्यक्रम के अंत में विनोद राय प्रधान अध्यापक ने सभी अतिथियों का कार्य क्रम में शामिल होकर कार्य क्रम की शोभा बढ़ाने के लिए आभार व्यक्त किया ।

## प्रदेश सरकार की उपलब्धियों की प्रदर्शनी लगायेगा पर्यटन एवं संस्कृति विभाग

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सभी जिलों में 25, 26 एवं 27 मार्च को पर्यटन विभाग की ओर से प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जिलों में कई अन्य कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। इसके लिए महानिदेशक पर्यटन की ओर से सभी क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारियों को पत्र जारी कर दिया गया है। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि 25 मार्च को प्रदर्शनी पंडाल का निर्माण करते हुए जिले के प्रतिनिधि एवं अधिकारी कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान पर्यटन विभाग की तैयार टीवीसी फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। पर्यटन विभाग की उपलब्धियों एवं गंतव्यों पर आधारित साहित्य का वितरण होगा। पर्यटन मंत्री ने बताया कि युवा पर्यटन क्लब के विद्यार्थियों को आमंत्रित कर पर्यटन पर आधारित प्रतियोगिताएं जैसे वाद-विवाद, चित्रकला, लेख, क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही पर्यटन गंतव्यों पर आधारित फोटोग्राफी एवं रील्स निर्माण प्रतियोगिता का आयोजित की जाएगी। सर्वश्रेष्ठ रील निर्माण एवं फोटोग्राफी करने वाले छात्र को सम्मानित किया जाएगा।

# अब अन्नदाता के साथ ऊर्ज़ादाता भी बनेगा प्रदेश का किसान

## उत्तर प्रदेश बना एग्रीवोल्टिक्स परियोजना को अपनाने वाला पहला राज्य, भारत सरकार ने दी मंजूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### परियोजना के तहत उत्तर प्रदेश को एडीबी से मिला 4.15 करोड़ रुपए का अनुदान

### एडीबी से इस प्रकार की आर्थिक सहायता पाने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भारत का पहला राज्य बन गया है जिसने एग्रीवोल्टिक्स परियोजना को अपनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने उत्तर प्रदेश में एग्रीवोल्टिक्स परियोजनाओं का प्रदर्शन शीर्षक से राज्य सरकार के तकनीकी सहायता प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना के तहत एक ही भूमि पर भूमि की सतह पर कृषि और सतह से ऊपर सौर ऊर्ज़ा उत्पादन दोनों संभव होंगे। उत्तर प्रदेश में उपलब्ध भूमि सीमित है, ऐसे में यह नवाचार किसानों और अर्थव्यवस्था दोनों के लिए लाभकारी साबित होगा। इससे किसानों को अतिरिक्त आय प्राप्त होगी, ऊर्ज़ा उत्पादन बढ़ेगा और सतत विकास को बढ़ावा मिलेगा। इस तरह उत्तर प्रदेश का किसान अब सिर्फ अन्नदाता नहीं, बल्कि ऊर्ज़ादाता भी बन जाएगा और प्रदेश की अर्थव्यवस्था में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकेगा। इस सहायता के साथ, उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है, जिसे एडीबी से इस प्रकार की आर्थिक सहायता मिली है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित इस परियोजना के लिए एशियाई विकास बैंक से 4.15 करोड़ (0.50 मिलियन अमेरिकी डॉलर) की तकनीकी सहायता मांगी गई थी। यह प्रस्ताव 28 फरवरी 2025 को आर्थिक मामलों के विभाग की स्क्रीनिंग कमेटी की 153वीं बैठक में अनुमोदित किया गया। इस मंजूरी के साथ, डीईए ने इस परियोजना को एडीबी के समक्ष अनुदान के रूप में प्रस्तुत किया है। यदि यह पायलट परियोजना सफल रहती है, तो भविष्य में उत्तर प्रदेश सरकार भारत सरकार के सहयोग से इस पर एक व्यापक नीति तैयार करेगी। यह पहल नवीकरणीय ऊर्ज़ा को बढ़ावा देने, कृषि और ऊर्ज़ा क्षेत्र में नवाचार लाने और सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित हो ऐसी प्रेरणा व प्रयास यूपीनेडा द्वारा किया जा रहा है। एडीबी को इस परियोजना के आगे की प्रक्रियाओं के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है। उत्तर प्रदेश की यह पहल भारत की स्वच्छ ऊर्ज़ा और सतत कृषि नीति को समर्थन देती है और अन्य राज्यों के लिए एक प्रेरणादायक मॉडल साबित हो सकती है। यही नहीं, यह परियोजना उत्तर प्रदेश को नवीकरणीय ऊर्ज़ा क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे किसानों को सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण दोनों का लाभ मिलेगा।

# प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर में मनाया गया वार्षिकोत्सव, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर समेसी में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्या आशादेवी एवं विद्यालय स्टाफ एसएमसी अध्यक्ष के द्वारा मां सरस्वती की चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम बालिका शिक्षा , नशा मुक्ति अभियान पर बहुत ही सुंदर नाटक का मंचन किया। खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम में प्रतिभा करने वाले बच्चों को शील्ड, गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के शुभ अवसर पर विद्यालय के अध्यापक आशीष तिवारी, विजय चौधरी, सूर्यकांत, एसएमसी अध्यक्ष विश्राम लोधी, शिव बालक रावत, अनिल , तेजई सर्वेश राजपूत आदि सम्मानित लोग मौजूद रहे।

# काकोरी के शिक्षकों ने एआरपी को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी लखनऊ। विकासखंड काकोरी के परिषदीय विद्यालयों में पिछले पांच वर्ष से नियुक्त विभिन्न ब्लॉकों से आए हुए एआरपी गणों का कार्यकाल पूरा होने पर काकोरी के शिक्षकों, शिक्षामित्र व अनुदेशकों ने भव्य कार्यक्रम कर सम्मानित किया पिछले 5 वर्ष से एआरपी के पद पर कार्यरत मोहनलालगंज से डॉक्टर टी पी द्विवेदी, बीकेटी से राजेश सिंह, सरोजिनी नगर से मुकुल चंद्र पांडे एवं मनीष बाजपेई व काकोरी ब्लाक की डॉक्टर चैताली यादव ने काकोरी के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों व अध्ययन रत छात्रों को लगातार नए-नए तरीकों से शिक्षण कार्य में सहयोग किया जिससे काकोरी विकासखंड के 106 विद्यालयों में 91 विद्यालयों का सघन एसेसमेंट डीएलएड के छात्रों द्वारा किया गया जिसमें से 80 विद्यालय के छात्र-छात्राएं भारत सरकार द्वारा तय किए गए मानकों को पूरा कर निपुण विद्यालय बन गये हैं जोकि लखनऊ जनपद में पहला स्थान है विद्यालयों के छात्रों को निपुण बनाने में खंड शिक्षा अधिकारी काकोरी एवं पांचो एआरपी की महत्वपूर्ण भूमिका है। जिन्होंने समय समय पर शिक्षकों छात्रों से संवाद स्थापित कर उन्हें नवाचार के माध्यम से शिक्षित करने का लगातार प्रयास किया खंड शिक्षा अधिकारी काकोरी राम मूर्ति यादव ने सभी एआरपी को काकोरी ब्लाक को निपुण ब्लॉक बनाने में किए गए अथक प्रयासों की प्रशंसा की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी एआरपी ने काकोरी ब्लाक के शिक्षकों की मेहनत और लगन को अपने-अपने शब्दों में बयान किया और कहा की काकोरी से जाने का दुख उनको भी है क्योंकि काकोरी के शिक्षक शिक्षण कार्य में बहुत ही गंभीरता, रोचकता, और लगन से कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से खंड शिक्षा अधिकारी काकोरी राम मूर्ति यादव एआरपी डा टीपी द्विवेदी, मुकुल चंद्र पांडेय, राजेश सिंह, मनीषा बाजपेई डॉक्टर चैताली यादव रीना त्रिपाठी पूर्व एबीआरसी गीता वर्मा शिक्षामित्र संघ के प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार यादव शिवकिशोर द्विवेदी शबनम सिद्दीकी मोहित तिवारी शिक्षक सुमन मिश्रा, कनक ,मोनिका गुप्ता,चंदा कुमारी सुबुही सिद्दीकी आयशा रहमान अपर्णा मिश्रा ,कल्पना पांडेय दीपाली श्रीवास्तव,अनीता चौधरी,नीलम यादव,उषा यादव,आरती पांडेय,महिमा सक्सेना,सुनील वर्मा अशोक कुमार नीलम कुमारी ममता राजपूत, शबनम आदि उपस्थित रहे।

# नगराम कस्बा में श्री शिव महापुराण का आयोजन, निकली कलशयात्रा

### कलशयात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ । नगराम कस्बा के कटरा में श्री शिव महापुराण कथा की शुरुआत कलश यात्रा से हुई , कथा व्यास पंडित अवधेश नन्दन मिश्र ने मंच का पूजन किया और भजन के साथ कथा का श्रीगणेश किया। श्री शिव महापुराण कथा से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। इसके बाद भव्य मंच पर पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कथा व्यास नैमिषारण्य के सेवा चार्य पंडित अवधेश नन्दन मिश्र (अनुभवी जी महाराज)ने मंच का भी पूजन कराकर मंच से भजन और आरती के माध्यम से कथा का औपचारिक श्रीगणेश किया। उनकी टीम के आचार्यो ने मुख्य यजमान अवधेश गुप्ता को सपत्नीक के साथ पूजन कार्यक्रम सम्पन्न कराया और कलशयात्रा निकाली गई । इसके बाद वेदी व कलश पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। नगराम कस्बा में कई स्थानों पर कलश यात्रा का भव्य स्वागत के साथ ही कस्बा स्थित विभिन्न मंदिरों में कलश यात्रा पहुंची जहां मुख्य यजमान समेत सभी सहयोगियों ने पूजा अर्चना की । कलश यात्रा के बाद संकल्प पूजन व वेदी निर्माण निर्धारित समय पर कर लिया गया। कथा व्यास ने बताया कि शिवपुराण कथा के लिए पूजन आदि निर्धारित शुभ मुहूर्त के अनुसार किया गया है। शाम को 7 से 10 बजे तक कथा की अमृत वर्षा होगी। आचार्य सचिन तिवारी ने सभी को तिलक लगाकर कलशयात्रा का शुभारम्भ कराया । कलश यात्रा मुख्य यजमान अवधेश गुप्ता समेत सुशील गुप्ता , सज्जन कश्यप , सुरेंद्र रावत , पिंटू रावत , डॉ रमेश चौरसिया, राम आधार , माता प्रसाद , रामेश्वर, शिव प्रसाद , राम प्रसाद , जगन्नाथ , जगदीश, विनोद, हरिशंकर विनय ,पंकज, पप्पू , अशोक समेत बड़ी संख्या में महिलाएं कलश यात्रा में शामिल हुई।

# समेसी में काजल सिंह ने मचाईं धूम माड़ो की लड़ाई सुन झूमे श्रोता



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। क्षेत्र के समेसी ग्राम पंचायत स्थित राकश वीर बाबा मंदिर पर दो दिवसीय मेले का आयोजन हुआ जिसके मुख्य आयोजक ग्राम प्रधान अशोक रावत व अतुल यादव रहे । मेले के पहले दिन विशाल दंगल एवं दूसरे दिन शुक्रवार को आल्हा ऊदल पर लोक संगीत का आयोजन किया गया । इस दौरान आल्हा गायक काजल सिंह ने अपनी मधुर आवाज से माड़ो की लड़ाई की पंक्तियां सुनाकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया , माड़ो की लड़ाई की संगीत में एकल प्रस्तुति के दौरान मेला परिसर में मौजूद श्रोताओं समेत व्यापार मंच के जिला अध्यक्ष विकास पटेल ने कहां की लुप्त हो रही लोक संगीत परंपरा के बीच आल्हा ऊदल की कहानी लोगों के लिए प्रेरणादायक हो सकती है। ग्राम प्रधान अशोक रावत ने कहा कि नई पीढ़ी के ऊर्ज़ावान कहे जाने वाले लोग पौराणिक गीतों को भूलते जा रहे हैं और उसकी जगह पर फिल्मी गीत के अलावे धूम धड़ाके जैसे संगीत को अपनी परंपरा अपनाते जा रहे हैं । इस मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं व बच्चे व बुजुर्ग श्रोता मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का हुआ समापन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई विजडम वे प्रोग्रेसिव इंटर कॉलेज चिनहट लखनऊ के न्यू विस्डम वे स्कूल नंदपुर में चल रहे विशेष शिविर का समापन हो गया ।समापन के इस मौके पर न्यू विस्डम वे इंटर कॉलेज के प्रबंधक और प्रधानाचार्य के अलावा कई वरिष्ठ अध्यापक एवं नंदपुर के पूर्व ग्राम प्रधान दिलीप विश्वकर्मा भी मौजूद रहे। इस मौके पर कई बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्वयं सेवकों ने नंदपुर के आस पास मतदान जागरूकता अभियान भी चलाए, अंत में न्यू विस्डम वे इंटर कॉलेज के प्रबंधक ने स्वयं सेवकों को संबोधित किया।

# मेट का काम ग्राम पंचायतों के मनरेगा भ्रष्टाचार की कड़ी में जुड़ते जा रहे नए नाम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बेहटा सीतापुर । ब्लॉक की ग्राम पंचायत मुसियाना में 20 मार्च को मतुवा शाहपुर रोड से सरैया रोड तक भूमि विकास कार्य के नाम पर अफरोज पदनाम मेट द्वारा एक ही व्यक्तियों के फर्जी फ़ेश लगाकर एक ही जगह पर दिखाए गए काम पर आठ व्यक्तियों के नाम पर 80 श्रमिकों की उपस्थिति दिखाई गई क्या हकीकत में 8 व्यक्तियों द्वारा काम किया भी गया है या नहीं यह तो जॉच का विषय है विगत दिनों

**आठ व्यक्तियों के फ़ेश पर जारी किए गए 8 मस्टर रोल 80 श्रमिकों की दिखाई गई उपस्थिति**

मनरेगा में भ्रष्टाचार के नाम पर फोटो से फोटो अपलोड कर फर्जी काम दिखाना तो खूब चर्चाओं में रहा है जिसकी खबरें किसी न किसी समाचार पत्रों से बराबर प्रकाशित होती रही है खबर के असर से फ़ेश सिस्टम लागू तो हुआ लेकिन नतीजा शून्य सरकार के बनाए गए कानून पर भ्रष्टाचारी कोई न कोई नया रास्ता निकाल ही लेते हैं इन दिनों कुछ ही व्यक्तियों के अदल बदल कर फोटो अपलोड करना आम बात हो गई हैं क्या मनरेगा में हो रहे भ्रष्टाचार की भनक पंचायत स्तर पर नियंत्रण करने वाले जिम्मेदारों तक नहीं पहुंचती जो किसी भौतिक सत्यापन के ही फर्जी कामों को स्टेप टू स्टेप आगे बढ़ाते रहते हैं कही पंचायतों में हो रहे भ्रष्टाचार में इनकी सहभागिता व संलिप्तता तो नहीं यह तो जॉच का विषय हैं ।

# अभाविप बिसवां ने सौंपा 7 सूत्रीय ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। अभाविप ने मांग की कि नवीन सत्र 2025-2026 में समस्त विद्यालयों में गएक्टड्ढ पुस्तकों का ही संचालन हो अभाविप बिसवां जिले के 7 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने बिसवां के तहसीलदार उमाशंकर त्रिपाठी से भेट कर उन्हें बिसवां में विद्यार्थियों को हो रही समस्याओं के संबंध में उपजिलाधिकारी को संबोधित 7 सूत्रीय ज्ञापन देकर समस्याओं से अवगत करवाया और शीघ्र ही निस्तारण की मांग की इसमें सामाजिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र से जुड़े मुद्दों के समाधान की मांग की। अभाविप ने मांग की कि नवीन सत्र 2025-2026 में समस्त विद्यालयों में गएक्टड्ढ पुस्तकों का ही संचालन हो। डग्गामार एवं बिना मानक के चल रहे वाहनों पर प्रतिबंध एवं समस्त विद्यालयों के वाहनों में अग्निशामक यंत्र की व्यवस्था की जाए परिवहन विभाग द्वारा दूरी के अनुसार यात्रा शुल्क तय करके विद्यालयों को निर्देशित किया जाए जिससे वह मानक से अधिक शुल्क ना लें सकें। तहसील में चल रहे मानक विहीन विद्यालयों व बिना अनुमति के संचालित हो रहे कोचिंग संस्थान व लाइब्रेरियों पर उचित कार्यवाही की जाए। बिसवां नगर में अनेक प्रकार के मादक पदार्थों की बिक्री खुलेआम हो रही है जो कि युवाओं को गर्त की ओर ले जा रही है महोदय उन सभी दोषियों पर कार्यवाही की जाए जो इन मादक पदार्थों की बिसवां में बिक्री कर और करवा रहें हैं।

महोदय बिसवां ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में संचालित लाइब्रेरी सिर्फ नाम मात्र है छात्रों की शिक्षा हेतु बनी लाइब्रेरी नाम मात्र है और कुछ स्थानों पर तो लाइब्रेरी है ही नहीं अतः ऐसी सभी ग्राम पंचायतों को चिन्हित कर दोषियों पर कार्यवाही की जाए।

विद्यालयों के खुलने और बंद होने के समय भारी वाहनों के नगर में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जाए और उनकी गति नियंत्रण के लिए विद्यालयों के समीप गति अवरोधक बनवाए जाएं। विभाग संयोजक अमन अवस्थी ने बताया कि शिक्षा विद्यार्थियों का अधिकार होता है और यदि विद्यार्थी शिक्षा से किसी कारणवश वंचित होते हैं वर्तमान में बिसवां नगर में जिस प्रकार नशीले पदार्थों की बिक्री हो रही है वह अत्यंत चिंताजनक है प्रशासन दोषियों को चिन्हित कर इस पर शीघ्र कार्यवाही करे। यदि 1 सप्ताह के अंदर उक्त विषयों पर कार्यवाही नहीं की गई तो अभाविप एक वृहद आंदोलन के लिए बाध्य होगी। प्रतिनिधि मंडल में प्रांत कार्यकारणी सदस्य दीपांशी मिश्रा,तहसील सह संयोजक आकाश बाजपेई,नगर मंत्री रेउसा हर्षित, नगर सह मंत्री मानपुर कृपा शंकर, नगर सह मंत्री बिसवां मुदित व पूर्व प्रांत कार्यकारणी सदस्य योगेंद्र कुमार की उपस्थित रही।

# विश्व वानिकी दिवस प्रकृति संरक्षण के लिए ली गई शपथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । सामाजिक वानिकी वन प्रभाग के सीतापुर रेंज तथा सेक्रेड हार्ट डिग्री कॉलेज के सृष्टि नेचर व एडवेंचर क्लब के तत्वाधान में 21/3/2025 को विश्व वानिकी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। प्रातकाल सेक्रेड हार्ट डिग्री कॉलेज नैपालापुर से नवगठित सृष्टि अर्थ राइडर्स के स्नैक साइकिल क्लब के सदस्यों ने साइकिल रैली निकाली जिसको प्राचार्य डॉ0 फादर प्रशांत, वन क्षेत्राधिकारी सुयश श्रीवास्तव, डिप्टी रेंजर मुशीर अहमद तथा सृष्टि नेचर क्लब की समन्वयक सुष्मिता श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर बाल वनोद्यान इलसिया के लिए रवाना किया। साइकिल रैली का नेतृत्व डॉक्टर योगेश चंद्र दीक्षित ने किया।

बाल वन उद्यान इलसिया पहुंचकर सामाजिक वानिकी विभाग सीतापुर के तत्वाधान में चित्रकला एवं रंगोली



प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

नेचर क्लब के सदस्यों ने वन उद्यान का भ्रमण करते हुए प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया तथा वृक्षों व पक्षियों के विभिन्न प्रजातियों के विषय में भी जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर शिवांगी श्रीवास्तव और डॉ0 मनोज धमेजा के निर्देशन में चित्रकारी तथा रिचा पांडे एवं सुष्मिता के नेतृत्व में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रकारी में प्रथम स्थान वर्तिका मिश्रा द्वितीय स्थान दीप्ति राठौर तथा तृतीय स्थान रिया शुक्ला को प्राप्त हुआ जबकि रंगोली में पहला स्थान प्रगति मिश्रा, कुमकुम पाल, आकांक्षा वर्मा दूसरा स्थान नंदिनी, आस्था शुक्ला, इशिका, इरम रहमान और तीसरा स्थान निधि, वैदेही गुप्ता, आरुषि मिश्रा, स्नेहा वैश्य के समूह को प्राप्त हुआ।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 फादर प्रशांत ने अपने संबोधन में बताया कि महाविद्यालय में सृष्टि नेचर क्लब की स्थापना का मुख्य उद्देश्य प्रकृति की संरक्षा सुरक्षा तथा सतत विकास के लिए नियंत्रित उपयोग करने के लिए आम जनमानस को प्रेरित करना है। इस अवसर पर उद्यान के प्रांगण में सफाई अभियान भी चलाया गया तथा वहां आने वाले आगतों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता निर्धारण समिति के समन्वयक डॉक्टर योगेश चंद्र दीक्षित, वन क्षेत्राधिकारी सुयश श्रीवास्तव के साथ विचार विमर्श कर भविष्य में संयुक्त रूप से प्रकृति संरक्षण, स्वच्छता आदि पर कार्य करने के लिए प्रतिबद्धता जाहिर की। इसी दिन पी0डी0 चिल्ड्रन्स जूनियर हाईस्कूल में भी विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें अभिषेक रंजन पाण्डेय उप क्षेत्रीय वन अधिकारी, लक्ष्मी यादव वन दरोगा, सुनील कुमार राय वन रक्षक, दीप्ति शुक्ला वन रक्षक व दिनेश दीक्षित स्कूल प्रबंधक मौजूद रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राजंल कनौजिया द्वितीय स्थान शौर्य तिवारी तृतीय स्थान दिव्यांशी तिवारी को प्राप्त हुआ।

# भाकियू जनमंच ने संगठन सदस्य की लड़ाई लड़ने की भरी हुंकार

**तालाब पट्टा आबंटन उपरांत भ्रष्टाचार के शिकार हुए पीड़ित किसान के लिए लंबी लड़ाई को लामबंद हुआ किसान संगठन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । राजस्व विभाग की हीला हवाली के चलते मछुआ समुदाय के गरीब किसान को आबंटित हुए तालाब को जिम्मेदारों ने भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाते हुए उसके जीविकोपार्जन पर कुठाराघात करते हुए सड़क पर डाल दिया गया जिस विषय को लेकर पीड़ित किसान ने किसान यूनियन से न्याय दिलवाने गुहार लगाई. उसी क्रम में भारतीय किसान यूनियन जनमंच के जिलाध्यक्ष रमाशंकर सिंह ने दर्जनों किसानों के साथ तहसीलदार से मुलाकात कर स्थिति पर नजर रखने को कहा. मामला तहसील क्षेत्र बिसवा अंतर्गत ग्राम पंचायत नसीरपुर अंदुपुर में विगत 2021 में एक तालाब का पट्टा मच्छली पालन हेतु ग्राम निवासी गरीब मछुआ समुदाय के व्यक्ती को किया गया पर भ्रष्ट प्रशासन ने बगैर किसी नोटिस इत्यादि के उस तालाब का समयावधि पूर्ण हुए बगैर दूसरे व्यक्ति को कर दिया जिससे गरीब परिवार सड़क पर आ गया इसी विषय को लेकर जिम्मेदारों के खिलाफ यूनियन ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित कर आगे की कार्यवाही को अवगत कराते को कहा और बताया गया कि यदि मामले को संज्ञान ले पीड़ित को न्याय नहीं मिला तो प्रशासन के खिलाफ मुख्यमंत्री दरबार तक जाया जाएगा जिससे अन्य मत्स्य पालकों के मन से भय समाप्त हो और कानून के प्रति आमजन मानस में विश्वास कायम हो।

# जिलाध्यक्ष का ढ़ोल नगाड़ो के साथ बिसवां में हुआ स्वागत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां सीतापुर । भाजपा के जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला को दुबारा मनोनीत होने पर भाजपा पदाधिकारियों ने बिसवां में प्रथम आगमन पर पत्थर शिवाला में गर्मजोशी से ढोल नगाड़ों के साथ फूल माला पहनाकर स्वागत कर बधाई दी और उनके कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पू जायसवाल महानारायन वर्मा संजीव वाजपेई सुधाकर शुक्ला दीपक शुक्ला गोपी मिश्रा रूपेश अवस्थी आशीष गुप्ता लालजी रस्तोगी अमित सिंघल पंकज खेतान रोहित शुक्ला पंकज शुक्ला सुरजीत मिश्रा रवि कुमार सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गौ माता वी नंदी को रात में चोरी करने के बाद की गई गौकशी

बेहटा सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना तम्बौर क्षेत्र के काजी टोला कस्बा मे दिनांक 17 तारीख को रात्रि मैं जिहादियों के द्वारा काजी टोला से एक हिंदू परिवार विजय पुत्र रामचंद्र चौहान उम्र 25 वर्ष की एक गाय और बछड़ा चोरी कर ले गए उसके बाद सुबह जिहादियों के द्वारा बहा नाले के पास गौकशी कर दी गईं हिंदू परिवार के द्वारा थाने पर प्रार्थना पत्र दिया गया अभी तक कोई ठोस कार्रवाई न होने से आक्रोशित राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला मंत्री सीनू मिश्रा के द्वारा एक दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं के साथ काजी टोला हिंदू परिवार के पास पहुंचे उच्च अधिकारियों से वार्ता की गई और जिहादियों के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो और इस घटना मे दो जिहादियों को पड़कर जेल भेज दिया गया है तीन लोगों की तलाश जारी है जल्द ही सभी दोषियों को पकड़ा जाए और जेल भेजा जाए ताकि भविष्य में ऐसी गलती दोबारा ना करें राष्ट्रीय बजरंग दल ने कहा है अगर जिहादियों के ऊपर गोकशी क मुकदमा नहीं लिखा गया तो राष्ट्रीय बजरंग दल अग्रिम कार्यवाही के लिए बाध्य होगा सीनू मिश्रा बजरंगी भैया जिला मंत्री राष्ट्रीय बजरंग दल, मोहित शुक्ला, बजरंगी सुनील अवस्थी बजरंगी, सत्यम अवस्थीबजरंगी, राजू पांडे ,नरेन्द्र प्रताप सिंह जिला मीडिया प्रभारी राष्ट्रीय बजरंग दल, सहित एक दर्शन कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## मोटर साइकिल और रिक्शा की जोर दार भिड़ंत मोटर साइकिल चालक की मौत महिला जिला अस्पताल रेफर

बेहटा, सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्रांतर्गत तंबौर लहरपुर रोड सुल्तानपुर के पास एक मोटर साइकिल व ई रिक्शा की जोरदार भिड़ंत हो गईं मोटर साइकिल पर 2 लोग सवार थे वसीम अहमद पुत्र अनीस अहमद उम्र 18 वर्ष ग्राम मस्जिदिया थाना लहरपुर व असीर पुत्र उस्मान गनी ग्राम मस्जिदिया थाना लहरपुर की एक ई रिक्शा से जोर दार भिड़ंत हो गईं घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सी,एच ,सी तंबौर लाया गया जिसमें वसीम अहमद की मृत्यु हो गई वही असीर पुत्र उस्मान गनी उम्र 18 वर्ष घायल हो गए रिक्शा सवार महिला विद्यावती पत्नी शिव नारायण उम्र 58 वर्ष निवासी वक्खा पुरवा थाना रामपुर मथुरा जो गंभीर रूप से घायल हो गई थी जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया है ।

# कभी घोटालों की साजिश कभी रिस्तो का अफशाना मगर हकीकत के आईने में विभाग का हर दावा बेगाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सकरन (सीतापुर) । बढ़ते पारे के साथ ब्लॉक मुख्यालय पर आने वाले आगंतुकों को सूखती हलक को तर करने के लिए परिसर में लगवाए गए शुद्ध पेयजल प्लांट ने दे दिया जोर का झटका,एक एक बूंद जल को तरसते लोग जिम्मेदारों को रहे कोस यही हाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में लगे प्लांट की भी है जहाँ पानी को तरसते मरीजों का दर्द जिम्मेदारों को नहीं दिख रहा.ग्रामीण क्षेत्रों मे प्रति ग्राम पंचायत सफ़ेद हाथी बने हैण्डपम्प प्यासे लोगों को चिढ़ा रहे मुँह सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत रेवान,पटना,पटनी,कुंडी,बसहिया कोठार,अमिरती, भैंसहा, धनावा, सोहलिया, इस्माइल पुर आदि ग्राम पंचायतों में सैकड़ों हैण्डपम्प मरम्मत व रिबोर के नाम पर पैसा तो निकल गया पर नल से पानी बाहर आने

**ब्लॉक मुख्यालय व सी एच सी में बने आर ओ प्लांट चिढ़ा रहे मुँह, ग्राम पंचायतों में फर्जी हैण्डपम्प रिबोर के जरिए पंचायत सचिव काट रहे मलाई**

का नाम नहीं ले रहा,अब ऐसी स्थिति में लोगों को कैसे मुहैया होगा पानी या व्यवस्था ही रहेगी पानी पानी. नाम न छापने की शर्त पर एक फर्म संचालक व नल मिस्त्री ने बताया कि करीब 80 हैंडपंपों की मरम्मत व रिबोर उसके द्वारा बस नाम मात्र की करवा कर पाइप व सरियो को बिकवा लिया गया पर भुगतान पंचायत सचिव ने दूसरे की फर्म पर कर दिया, अब ऐसी स्थिति मे जो लोग आमजन को पानी नहीं दे पा रहे वो लोग़ अन्य सुविधाओं में क्या करते होंगे ये ईश्वर ही जानें पर ऐसी ग्राम पंचायतों के समस्त विकास कार्यों में किए गए फर्जीवाड़े की जांच उपरान्त कठोर कार्यवाही की नितांत आवश्यकता।

# भारत में हर समझौतों का आदी होना छोड़ दिया, कुछ बातों में हमने बापू गांधी बनना छोड़ दिया : डॉ0 हरिओम पवार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । जिला प्रशासन सीतापुर द्वारा आयोजित मिश्रिख-नैमिषारण्य महोत्सव के अंतिम दिवस पर आयोजित भव्य कवि सम्मेलन में काव्य प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ी। देशभर के नामचीन कवियों ने अपनी ओजस्वी, श्रृंगारिक, हास्य और व्यंग्य से भरपूर कविताओं के माध्यम से रातभर उपस्थित जनता को बांधे रखा। पूरे पंडाल में ऐसी कविता की रसधारा बही कि श्रोता भोर तक मंत्रमुग्ध होकर कविताओं का आनंद लेते रहे। इस ऐतिहासिक कवि सम्मेलन में देश के जाने-माने कवियों ने हिस्सा लिया, जिनमें डॉ0 सर्वेश अस्थाना, भुवन मोहिनी, मणिका दुबे, उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला, गजेन्द्र प्रियांशु, नीलोत्पल मृणाल, हास्य कवि शंभू शिखर, जगजीवन मिश्र और अंत में डॉ0 हरिओम पवार ने काव्य पाठ किया।

कवि सम्मेलन की भव्यता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि कार्यक्रम में सीतापुर के एम0एल0सी0 पवन सिंह चौहान, मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव, नैमिष क्षेत्र के संत-महंत और प्रशासनिक अधिकारीगण भी उपस्थित रहे और पूरी रात काव्य की गंगा में सराबोर होते रहे। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रोता पंडाल में डटे रहे और रातभर कविताओं का आनंद लिया। तालियों की गूंज और वाह-वाह की आवाजें पूरे आयोजन स्थल पर गूंजती रहीं।

**डॉ0 सर्वेश अस्थाना ने किया बेहतरीन संचालन**

कवि सम्मेलन का संचालन देश के प्रसिद्ध हास्य-व्यंग्य कवि डॉ0 सर्वेश अस्थाना ने किया। उन्होंने पूरे कार्यक्रम को अपनी ऊर्जा और हास्य से भर दिया। पूरी रात वे दर्शकों को हंसाते रहे और कवियों को मंच पर बुलाते रहे। उनकी चुटीली टिप्पणियों और हास्य कविताओं ने माहौल को हल्का और आनंदमय बनाए रखा।

**कवयित्री डॉ0 भुवन मोहिनी की सरस्वती वंदना से हुई शुरुआत**

कवि सम्मेलन की शुरुआत कवयित्री भुवन मोहिनी की सरस्वती वंदना से हुई, जिन्होंने अपनी मधुर वाणी से पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया। उनकी वाणी में शक्ति और मधुरता का ऐसा संगम था कि पूरा पंडाल श्रद्धा और भक्ति में डूब गया।

**मिश्रिख होली परिक्रमा मेले में भव्य कवि सम्मेलन: काव्य की अमृतवर्षा में डूबा जनसैलाब।**

इसके बाद उन्होंने अपने भावनात्मक अंदाज में सुनाया-एक मीरा दीवानी तो मुझमें भी है।

**कवयित्री/उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला ने मोहब्बत पढ़े छन्द**

हर शाम तुम्हारी यादों में, हर रात तुम्हारी बाहों में, तो क्या इससे भी ज्यादा कुछ माँगा था मैंने जीवन से मैं गीत बनाकर होठों पे तुमको रख लूँ, तुमको गाऊ, तुम ख़ामोशी से सब कह दो, मैं ख़ामोशी पढ़ती जाऊ।

बड़े बेचौन लम्हे हैं बड़े बेचौन मंजर है जो आंखों में नहीं दिखते कभी-कभी दर्द अंदर है, तुम्हारी और यह मेरी नजर यूं ही नहीं जाती मेरी प्यासी निगाहें हैं तेरी आंखें समंदर है।

**होली के रंगों से सराबोर हुईं मणिका दुबे की कविताएं**

कवयित्री मणिका दुबे ने अपनी कविता के माध्यम से होली के रंगों में रस घोल दिया। उनकी पंक्तियां सुनते ही पूरा पंडाल कृष्ण और राधा के रंग में डूब गया-कान्हा भी राधा संग खेले बरसाने में होली, बोले राधा मुझसे ना करियो अब आंख मिचौली।। राधा इन गालों पर मुझसे इंद्र धनुष बनवाओ, पिया मुझे धीमे रंग लगाओ।

उनकी कविता में श्रृंगार और लोकगीतों की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

**नीलोत्पल मृणाल की कविताओं में बसा युवा मन का दर्द**

जब नीलोत्पल मृणाल मंच पर आए, तो पूरा पंडाल शांत हो गया। उनके शब्दों में युवा हृदय की पीड़ा और बदलते समाज की हकीकत झलक रही थी। उन्होंने अपने प्रसिद्ध कविता की पंक्तियां सुनाईं- स्कूलों की दीवारों पर जा दिल बनाने वाले लड़के, चलती तीर को हंसकर अपने दिल पर खाने वाले लड़के।। दिल टूटे तो बिस्तर पर ही झील बनाने वाले लड़के, उस दौर का जादू क्या जाने, ये रील बनाने वाले लड़के।

इस कविता ने युवाओं को विशेष रूप से प्रभावित किया और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा मंच गूंज उठा।

**हास्य और व्यंग्य का धमाकारू शंभू शिखर की ठहाकेदार प्रस्तुति**

हास्य कवि शंभू शिखर ने जब मंच संभाला तो पूरे पंडाल में ठहाकों की गूंज सुनाई देने लगी। उनकी राजनीतिक व्यंग्यात्मक कविताओं ने श्रोताओं को खूब हंसाया। उन्होंने उत्तर प्रदेश की राजनीति पर तंज कसते हुए सुनाया-लालू से मिलो, वो तुम्हे बिहारी न कर दे, जनता तुम्हे यहां की भिखारी न कर दे। उत्तर प्रदेश जाना ट्रंप सोच समझ कर, योगी जी तुम्हे ट्रंप से तिवारी न कर दें।

इस पर दर्शकों ने तालियों और हंसी के साथ कवि का स्वागत किया।

**गजेन्द्र प्रियांशु की मार्मिक प्रस्तुति**

कवि गजेन्द्र प्रियांशु ने समाज की सच्चाइयों को अपनी कविता के माध्यम से बड़े ही प्रभावी अंदाज में प्रस्तुत किया। उनकी कविता की पंक्तियां सुनकर पूरा पंडाल भावुक हो गया-रात-रात भर तुमको गाया, सुबह छपे अख़बार में।

उनकी इस कविता ने समाज की संवेदनाओं को झकझोर दिया और दर्शकों को गहरी सोच में डाल दिया।

**अंत में डॉ0 हरिओम पवार की ओजस्वी प्रस्तुति ने भरा जोश**

कार्यक्रम के अंतिम चरण में मंच पर आए वीर रस के प्रतिष्ठित कवि डॉ0 हरिओम पवार। उनके ओजस्वी काव्य पाठ ने पूरे पंडाल में जोश भर दिया। उन्होंने सुनाया-भारत में हर समझौतों का आदी होना छोड़ दिया, कुछ बातों में हमने बापू गांधी बनना छोड़ दिया।

इन पंक्तियों को सुनकर जनता ने जोशीले नारों और तालियों से कवि का स्वागत किया। उनकी कविताएं हमेशा की तरह भारतीयता और राष्ट्रप्रेम की भावना को बुलंद करने वाली थीं।

**कवि सम्मेलन बना यादगार आयोजन**

कार्यक्रम की शुरुआत भुवन मोहिनी की सरस्वती वंदना से हुई और समापन हरिओम पवार के ओजस्वी काव्य पाठ से हुआ। डॉ0 सर्वेश अस्थाना के संचालन और हास्य-व्यंग्य से कार्यक्रम में जीवंतता बनी रही। हजारों की संख्या में दर्शकों ने पूरी रात कवि सम्मेलन का आनंद लिया और भोर तक तालियों की गूंज से पंडाल गूंजता रहा।

# अपने हिसाब से तहरीर लिखवाती है पुलिस

**बलवा और लूट का मुकदमा दर्ज करने से करने परहेज करती है कप्तानगंज पुलिस**

**दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट व बलवा का मामला**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। जनपद के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मथौली बाजार में दो पक्षो के बीच किसी बात को लेकर हुई जमकर मारपीट मे जहां पक्ष की ओर से एक महिला का हाथ टूट गया है वही दूसरे पक्ष से एक युवक घायल हुआ है। इसके बाद दोनो पक्ष ने थाने पर तहरीर दी। बताया जाता है कि जिस महिला का हाथ टूटा है पुलिस उस परिवार पर तहरीर बदलने का दबाव बनाने लगी। तहरीर न बदलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज नही किया। इसी दरम्यान थाने पर तहरीर देकर अपने घर को लौट रहे युवक को दोबारा घायल युवक के पक्ष के लोगो ने चारो तरफ से घेरकर धावा बोल दिया। युवक ने किसी तरह से अपनी जान बचाई इस पर आक्रोशित लोगो ने कार को लाठी-डंडा से प्रहार कर क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद पीडित ने एसपी को दोनो घटनाओं की लिखित शिकायत की। पुलिस अधीक्षक के निर्देश के दस घंटे बाद तहरीर से पैसा छिनने की घटना को दरकिनार कर मुकदमा दर्ज किया गया है।

मथौली बाजार के स्वामी विवेकानंद नगर वार्ड के निवासी गोपीनाथ यादव व मेवा साहनी के परिवार के बीच किसी बात को लेकर जमकर मारपीट हुई। इस घटना मे मोरध्वज यादव की पत्नी प्रेमलता यादव का हाथ टूट गया जबकि मेवा साहनी के परिवार का एक युवक घायल हो गया। कप्तानगंज थाने मे दिये तहरीर मे गोपीनाथ यादव ने कहा है कि 18 मार्च को रात साढे आठ बजे प्रार्थी का पुत्र अभिषेक प्रतिदिन के भांति अपने बैग मे सरकारी कागजात, टिपिन व पन्द्रह सौ रुपये लेकर घर से बैंक ड्युटी निकल रहा था। इसी दौरान चुन्नू पुत्र सागर साहनी, सन्दीप पुत्र सागर साहनी, अमित पुत्र निर्मल साहनी, मिथिलेश पुत्र अक्षयवर साहनी, श्यामबदन पुत्र अक्षयवर




साहनी, बीरबल पुत्र शुभाष यादव, सता देव पुत्र वीरबल यादव,अंकित पुत्र वृद्धि साहनी, गोल बनाकर पहुच गये और भद्दी भद्दी गाली देते हुए लाठी-डंडे से अभिषेक को मारने पीटने लगे यह देख घर की महिलाएं प्रेमलता यादव पत्नी मोरध्वज यादव एंव बेइला देवी पत्नी गोपीनाथ यादव बीच बचाव करने गयी तो वह लोग डंडे से मारकर प्रेमलता का हाथ तोड दिया व बेइला देवी की गला दबाकर मारने लगे और अभिषेक का बैग लूटकर भाग गये।

शिकायतकर्ता ने परिवार चोटिक तीनो व्यक्तियो का मेडिकल कराने का उल्लेख करते हुए आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की गुहार लगायी थी। किन्तु कप्तानगंज पुलिस ने तहरीर से बैग सहित पैसा लूटने एंव जान से मारने की नीयत संबंधित वाक्य को से हटाने व अभियुक्तों की संख्या कम कर दुसरा प्रार्थना पत्र देने की बात कहकर मुकदमा दर्ज नही की। गोपीनाथ का कहना है कि तहरीर बदलने के डर से पर जब पुलिस ने मुकदमा दर्ज नही किया तो उनका पुत्र अंजितेश थाने से बाहर निकलकर अपनी कार से घर लौटने लगा। इसी दरम्यान वहा विपक्षी पचास की संख्या मे पहुचकर उनके पुत्र को घेरने का प्रयास किया। उनका पुत्र किसी तरह से कार मे सवार होकर अपनी जान बचाकर भागा लेकिन गंभीरपुर चौराहे पर उसकी गाड़ी रोककर विपक्षियों ने धावा बोल दिया। इसके बाद अंजितेश किसी तरह से कार से निकलकर जान बचाने के लिए राजेश सिंह के मकान मे शरण लिया। आक्रोशित आरोपियों ने लाठी-डंडा व ईंट-पत्थर से कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना की उन्होंने कप्तानगंज पुलिस को लिखित जानकारी देते हुए कार्रवाई के लिए पुनः गुहार लगायी। इसके बावजूद पुलिस ने मुकदमा दर्ज नही किया।

गोपीनाथ का कहना है कि विपक्षियों द्वारा दो बार लगातार हमला करने के बाद दिये गये तहरीर पर जब कप्तानगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज नही किया तो वह घटना के दुसरे दिन सभी साक्ष्य के साथ पुलिस अधीक्षक से मिलकर लिखित रुप से पुरी घटना से अवगत कराते हुए न्याय की गुहार लगायी। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने न्याय का भरोसा दिलाते हुए तत्काल कप्तानगंज एसओ को मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

गोपीनाथ यादव ने बताया कि जब कप्तानगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज नही किया तो वह पुलिस अधीक्षक के दरबार मे न्याय की गुहार लगाये। पुलिस अधीक्षक द्वारा मुकदमा दर्ज करने के आदेश के दस घंटे बाद कप्तानगंज थानाध्यक्ष ने तहरीर से लूट की वारदात को हटाते हुए मुकदमा दर्ज किया, जबकि विपक्षी के तहरीर पर पहले ही मुकदमा दर्ज कर लिया।

## श्रीकृष्ण को नन्द के घर ले जाने वाले दृश्य से रोमांचित हुये श्रद्धालु

कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर। सेंदुरिया बुजुर्ग गांव के माँ कंकाली मन्दिर परिसर में नौ दिवसीय श्रीरूद्र महायज्ञ के दूसरे दिन बृहस्पतिवार की रात्रि में वृन्दावन से आए रासलीला मंडली ने कारागार में जन्मे भगवान श्रीकृष्ण को वासुदेव द्वारा नन्द बाबा के घर पहुचाने एवं जनमोत्स्व की दृश्य प्रस्तुत किया।

श्रीधाम वृंदावन के रासलीला मंडली के कलाकारों ने कारागार में भगवान श्री कृष्ण जन्म और वासुदेव के द्वारा नन्द बाबा के घर ले जाने का मनमोहक मंचन किया जिसे देख श्रंद्धालू भाव विभोर हो गये।मंडली के कलाकार नरसी भगत सिंह और श्री कृष्ण के रोल कर रहे लवकुश जोसी व कंस के रोल में कन्हैया सिंह राजपूत और वासुदेव के रोल कर रहे व्यास नन्द किशोर ने भगवान श्री कृष्ण को सुप में नन्द बाबा के घर ले जा रहे दृश्य को प्रस्तुति की,जो मौजूद श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।उसके पूर्व ग्राम वासियों के राधा - कृष्ण की पूजा के साथ



शुरू की गई। लीला के दौरान कलाकारो ने अपने लीलाओं से पूरे पंडाल के श्रंद्धालुओं को भाव विभोर पर विवश कर दिया। नन्द बाबा के घर जनमोत्स्व के दौरान पूरा पंडाल श्रीकृष्ण की भक्तिमय नजर आया। इस यज्ञ के यज्ञाचार्य डा,पं.हरिकेश शास्त्री जो अपने वैदिक मंत्रोच्चारण कर प्रतिदिन सुबह और शाम यज्ञशाला में पूजन पाठ कर रहे हैं। विंध्याचल धाम से चल के आयी कथावाचिका भक्ति किरण शास्त्री ने अहंकारी रावण की कथा सुनाई। इस महायज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष बिजली यादव,प्रभुनाथ यादव,लक्ष्मण गुप्ता,अखिलेश,प्रकाश गुप्ता योगेश,उमेश गुप्ता,बाल्मीकि,महेश,बबलू ,जंत्री,स्वाभिमान कुमार,सूरज,उमेश यादव मुन्ना कुशवाहा,अनुज यादव, घनश्याम शामिल होकर श्रद्धालुओं की सुविधा व्यवस्था में लगे हैं।

## एनएचएम निदेशक ने समस्या समाधान का दिया आश्वासन : सत्येन्द्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर। स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत कार्यरत संविदाकर्मियों का एक प्रतिनिधिमंडल एनएचएम मिशन के निदेशक डा0 पिंकी जोएल से मिलकर अपनी विभिन्न समस्याओं के समाधान की माँग की जिसपर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए जोएल ने हल करने का आश्वासन दिया।

इस सम्बन्ध में जनपद कुशीनगर एनएचएम संविदाकर्मियों के जिलाध्यक्ष डा0 सत्येन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि गुरुवार को संविदा कर्मचारियों के विभिन्न समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष ठाकुर मयंक प्रताप सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमण्डल एनएचएम मिशन निदेशक डा0 पिंकी जोएल से मिला और संविदाकर्मियों की विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया।संघ द्वारा की गयी



माँगों में मैच्युअल स्थानान्तरण अप्रैल के द्वितीय सप्ताह में पूर्ण करने,भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिये वार्षिक अप्रैजल ऑनलाइन करने हेतु एनआईसी विभाग को निर्देश देने,समस्त कर्मचारियों का स्वास्थ्य बीमा कराया जाना,संविदाकर्मियों को भी सरकारी आवास आवंटन करना, टीबी कर्मचारियों की पेट्रोकार्ड, एएनएम/स्टाफ नर्सो को यात्रा भत्ता देना तथा मोबाइल डाटा देना मुख्य था।संघ द्वारा दिये गये समस्याओं पर मिशन निदेशक ने सम्बन्धित अधिकारियों को तत्काल निर्देश दिया। जबकि रिक्त पदों पर स्थानान्तरण तथा वेतन विसंगति के लिये कर्मचारियों को अभी इंतजार करना पड़ेगा।जिलाध्यक्ष श्री पाण्डेय ने बताया कि मिशन निदेशक से हुई वार्ता काफी सार्थक रहा है उन्होंने अधिकतर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।मुख्यमन्त्री के जीरो टालरेंस नीति को अपनाते हुए एनआईसी विभाग को वेवसाइट बनाने के लिये निर्देश होने के बाद वार्षिक अप्रैजल के लिये अप्रैल माह में वेबसाइट खुलेगा जिसके तहत कर्मचारी स्वयं अपना डाटा फीड करेंगे।

## गंडक नदी से बरामद अनुराग की लाश की बिसरा सुरक्षित, डीएनए भी होगी जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। विशुनपुरा थाना क्षेत्र के गंडक नदी में एक लावारिश युवक की लाश मिली थी जिसके जेब से मिले मोबाइल की मदद से पुलिस ने युवक के शव की शिनाख्त की। सूचना पर विशुनपुरा थाने पर पहुंचे मृतक के भाई ने अनुराग की फोटो व कपड़ा देख अचेत हो गया। उसने भाई की हत्या का आरोप लगाया है। देर शाम को शव का अंतिम संस्कार पुलिस की मौजूदगी में परिजनों ने किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो सका। जांच के लिए बिसरा सुरक्षित कर लिया है, अब डीएनए जांच की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बता दें कि रामकोला थाना क्षेत्र के पकड़ी बांगर टोला निवासी राजेश श्रीवास्तव के 30 वर्षीय बेटे अनुराग श्रीवास्तव की शादी तय थी। 19 जनवरी की शाम को करीब पांच बजे अपनी शादी का कार्ड लाने के लिए नौरंगिया जाने के लिए घर से बाइक से निकला। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के बड़ी नहर बहुपरना गांव के सामने युवक की बाइक मिली और युवक लापता हो गया। अनुराग के भाई अभिलाष श्रीवास्तव ने नेबुआ नौरंगिया थाने में गुमशुदगी दर्ज कराया। छह फरवरी को अनुराग की शादी होने वाली थी। परिजनों ने एसपी से मिलकर अनहोनी की आशंका जताते हुए अनुराग का पता लगाने की मांग किया। एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्वॉट टीम, सर्विलांस के अलावा रामकोला और नेबुआ नौरंगिया पुलिस को लगाया, लेकिन अनुराग का मोबाइल बंद होने के कारण उसका पता नहीं लगा सका। विशुनपुरा थाना क्षेत्र के नहर में रविवार को युवक की लाश मिली। उसकी शिनाख्त नहीं हो कसी। पुलिस ने लाश को मोर्चरी में रखवा दिया और युवक के जेब से मिले मोबाइल से सिम कार्ड निकाल ट्रेस करना शुरू किया। बुधवार को परिजन अनुराग के नंबर पर फोन किया तो विशुनपुरा थाने का कोई पुलिसकर्मी रिसीव किया और बताया कि जिसका फोन है। उसकी लाश मोर्चरी में पड़ी है। अनुराग का भाई अभिलाष विशुनपुरा थाने में पहुंचा और फोटो व कपड़े से अपने भाई की पहचान की। अभिलाष श्रीवास्तव ने भाई की हत्या कर गंडक नदी में शव फेंकने का आरोप लगाया है।पुलिस क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज ने बताया कि 16 मार्च को विशुनपुरा क्षेत्र के मठिया माफी गांव के सामने गंडक नहर में अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ था, अज्ञात शव को थाना विशुनपुरा पुलिस द्वारा मर्चरी हाउस पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया था कि सूचना मिलने पर अभिलाष श्रीवास्तव पुत्र राजेश श्रीवास्तव निवासी पकड़ी बंगार थाना रामकोला द्वारा मर्चरी हाउस पर कपड़ों के पहनावा, मोबइल फोन आदि के आधार पर अज्ञात शव की पहचान अपने भाई अनुराग श्रीवास्तव के रूप में किया गया। चिकित्सक पैनल द्वारा शव का पोस्टमार्टम किया गया तथा विसरा संरक्षित किया गया है। प्रकरण में डीएनए परीक्षण आदि सहित सम्यक अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। कसया थाना क्षेत्र के बुद्ध नगरी वार्ड नंबर 21, विशुनपुरा में शुक्रवार को एक 21 वर्षीय बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा ने अपने किराए के कमरे में फंासी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान प्रतिभा सैनी (21) पुत्री सुरेंद्र प्रसाद निवासी ग्राम खुशीपट्टी, पिपरा जटामपुर, थाना कुबेरस्थान, कुशीनगर के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार, प्रतिभा बुद्धा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुशीनगर में बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा थी और पिछले तीन वर्षों से किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रही थी। शुक्रवार सुबह करीब 9:50 बजे प्रतिभा ने अपने घर पर बात की और मां से छोटे भाई मोहित को बुलाने के लिए कहा। इसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया। भाई जब कुशीनगर स्थित किराए के मकान पर पहुंचा तो कमरा बाहर से बंद था। दरवाजा खोलने की कोशिश के बाद भी न खुलने पर, वह पीछे से गया और अंदर देखा तो बहन का शव फंदे से लटका हुआ था। किसी तरह कमरे में जाकर भाई ने शव को नीचे उतारा और मकान मालिक को सूचना दी, जिन्होंने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी।

घटना की जानकारी मिलते ही कुशीनगर चौकी पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।इस घटना के बाद से मृतका के परिवार में मातम पसरा हुआ है। फिलहाल, आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस मामले की हर संभव पहलू से जांच कर रही है ताकि आत्महत्या के पीछे की वजह सामने आ सके। कुशीनगर चौकी प्रभारी गौरव शुक्ला ने बताया कि मामले की बारीकी से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### चाय नहीं देने पर महिला के साथ मारपीट मे पांच पर मुकदमा

**राजापाकड़/कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने गांव के पांच लोगों पर चाय नहीं देने पर उसके साथ मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी।पुलिस ने पीड़ित के तहरीर पर पाच व्यक्तियों पर मुकदमा दर्ज कर जाच कर रही है। खलवपट्टी निवासी ममता देवी पत्नी शिवप्रसाद गुप्ता ने पुलिस को दिए तहरीर में लिखी है कि 14 मार्च की दोपहर मन्नु,धन्नू,सन्नी,विकास व मुकेश ने उसके दुकान पर पहुचे और चाय मांगने लगे नही देने पर उक्त लोग भद्दी भद्दी गालियां देते हुए उसे मारने पीटने लगे। जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गयी।पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। जब कि प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया की महिला के तहरीर के आधार पर पाँच लोगों पर मारपीट सहित विभिन्न धराओ में केश दर्ज कर जाच की जा रही है।

### सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन आज

**राजापाकड़/कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दुदही विकास खंड के परिषदीय विद्यालयों से सेवानिवृत हो चुके शिक्षकों के सम्मान में शनिवार को दोपहर 12 बजे से शिक्षक भवन परिसर में आयोजित होगा। बीईओ डा. प्रभातचंद राय व प्राशिसं के अध्यक्ष अरुणेंद्र कुमार राय ने संयुक्त रुप से इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि यह सेवानिवृत शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। सेवानिवृत बेसिक शिक्षक कल्याण परिषद के जिलामंत्री अभिमन्यु प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि विधायक डा. असीम कुमार, विशिष्ट अतिथि बीएसए डा. रामजियावन मौर्य व भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनन्जय त्रिपाठी होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में जूशिसं के अध्यक्ष बांके बिहारी लाल, मंत्री योगेंद्र शर्मा, प्राशिसं के मंत्री रामनिवास जायसवाल व सभी पदाधिकारी, एआरपी, शिक्षक, शिक्षामित्र अनुदेशक मनोयोग से जुटे हैं।

### अंजली निषाद का जन्मदिन हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया

**राजापाकड़/ कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय तमकुही नं 1 की छात्रा अंजली निषाद का जन्मदिन, हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। शुक्रवार को कक्षा 6 की छात्रा अंजली निषाद के जन्मदिन के खबर की जानकारी जैसे ही छात्रों को हुई तो सभी ने अंजलि निषाद के जन्मदिन को हर्षोल्लास पूर्वक मनाने की बात कही। छात्रों ने केक काटकर अंजलि का जन्मदिन मनाया। पूर्व बीआरसी/पूर्व अध्यक्ष जूनियर शिक्षक संघ/वरिष्ठ प्रधानाध्यापक मिनहाज अहमद सिद्दिकी ने अंजलि निषाद के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान सोनम, खुशी, निधि पटेल, सिम्पी सिंह, मुस्कान, लक्की यादव, राधेश्याम,कुलदीप, प्रिती, निशा, गुड़िया पटेल गनी आदि रहे।

### बबलू राय बने ब्रह्मर्षि वेलफ़ेयर एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक

**कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** फाजिलनगर के दुबौली निवासी एवं विद्यावती देवी महाविद्यालय के संस्थापक, समाजसेवी बबलू राय को ब्रह्मर्षि वेलफ़ेयर एसोसिएशन का मुख्य संरक्षक नियुक्त किया गया है। संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष कामेश्वर नाथ राय ने श्री राय को भेजे संदेश में बताया है कि श्री बबलू राय को यह महत्वपूर्ण दायित्व संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा दिया गया है। यह निर्णय श्री राय की समाज के सभी वर्गों में सकारात्मक सोच, सहयोग की भावना और सहृदयता को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। श्री बबलू राय के मुख्य संरक्षक बनाए जाने पर क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें बधाई दी और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। बधाई देने वालों में बृजेश राय, दुर्गेश राय, डॉ. अभय राज राय, गुड्डू राय, यशपाल शुक्ला, राणा प्रताप मिश्रा, संदीप सिंह, पप्पू गुप्ता एवं रमेश चंद्र यादव समेत अन्य गणमान्य लोग शामिल रहे। बबलू राय ने इस दायित्व के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की नीतियों के अनुरूप समाज सेवा को प्राथमिकता देते हुए हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य करते रहेंगे।

### वनों के महत्व को उजागर करने के लिए मनाया जाता है अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस



**राजापाकड़/कुशीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शुक्रवार को तमकुही वन रेंज अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र सरगटिया करन पट्टी में पौधरोपण एवं गोष्ठी का आयोजन हुआ। अंतरराष्ट्रीय वन दिवस पर आयोजित गोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अजय राय ने कहा कि अगर हम आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वायु, जल और स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित करना चाहते हैं तो हमें वनों के संरक्षण के प्रति गंभीर होना पड़ेगा। वन क्षेत्राधिकारी हरिकेश बहादुर नायक ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा और वनों के महत्व को उजागर करने के लिए हर साल 21 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य वनों के संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देना है। केंद्र प्रभारी डा. अशोक राय ने कहा कि जीवन के लिए ऑक्सीजन, भोजन, ईंधन समेत तमाम प्राकृतिक संसाधनों की जरूरत होती है जो हमें वनों से प्राप्त होता है। ऐसे में वन का महत्व बहुत ज्यादा है। प्रगतिशील किसान पारसनाथ सिंह ने कहा कि राष्ट्र विकास की दिशा में इतने अग्रसर हैं कि वनों की कटाई बढ़ती जा रही है और जंगलों के स्थान पर ऊंची-ऊंची बिल्डिंग और सड़कों आदि ने ले ली है।

### मैनपुरी में फर्जी शस्त्र लाइसेंस बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़


**मैनपुरी।** मैनपुरी जिले के किशनी थाना पुलिस और सर्विलांस टीम ने मिलकर जिले में फर्जी शस्त्र लाईसेन्स बनाने वाले व फर्जी शस्त्र लाईसेंस पर अवैध असलहो के साथ सिक्योरिटी की नौकरी दिलाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हथियार जिंदा कारतूस ओर 3 शस्त्र लाइसेंस व कई मोहरे बरामद की है। अपर पुलिस अधीक्षक राहुल मिठास ने शुक्रवार को बताया कि प्रभारी निरीक्षक महाराज सिंह भाटी द्वारा व सर्विलांस प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र चौहान की टीम के सहयोग से थाना किशनी पुलिस ने 21 मार्च को मुखबिर की सूचना के आधार पर शिवपाल,सत्यप्रकाश, संजीव कुमार औरसंजीव को को कस्बा कुसमरा चौराहे पर गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से एक हाफ डबल बैरल बंदूक 12 बोर, दो बंदूक सिंगल बैरल 12 बोर व 01 हाफ सिंगल बैरल बंदूक 12 बोर व 3 फर्जी शस्त्र लाईसेंस व 7 जिंदा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार बदमाशों से पूछताछ के आधार पर फर्जी शस्त्र लाईसेन्स बनाने वाले अभियुक्त जबर सिंह और सुनील को एलाऊ रोड पर करीब 70 मीटर दूर पकड लिया गया।

## पं अनिरुद्ध शुक्ल उदारता व विशाल व्यक्तित्व के परिचायक थे: नंदकिशोर मिश्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पडरौना,कुशीनगर। पं अनिरुद्ध शुक्ल ने समाज मे अपना उदात्त चरित्र स्थापित किया। जो वचन दिया, उसे हर हाल में पूरा करने का उनमें जज्बा था। उसे पूरा करने के लिए हर अस्त्र का प्रयोग कर अपने लोगों का मान रखते थे। शिक्षा व शिक्षालयों की स्थापना व इनके संचालन के क्षेत्र में अद्वितीय कार्य उनके जीवन की अक्षय पूंजी हैं।

इस आशय के विचार नेहरू इंटर कालेज , मंसाछापर में शुक्रवार को आयोजित पं अनिरुद्ध शुक्ल की 85वीं जन्मजयंती व विद्यालय के वार्षिकोत्सव समारोह में भाजपा के कुशल संगठनकर्ता पूर्व विधायक पं नंदकिशोर मिश्र ने बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल के शिक्षाविद शिक्षण संस्थाओं के संस्थापक रहे पं शुक्ल ने निर्धन बच्चों को पढ़ाने व पढ़े लिखे युवकों को बड़ी संख्या में रोजगार देने का कार्य किया। जो उनकी उदारता व विशाल व्यक्तित्व के परिचायक थे। विशिष्ट अतिथि पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य फूलबदन कुशवाहा ने कहा कि पं




अनिरुद्ध शुक्ल ने पड़रौना के उत्तरांचल जैसे अत्यंत पिछड़े इलाके में शिक्षा की अलख जगाने में अहम भूमिका निभाई। माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग के पूर्व सदस्य दिनेश मणि त्रिपाठी ने कहा कि पं अनिरुद्ध शुक्ल मानवता के लिए उषा किरण जगाने वाले थे। शोषित, पीड़ितों के भाग्य जगाने वाले थे। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय कार्य किये। प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश महामंत्री रविन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि पं अनिरुद्ध शुक्ल अपने धुन के पक्के थे। जी ठान लेते थे उसे हर हाल में पूरा करते थे। उनका पूरा जीवन संत जैसा रहा। उनका शिक्षा व समाजसेवा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान रहा। प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश संरक्षक टीपी सिंह ने कहा संघर्षों से भरे जीवन की कठिनाइयों को पार करने वाले लौहपुरुष के रूप में उन्होंने खुद को साबित किया। समारोह को भदंत महेंद्र थेरो ने कहा कि मानवता की सेवा का पं शुक्ल ने अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है। जो अनुकरणीय है। डॉ मिथिलेश सिंह,रमेश सिंह, महंथ योगेश्वरनाथ, महंथ दीपकनाथ, समाजसेवी सुधीर शाही, श्याम मुरली मनोहर मिश्र, भाजपा महिला जिलाध्यक्ष चंद्रप्रभा पांडेय, प्रधानाचार्य परिषद के संरक्षक गोरख राय, जिलाध्यक्ष डॉ देवेंद्र मणि त्रिपाठी, अश्विनी पांडेय,गोविंद मिश्र, डॉ विपिन बिहारी चौबे,अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी बैजनाथ मिश्र, अजय शुक्ल। विषय प्रवर्तन पूर्व प्रधानाचार्य मदन मोहन पांडेय व प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ देवेंद्र मणि त्रिपाठी ने पं अनिरुद्ध शुक्ल के व्यक्तित्व व कृतित्व पर विशद प्रकाश डालकर विषय प्रवर्तन किया।स्वागत भाषण विद्यालय के प्रधानाचार्य साधु शरण पांडेय व हनुमान इंटर कालेज,पड़रौना के प्रबंधक मंनोज शर्मा सारस्वत ने किया।

बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राम जी अनमोल रे पंडित शुक्ला के मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि निश्चित रूप से ऐसे व्यक्तित्व अभिनंदन नहीं है जो इतने पिछड़े इलाके में शिक्षा की ज्योति को जलाने का काम किये। इस दौरान रियल पैराडायज एकेडमी पड़रौना की प्रधानाचार्य डॉ सुनीता पांडेय, सिविज जज दीपाली श्रीवास्तव, समाजसेवी श्रीमती मीनू जिंदल, स्योबाई गर्ल्स इंटर कालेज की प्रधानाचार्य श्रीमती मुकुल शुक्ल,जिला क्रीड़ा अधिकारी रवि निषाद जिला युवा अधिकारी सचिन जी प्रबंधक गांधी स्मारक इंटर कालेज हाटा प्रधानाचार नागेश्वर पट्टी पार्टी अशोक पांडे ए डॉक्टर कब सिंह चंद्रभूषण पाठक प्राचार्य परिषद के महामंत्री गोविंद मिश्रा अवधेश पांडे अशोक कुम डॉ अजय पांडे प्रमोद ओझा अशोक पांड डॉक्टर गोरख राय डॉक्टर देवेंद्र माली अध्यक्ष प्रधानाचार्य परिषद जनपद कुशीनगर सहित जनपद के प्रधानाचार्य का उपस्थित रहे दर्जनों प्रधानाचार्य के साथ प्रांतीय पदाधिकारीगण डा मिथिलेश सिंह , डा माधव सिंह अध्यक्ष प्रधानाचार्य परिषद देवरिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## अंडरपास बनाने के लिए दुकानें टूटने का नोटिस मिलने पर राज्यमंत्री से मिले व्यापारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर । जिले के पडरौना नगर में आएदिन लग रहे जाम से मुक्ति हेतु सुभाष चौक रेलवे ढाले पर रेलवे का अंडरपास प्रस्तावित है, इसका कार्य भी लगभग प्रारम्भ हो गया है। अंडरपास बनाने के लिए सड़के के किनारे अगल बगल बनीं लगभग 70 दुकानों को खाली करने और उन्हें तोड़ने का नोटिस रेलवे ने व्यापारियों को दे दिया है। रेलवे का नोटिस मिलने के बाद सभी 70 व्यापारियों के सामने अब रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है, उनका कहना है कि इसी दुकानों के सहारे हमारे घर के चूल्हे जलते हैं अगर ये दुकान टूट गयी तो फिर हम बेसहारा हो जाएंगे। रेलवे का नोटिस मिलने के बाद शुक्रवार को सभी व्यापारियों ने उत्तर प्रदेश सरकार में दर्ज़ा प्राप्त राज्यमंत्री राजेश्वर सिंह से मिलकर अपनी समस्या से उनको अवगत कराया। व्यापारियों की बातें सुनने के बाद मंत्री श्री सिंह ने कहा कि किसी भी व्यापारी की



दुकान न टूटे इसकी पूरी कोशिश की जाएगी और इसके लिए मैं रेलवे विभाग तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज से भी बात करूंगा।

इस दौरान मौजूद मनोनीत सभासद नीरज सिंह बिट्टू ने कहा कि हम सभी व्यापारियों के साथ कदम से कदम मिलाकर खड़े हैं किसी भी हालत में उनका उत्पीड़न और नुकसान नहीं होने दिया जाएगा तथा रेलवे के अधिकारियों को बुलाकर इस समस्या का हल निकाला जाएगा।

इस दौरान मुख्य रूप से सर्वेश जायसवाल, लल्लन जायसवाल, आकाश गुप्ता, रामु चौधरी, रामु शर्मा, जयकिशुन प्रसाद, मुख्तार अली, कृष्ण प्रताप सिंह, दीपक जायसवाल, दीपक मद्धेशिया, मेहरुद्दीन अंसारी, रीता अस्थाना, प्रवीण कुमार, विक्की कुमार, आकाश कुमार सिंह सहित अन्य सभी व्यवसायी उपस्थित रहे।

# हवा हवाई साबित हो रहा सीएम योगी का आदेश,रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट पर डग्गामार वाहनों का जमवाड़ा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोण्डा । चिराग तले अंधेरा की कहावत कहीं और नहीं जि ला मुख्यालय गोंडा रेलवे स्टेशन पर ही चरितार्थ हो रही है।चौंकिए नहीं वैसे तो रेल प्रशासन की नजर में कोई बड़ी बात नहीं है लेकिन मुद्दा बड़ा है।बात हो रही है अवैध रूप से रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट पर संचालित टैक्सी स्टैंड की। एक दो बार नहीं कई बार ट्विटर पर रेल प्रशासन के द्वारा आदेशित किया जाता है कि गोंडा रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट से अवैध टैक्सी स्टैंड को हटाया जाए तो ट्विटर पर जीआरपी पुलिस के द्वारा जवाब दिया जाता है कि जहां पर टैक्सी स्टैंड चल रहा है वह इलाका सिविल पुलिस में आता है।वही सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे लेकर कई बार आदेश जारी किए।मजाल है कि जिम्मेदारों के कान पर जूं तक रेंगी हो।पहली बार दिए गए आदेश पर तो कुछ हरकत हुई दूसरी और तीसरी बार के निर्देश पर कुछ भी नहीं।नतीजा बड़गांव पुलिस चौकी जय नारायण चौराहा से लेकर गोंडा रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट और सेम रा पुलिस चौकी क्षेत्र तक अवैध टैक्सी स्टैंडों का संचालन बदस्तूर जारी है।शुरूआत रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर से ही करते हैं। रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर संचालित टैक्सी व बस स्टैंड कैसे चल रहा है ? यहां से ई- रिक्सा समेत अन्य डग्गामार वाहन बेखौफ होकर सवारियां भरते हैं।पहली बार जारी आदेश पर इसे पीछे किया गया,लेकि न अब फिर गोंडा-बलरामपुर ओवरब्रिज ढलान तक चल रहा है।गोंडा रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार और जय नारायण चौराहे पर गोण्डा- बलरामपुर रोड़ पर तो अवैध टैक्सी स्टैंड वालों की बादशाहत चलती है।रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट पर तो खैर कहना ही क्या,टैक्सियां और ई-रिकशा यहां ऐसे खड़ी होती हैं जैसे एलाट किया गया हो स्थल।रेल के अधि कारी लिखते - लिखते हार गए लेकिन सब जस का तस ही है।कई शिकायतों के बावजूद भी गोंडा रेलवे स्टेश न के मुख्य द्वार और जय नारायण चौराहे पर अवैध टैक्सी स्टैंड चल रहे हैं,लेकिन कोई पूछने वाला नहीं हैं।

### निजी ठेकेदारों के संरक्षण में चल रहे हैं टैक्सी स्टैंड

सूत्रों के अनुसार गोंडा रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट पर चल रहे टैक्सी वाहन स्टैंड रेल व जिला प्रशासन का कोई अंकु श नहीं है,इन्हें तो पुलिस से मिलकर निजी ठेकेदारों द्वारा संरक्षित कर चलाया जा रहा है।इनकी वसूली मुट्ठी भर लो गों की मालकियत बन चुकी है।गोंडा रेलवे स्टेशन को आद र्श रेलवे स्टेशन का दर्जा दिया गया है।वही रेलवे स्टेशन पर आए दिन सवारियों को बैठाने को लेकर गाड़ियों के ड्राइवर आपस में ही भिड़ जाते हैं।लेकिन फिर भी जिम्मेदार अंजान बने हुए हैं।

# सीईओ कुलदीप मिश्रा ने मोटे अनाज के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए लगया जागरूकता स्टॉल



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा । भारत में प्रोड्यूसर कंपनी सीएफसी से बने मोटे अनाज और मक्के से बने उत्पाद को खाने में उपयोग कर ने के प्रचलन को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदि त्यनाथ के दौरे पर स्वशासी मेडिकल कॉलेज परिसर में सीईओ कुलदीप मिश्रा ने एक जागरूकता स्टाल लगाया गया मुख्यमंत्री ने स्टॉल पर जाकर अवलोकन किया और कहा कि कोरोना काल में मोटे अनाज के महत्व की जान कारी दुनिया को हुआ।उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में मोटे अनाज के उपयोग करने की वजह से लोगों में रोग प्रतिरो धक क्षमता इतनी विकसित थी कि उन्हें कोरोना का वायर स बहुत प्रभावित नहीं कर सका।यही वजह है कि भारत सरकार मोटा अनाज उपजाने के लिए किसानों को जहां प्रोत्साहित कर रही है।वहीं आमलोगों को इसके उपयोग के लिए प्रेरित करने का काम कर रही है।इसके अलावा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समूहों के उत्पादों की भी सराहना कि है।वही सीईओ कुलदीप मिश्रा कहा कि पूरे दिन मेडिकल कॉलेज में आने वाले लोगों को मोटे अनाज के बारे में जानकारी दी गई जिससे की आमलोग मोटे अ नाज के उपयोग के महत्व को समझ सकें।

# दबंगों ने मामूली जमीनी विवाद में फ़ेका हथगोला,बुजुर्ग की दर्दनाक मौत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गोण्डा । तरबगंज थाना क्षेत्र में एक ज़मीनी विवाद के चलते शीशव गांव में दो पक्षों के बीच झड़प हो गई जिसमे एक पक्ष ने बुजुर्ग व्यक्ति पर हथ गोले से हमला कर दिया जिस से बुजुर्ग व्यक्ति की हथगोले की चपेट में आकर मौत हो गई।इस घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया है और पु लिस ने पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया है।वही

मिली जानकारी के अनुसार,गांव में दो परिवारों के बीच एक दीवार को लेकर विवाद चल रहा था।आरोप है कि बुजुर्ग के पाटीदार ने गुस्से में आकर उनके घर की छत पर हथगोला फेंक दिया,जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गांव में सुरक्षा बढ़ा दी गई।मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।पीड़ित पक्ष ने अपने पट्टीदार के दो सगे भाइयों पर हत्या का आरोप लगाया है, और पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।इस भयावह घटना से पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है,और ग्रामीणों में आक्रोश है।पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है और जल्द ही कार्रवाई की बात कही है।

# जल्द बेरोजगार हो जाएगी स्वयं सहायता समूह

**एजेंसी**

गोण्डा । एक तरफ जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जोर स्वयं सहायता समू हों को बढ़ावा देने पर है, वहीं दूसरी ओर जिले की मुख्य चिकित्सा अधिकारी सरकार की मंशा के विपरीत अस्पता लों में भोजन की व्यवस्था संभालती आ रही समूह को कि नारे कर अब टेंडर प्रक्रिया से अपने करीबी को ठेका देकर भोजन मुहैया करवाने जा रही हैं।जिले के स्वास्थ्य विभाग द्वारा टेंडर निकाला गया है,जिसके तहत अब ठेका देकर अस्पतालों में भोजन की व्यवस्था कराई जाएगी।अब तक यह काम स्वयं सहायता समूह द्वारा किया जा रहा था।ब ताते चलें कि अभी छह मार्च को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने गोण्डा मेडिकल कॉलेज में शक्ति रसोई का शुभारंभ कि या है,जिसका संचालन रंजना स्वयं सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है।यह रसोई



अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों और उनके तीमा रदारों को सस्ते दरों पर स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध करा रही है।डीएम नेहा शर्मा का कहना है कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य कमजोर वर्गों को राहत प्रदान करना तथा जनपद की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है।वहीं दूसरी तरफ इसके इतर जिले की सीएमओ डॉ.रश्मि वर्मा द्वारा स्वयं सहायता समूह को दरकिनार कर ठेके पर भोजन उपलब्ध कराने की योजना तैयार की गयी है,जिसके अन्तर्गत आने वाले दिनों में जिले के तमाम स्वयं सहायता समूह बेरोज गार हो जाएंगे,क्योंकि अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों के लिए जो खाना अभी तक स्वयं सहायता समूह की महि लाएं बना रही थीं,अब वही खाना टेंडर लेने वाले ठेकेदार बनवाएंगे,जिसके लिए बाकायदा सीएमओ कार्यालय से जैम पोर्टल पर टेंडर तक निकाला जा चुका है। 11 मार्च को निकाले गए टेंडर की आखिरी तारीख 22 मार्च है। शुक्रवार को इच्छुक ठेकेदारों को टेंडर डालने के लिए आमंत्रित किया गया।टेंडर की शर्तें बाकायदा जैम पोर्टल पर अपलोड की गई हैं।बताते हैं कि जैम पोर्टल पर अप लोड की गई शर्तों को देखकर पसीना छूट जाएगा?।ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'एक जिला एक उत्पाद' को बढ़ावा देने तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने की योजना को जिले की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.रश्मि वर्मा द्वारा पलीता लगाया जा रहा है।लोगों का कहना है कि शायद सीएमओ डॉ. रश्मि वर्मा को सीएम योगी आदित्यनाथ और जिले की डीएम नेहा शर्मा की स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देने तथा इसके जरिए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की मंशा रास नहीं आ रही है।यही वजह है कि वह अस्पताल में स्वयं सहायता समूह के बजाय इस बार ठेका नीति लागू करने जा रही हैं, जबकि वर्षों से जिला अस्पताल से लेकर सीएचसी अथवा पीएचसी तक स्वयं सहायता समूहों द्वारा ही मरीजों के लिए भोजन बनाया जाता रहा है।

### सीएमओ रश्मि वर्मा स्वयं सहायता समूह से काम खेलने की कर रही है तैयारी

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश के विपरीत कार्य कर रही है जिले की सीएमओ.

# भूगर्भ जल में बढ़ोत्तरी, सिंचाई के लिए उपयोगी सिद्ध हुई है खेत तालाब योजना

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच । उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश के किसानों को सिचाई, बुआई, वीज, खाद, कृषि उपकरण सहित लाभ पहुंचाते हुए हर स्तर पर सुविधा दे रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों को परम्परागत ढंग से सिचाई के लिए श्खेत तालाब योजनाश लागू की है। यह योजना प्रदेश के सभी किसानों के लिए है। योजना के अंतर्गत प्रत्येक किसान जो अपने खेतों के आसपास, बीच में तालाब बनायेगें, उन्हें राज्य सरकार की ओर से सब्सिडी प्रदान की जा रही है। प्रदेश सरकार की इस योजना को शुरू करने का उद्देश्य यह कि बरसात का पानी जमा करा कर किसानों की खेती में सिंचाई की मात्रा को बढ़ावा देना है इससे किसानों को दोनों तरफ से लाभ प्राप्त होगा। किसान खेत में फसल की सिंचाई के साथ-साथ मत्स्य पालन भी कर सकते हैं। सरकार की खेत तालाब योजना से भूगर्भ जल में बढ़ोत्तरी भी हो रही है और किसानों की फसल में अच्छा उत्पादन भी हो रहा है

उत्तर प्रदेश खेत तालाब योजना किसानों के लिए शुरू की गयी है। इस योजना के माध्यम से प्रत्येक किसान जो अपने खेत के सामने या बीच में, जहाँ बारिश का पानी ज्यादा इकट्टा होता है अगर वहाँ किसान तालाब बनाते हैं, तो किसानों को इस योजना के तहत 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी प्रदान की जाती है। इस तालाब का मुख्य उद्देश्य यह भी है कि बरसात के मौसम में दो चार दिन तक लगातार बारिश के समय जो बरसाती पानी फसलों को बर्बाद कर देता है, उसे तालाब बना कर इकट्ठा कराया जाए, इससे किसानों की फसल सुरक्षित रहेगी और इकट्ठे पानी से किसानों को सिंचाई के लिए ट्यूबवेल का इस्तेमाल ज्यादा नहीं करना पड़ेगा। साथ ही जिन किसानों के पास सिंचाई के लिए मोटर सुविधाएं जो बिजली से चलती हो और वहां लाइट की सुविधा न पहुंच पा रही हो उस स्थिति में किसानों की खेती की सिंचाई के लिए पानी की सुविधा देने के लिए तालाब बनवाये जायें। ताकि किसानों को खेती ने सिंचाई करने में किसी भी प्रकार की समस्या न उठानी पड़े। तालाबों में किसान बरसात एवं अन्य स्थानों से आने वाले पानी को एकत्र कर सकेंगे और अपनी फसलों को ठीक से सिंचित कर सकेंगे।

खेत तालाब योजनान्तर्गत खेत में प्लास्टिक लाइनिंग पौंड साइज 20202 मीटर (फैब्रिक एरिया 635 वर्ग मीटर), प्लास्टिक लाइनिंग पौंड साइज 32323 मीटर (फैब्रिक एरिया 1426 वर्ग मीटर), प्लास्टिक लाइनिंग पौंड-साइज 45453 मीटर (फैब्रिक एरिया 2642 वर्ग मीटर) आकार के तालाब खुदवाने का प्राविधान है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत उत्तर प्रदेश खेत तालाब योजना में अनुदान राशि राज्य के सभी श्रेणी के कृषकों को लागत का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम राशि रूपये 52,500 कच्चे फार्म तालाब पर और 75,000 रूपये की राशि प्लास्टिक लाइनिंग कार्य के साथ 300 आइक्रोन बीआईएस के लिए देय है। बुंदेलखण्ड का सूखे से बचाने में खेत तालाब योजना से बहुत मदद मिली है। राज्य के अधिक से अधिक किसानों को इस योजना का लाभ प्रदान कराया गया है। राज्य में पिछले आंकडों के हिसाब से बुंदेलखण्ड को चित्रकूट, बाँदा, हमीरपुर, जालौन, झांसी, महोबा, ललितपुर में हजारों किसानों के खेत में तालाब बनाए गए हैं। जिसमें किसान वर्षा का पानी एकत्रित कर अपनी फसल की सिंचाई करते हुए उत्पादन में बढोङ्करी कर रहे हैं।

इच्छुक लाभार्थी किसान राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई, इस योजना में लाभ लेना चाहते हैं, तो उन्हें योजना की ऑफिशियल वेबसाइट यूपीएग्रीपारदर्शी डाट जीओवी डाट इन पर जाकर आवेदन करना होता है। खेत तालाब योजना के शुरू होने से वे सभी किसान जो पहले पानी की समस्या को लेकर और तालाब बनाने के लिए असमर्थ थे अब वह आसानी से योजना का लाभ उठा कर अपने खेतों में तालाब का निर्माण कर सकते हैं। उङ्कार प्रदेश खेत तालाब योजना भूगर्भ जल के स्तर में वृद्धि लाने में भी सहायक हो रहा हैं। उङ्कार प्रदेश खेत तालाब योजना का लाभ प्रदेश के अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक तथा लघु सीमान्त किसानों को भी मिलेगा। प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गयी इस योजना का लाभ परिवार में केवल एक ही किसान उठा सकता है। योजना में आवेदन वही किसान करेंगे जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक हो। इस योजना के अतंर्गत किसानों के पास बैंक खाता होना आवश्यक है। बैंक अकाउंट आधार कार्ड से लिंक भी होना चाहिए।

वर्तमान सरकार ने बुन्देलखण्ड क्षेत्र सहित प्रदेश के अन्य जनपदों में सिंचन क्षमता बढ़ाने के लिए खेत तालाब योजना का विस्तार करते हुए प्रदेश के अतिदोहित एवं दोहित जिलों में खेत तालाबों का निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया है। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में नवम्बर 2024 तक 31180 से अधिक खेत तालाबों का निर्माण किया गया है, जिससे किसान अपनी हजारों एकड़ फसल की सिंचाई मत्स्य पालन करते हुए, खाद्यान्न उत्पादन कर आर्थिक स्थिति मजबूत कर रहे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का ध्येय है कि प्रदेश के किसान खेत तालाब योजना का लाभ उठाते हुए अपना विकास करें। प्रदेश सरकार ने आगामी वर्षों में एक लाख खेत तालाब बनवाने का लक्ष्य रखा है, जिसको साकार करने के लिए कृषि विभाग के अधिकारी लगातार किसानों से सम्पर्क करते हुए तालाब बनवा रहे हैं।

## टीबी मरीजों की मदद के लिए आगे आई गोण्डा पुलिस

गोण्डा कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को टीबी मुक्त बनाने के आह्वान पर गोंडा पुलिस ने बड़ी पहल की है।पुलिस अ धीक्षक विनीत जायसवाल ने दो टीबी मरीजों को गोद लि या है।राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत चल रही 'नि क्षय मित्र योजना' के तहत यह कदम उठाया गया है।अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत और पश्चिमी राधेश्याम राय ने भी एक-एक मरीज को गोद लिया है। जिले के सभी पांच क्षेत्राधिकारी और 17 थाना प्रभारी भी इस नेक काम में शामिल हुए हैं।सभी ने एक-एक टीबी म रीज को गोद लिया है।पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयो जित कार्यक्रम में सभी मरीजों को पोषण पोटली वितरित की गई।निक्षय मित्र योजना का मुख्य उद्देश्य टीबी रोगियों को पोषण,निदान और व्यवसायिक सहायता प्रदान करना है।सरकार का लक्ष्य 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बना ना है।इस योजना में कोई भी नागरिक,जनप्रतिनिधि, राज नीतिक दल,एनजीओ या कॉर्पोरेट टीबी मरीज को गोद ले सकता है।कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी नगर आनंद कुमार राय क्षेत्राधिकारी सदर शिल्पा वर्मा और स्वास्थ्य विभाग के अ धिकारी मौजूद रहे।सभी ने एक स्वर में कहा -टीबी हारेगा, देश जीतेगा।

## आधुनिक खेती से होंगी किसानों की उन्नति:विपेन्द्र सिंह

जरवल बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जरवल ब्लाक सभागार में महा पराक्रमी वीर शिरोमणि राष्ट्र गौरव महाराजा सुहेलदेव की स्मृति किसान मेले का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में ब्लाक प्रमुख जरवल विपेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे।मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि सरकार द्वारा समय-समय पर स्टाल लगाकर किसानों को आधुनिक खेती के बारे में जागरूक किया रहा है,जिससे किसान उन्नति खेती कर लाभ प्राप्त करें। और अपनी आमदनी दो दुगनी करे।उन्होंने स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा किसानों द्वारा उत्पादित फसलों को देखकर उनकी प्रशंसा की।किसानों को जागरूक बनाने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। इस अवसर पर एडीओ एजी सतेन्द्र तिवारी, गोदाम प्रभारी मयंक वर्मा, अरुण कुमार यादव,अशोक मिश्रा, रामसमुझ यादव,राजकुमार यादव,अजय कुमार वर्मा,रूपेंद्र कुमार, सुंदरलाल गौड़, सुरेंद्र गौतम, अमरेश वर्मा, जानकी गोस्वामी, त्रिलोकी नाथ गौड़, नफीस अहमद, संतोष कुमार निषाद, पीर मोहम्मद, राजा गुप्ता, शमशेर सिंह, नीलम कुमारी अवस्थी, कोमल यज्ञसैनी, रामा देवी यादव सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# पत्रकार की हत्या के विरोध में ग्रा.प.एसोसिएशन ने सौपा ज्ञापन



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा । बीते दिनों सीतापुर जनपद के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की दिनदहाड़े हाईवे पर गोली मारकर की गई निर्मम हत्या को लेकर आज जिले के पत्रकारों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा गया।ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के बैनर तले शुक्रवार को बड़ी संख्या में पत्रकार तहसील पहुंचे और सीतापुर के एक दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता राघवेन्द्र वाजपेयी की नृशंस हत्या पर गहरा दुःख व्यक्त किए। संगठन के तहसील प्रभारी वरिष्ठ पत्रकार दिनेश कुमार पांडेय ने कहा कि सरकार चौथे स्तंभ की सुरक्षा का दावा तो करती है, लेकिन उस पर अमल नहीं किया जाता है। पूरे प्रदेश में पत्रकारों के उत्पीड़न की घटनाएं आए दिन बढ़ती जा रही हैं।इन पर फर्जी मुकदमे दर्ज किए जाते हैं और हत्याएं की जा रही हैं लेकिन सरकार चुप रहती है।इससे अपराधियों और अराजकतत्वों का मनोबल बढ़ता है। यह लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है।तहसील अध्यक्ष राकेश दत्त राम पांडेय ने कहा कि यदि पीड़ित परिवार को न्याय न मिला तो आरपार की लड़ाई लड़ी जाएगी और तहसील व जिला से लेकर पूरे प्रदेश में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन बड़े पैमाने पर आंदोलन के लिए बाध्य होगा। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को एक करोड़ रूपए मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाय। उन्होंने पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की। संगठन के जिला अध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने कहा कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन कृतसंकल्प है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए।ग्रामीण पत्रकार एसो सिएशन द्वारा उप जिलाधिकारी अवनीश त्रिपाठी की गैरमौजूदगी में नायब तहसीलदार अनिल कुमार तिवारी को ज्ञापन सौंपा गया।इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार आरपी.सिंह,तहसील उपाध्यक्ष भूपेंद्र मिश्रा,मंत्री सुनील त्रिपाठी,अशोक श्रीवास्तव,ज्ञानेंद्र चौधरी,दिनेश नारायन त्रिपाठी,अंकित उपाध्याय,राम पाल उपाध्याय,केके दुबे, केएन मिश्र,ज्योति वर्मा, रूबी अवस्थी ,महबूबअहमद, राकेश सिंह,संजय यादव,रेहान रजा,प्रभाकर पाण्डेय, वहीदुल्लाह चौधरी,आफताब खान आदि पत्रकार उपस्थित रहे?।




# 02 दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना हुआ कृषकों का दल

बहराइच । के.वी.के. उन्नत ग्राम योजना 2024-25 के अन्तर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच एवं नानपारा द्वारा चयनित 05-05 ग्रामों के 50-50 किसानों के दल को वृहस्पतिवार को नरेंद्रदेव कृषि एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के लिए रवाना किया गया। शैक्षणिक भ्रमण पर जाने वाले 100 सदस्यीय दल को कृषि विज्ञान केंद्र बहराइच के कृषि वैज्ञानिक डॉ अरूण कुमार राजभर, डॉ. शैलजा प्रियंका सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा के कृषि वैज्ञानिक डॉ. उमेश कुमार, एसडीओ नानपारा सुधीर कुमार मिश्रा व सदर बहराइच उदय शंकर सिंह द्वारा संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

# नगर के मुख्य चौराहों पर कोतवाल नानपारा ने चलाया चेकिंग अभियान, 28 ई रिक्शा सीज



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नानपारा, बहराइच। नगर में तेजी से बढ़ती ई रिक्शो की तादाद ने जहां लोगों को आने जाने में सुविधा प्रदान की है वहीं यातायात नियमों को ताख़ पर रखकर चल रहे इन ई रिक्शों ने अतिव्यस्तम इलाकों पर जाम जैसी स्थिति करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। मनमाने ढंग से चल रहे इन ई रिक्शों पर नानपारा पुलिस ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए चेकिंग अभियान चलाया है, चूंकि यह माह पवित्र रमजान का चल रहा है, कुछ ही दिन ईद के भी रह गये है ऐसे में चौक बाजार, इमामगंज चौराहा, पुरानी तहसील सुबह, दोपहर, शाम खचाखच भरा रहता है। कई दिनों से मिल रही जाम की शिकायत को लेकर कोतवाल नानपारा प्रदीप कुमार सिंह ने अपनी टीम के साथ वाहन चेकिंग अभियान चलाया और बिना लाईसेंस, बिना डीएल और बिना परमिट वाले ई रिक्शा चालकों पर कड़ी कार्यवाही करते हुए 28 ई रिक्शों को सीज कर दिया। चेकिंग अभियान में विशेष रूप से नाबालिगों द्वारा चलाए जा रहे ई रिक्शों पर सख्ती बरती है, साथ ही अन्य ई रिक्शा चालकों को यातयात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक भी किया गया। कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि समय समय पर ऐसे अभियान चलते रहेगे ताकि नगर में जाम जैसी स्थिति उत्पन्न न हो और न ही नगरवासियों को किसी प्रकार की कोई असुविधा उत्पन्न हो।

# डायमंड हॉकी क्लब द्वारा आयोजित अटल बिहारी वाजपेई मेमोरियल प्रादेशिक हॉकी प्रतियोगिता का हुआ भव्य शुभारम्भ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पूरनपुर।हरिबाबू के प्लॉट निकट सिरसा चौराहा पर प्रदेश स्तर की हॉकी प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, विशिष्ट अतिथि पूरनपुर चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता, एसडीएम पूरनपुर अजीत प्रताप सिंह,विधायक पुत्र रितुराज पासवान, तहसीलदार हबीबुर्रहमान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा,नगर अध्यक्ष भाजपा हर्ष प्रधान के द्वारा सामूहिक रूप से फीता काटकर किया गया। उसके उपरांत भसीन इंटरनेशनल स्कूल एवं आरएसआरडी सरस्वती विद्या मंदिर द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए जिसकी सभी अतिथियों ने खूब प्रशंसा की।प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच हरदोई और मझोला क्लब के मध्य खेला गया। डायमंड क्लब के अध्यक्ष महेश आज़ाद ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश की 16 टीम प्रतिभाग करेंगी जिसका समापन 26 मार्च को किया जाना है। उद्घाटन मैच में दोनों ही टीमों में घमासान मुकाबला चला जिसमें दोनों ही टीमें गोल करने के लिए संघर्ष करती रहीं परन्तु मध्यांतर तक कोई टीम गोल नही कर सकी। लम्बे संघर्ष के बाद मैच के 47 वें मिनट में हरदोई ने पैनाल्टी कार्नर में कप्तान जतिन के हाथों शानदार गोल दागे जाने पर बढ़त बना ली। अंतिम क्षणों में मझोला के प्रकाश सिंह ने शानदार फील्ड गोल करके टीम को बराबरी पर ला दिया। उसके बाद मैच बराबरी पर हो जाने के कारण पेनाल्टी शूटआउट कराये गए जिसमें हरदोई ने जीत दर्ज की।इस मैच के निर्णायक मनोज कुमार एवं मुमताज़ अली रहे तथा मैच का आँखों देखा हाल राजीव सक्सेना एड. आशीष मिश्रा, दिनेश आज़ाद ने सुनाया। टेक्निकल टेबल पर एम. अहमद, राजेश आज़ाद उपस्थित रहे। साथ ही मैच के दौरान घायल होने पर प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी पूरनपुर से अनुज पाण्डेय, डीसीपीएम उत्तम सिंह, प्रशांत आज़ाद रहे। प्रतियोगिता की समस्त व्यवस्थाओं में नगर पालिका परिषद पूरनपुर महत्वपूर्ण सहयोग रहा।इस उद्घाटन मुकाबले को देखने के लिए प्रमुख रूप से संजय सक्सेना एड.,सभासद सौरभ सक्सेना 'रासू', सभासद सूरज बाथम, सुरेश कौशल, राजेश गौतम, प्रधानाचार्य पीआईसी, अमन सक्सेना,अश्वनी सक्सेना, अखिलेश शुक्ला, बृजकिशोर सक्सेना,आलोक सक्सेना, नितिन सक्सेना, वासु सक्सेना, दुर्गेश सक्सेना,राजा भारद्वाज, रोहित आज़ाद ऋषि आज़ाद, रजनी वर्मा, राजेश कश्यप, विवेक तिवारी, सलिल आज़ाद आदि लोग उपस्थित रहे हैं।

# कांग्रेस ने प्रदीप सिंघल को एक बार फिर बनाया जिलाध्यक्ष



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

### केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय में नेताओं व कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया

अमेठी । कांग्रेस पार्टी द्वारा अमेठी जनपद का जिला अध्यक्ष एक बार फिर से प्रदीप सिंघल को बनाया गया है। इसकी जानकारी मिलते ही शुक्रवार को केंद्रीय कार्यालय गौरीगंज पर बधाई देने वाले लोगों का तांता लगा रहा। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल के मनोनयन पर कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों सहित वरिष्ठ लोगों ने जिला अध्यक्ष सहित एक दूसरे को मिठाई खिलाया और ब्लाक अध्यक्षो ने खूब गोले पटाखे फोड़े।गौरतलब है कि प्रदीप सिंघल को पहली बार 2019 में पार्टी की कमान सोपी गई थी. इसके बाद विपरीत परिस्थितियों में उन्होंने कार्यकर्ताओं की एकजुट रखते हुये संगठन की मजबूती पर काम किया जिसका असर 2024 के चुनाव में देखने को मिला और भारी अंतर के साथ कांग्रेस को अमेठी लोकसभा चुनाव में जीत मिली जिसके बाद एक बार फिर से शीर्ष नेतृत्व ने उन पर बड़ा भरोसा जताते हुये पार्टी की कमान सौंपी हैं।जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता पर शीर्ष नेतृत्व ने इतना बड़ा भरोसा जताया है इसके लिये मैं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा का आभार ज्ञापित करता हूं। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलते हुये आगामी विधान सभा चुनाव में पांचो विधानसभा सीटों पर कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करना मेरा लक्ष्य होगा।उक्त जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल सिंह ने दी है।

# सरकारी स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर चुके छात्र का पुलिस में हुआ चयन विद्यालय स्टाफ ने जताई खुशी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पूरनपुर। विकास खंड के गांव गड़ा कला जो कि अति पिछड़े इलाके पड़ोसी जनपद मैलानी के जंगल के पास में बसा है ।उसी ग्राम के कंपोजिट विद्यालय से पूर्व में अध्यनरत छात्र गगन का हाल ही में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा में आरक्षी पद पर चयन हुआ है। इस मौके पर विद्यालय के समस्त स्टाफ और बच्चों में खुशी की लहर दौड़ गई है।इस मौके पर छात्र गगन को अध्यापक हुकुम सिंह ने मिठाई खिलाकर शुभ कामनाएँ दी है।इससे पहले 2022 में एक और पूर्व छात्र विपिन सिंह का सस्त्र सीमा बल में चयन हो चुका है।आज दोनों पुरातन छात्रों को विद्यालय में सम्मानित किया गया और उक्त दोनों पुरातन छात्रों ने बच्चों को मेहनत से पढ़ने और रोज स्कूल आने वा गुरूजनों का सम्मान करके आगे सरकारी पदों पर चयन होने की सलाह दी और बच्चों ने उन दोनों पूर्व छात्रों की सलाह पर चलने और सफ़ल होने का प्रण लिया है। इस मौके पर इंचार्ज अध्यापिका मंजू रानी, अध्यापक सोहन और अध्यापिका ममता देवी सभी ने खुशी मनायी और दोनों पुरातन छात्रों को शुभ कामनाएँ दी है।

# बसंतकालीन गन्ना बुवाई का गन्ना विभाग ने चलाया प्रचार प्रसार का अभियान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




### अपने खेतों में गन्ने की नवीनतम किस्मों की बुवाई करे किसान : डीसीओ

पूरनपुर।वर्तमान मे बसंतकालीन गन्ना बुवाई का कार्य तेजी से चल रहा है।जनपद मे अब तक 27278 हे. मे गन्ना बुवाई की जा चुकी है जो कि लक्ष्य का 58 प्रतिशत है।जनपद मे इस वर्ष 46600 हे मे बसंतकालीन गन्ना बुवाई होना है। बसंतकालीन गन्ना बुवाई जागरूकता अभियान के तहत गन्ना विकास परिषद पूरनपुर के ग्राम लाह मे किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया।किसान गोष्ठी मे खुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत ने किसानो को बताया कि वह ऐसे खेत से बीज का चयन करे जिसमे कीट एवं बीमारी का प्रकोप न हो।बोने से पहले काटे गये बीज के टुकड़ो को थायोफिनेट मेथाइल या बाविस्टीन से उपचारित जरूर करे।दोनों मे से किसी एक रसायन का एक प्रतिशत का घोल बना के काटे गये बीज गन्ना के टुकड़ो को 10 मिनट तक घोल मे डुबो दे इसके पश्चात ही बुवाई करे।ऐसा करने से कवक से होने वाली बीज जनित बीमारी जैसे लाल सड़न रोग,कँडुवा रोग, पेड़ी का बौना रोग नहीं होती है।दीमक से बचाव हेतु 3 मिली. प्रति लीटर पानी के घोल मे 20 प्रतिशत ई. सी. क्लोरोपायरीफास मे बीज को डुबोना चाहिए।बीज उपचार करने से पौधों को शुरुआती सुरक्षा मिलती है। अंकुरण ठीक होता है, बीज को सड़ने से बचाया जा सकता है तथा साथ ही पोषक तत्वों को बढ़ावा मिलता है।गन्ना बुवाई हमेशा ट्रेंच विधि, रिंग पिट विधि या पैयर्ड रो विधि से करे।अश्वीकृत गन्ना किस्मो की बुवाई बिलकुल न करे। कोशा 91279, पी बी. 93, पी बी. 95, को 11055 गन्ना किस्मे अपने यहाँ के लिए स्वीकृत नहीं है इनकी बुवाई न करे।अगर किसी ने अस्वीकृत किस्म का गन्ना बोया तो उसका सर्वे नहीं किया जायेगा। यदि कोई इन किस्मो का गन्ना बीज बेचते पकड़ा जायेगा तो उसके खिलाफ बीज अधिनियम, 1966 के तहत कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर संजय श्रीवास्तव ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पूरनपुर, पुष्पेंद्र चिकारा गन्ना प्रबंधक एलएच चीनी मिल,अजय यादव मुख्य गन्ना अधिकारी पूरनपुर चीनी मिल,गाँव के गन्ना किसान मुकेश वर्मा,प्रेम सागर वर्मा, द्वज्वाला प्रसाद, अवनीश,टीकाराम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे हैं।

# अभिषेक सिंह राणा पुन: बने कांग्रेस जिलाध्यक्ष

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुल्तानपुर। कांग्रेस पार्टी ने एक बार फिर अपने भरोसेमंद नेताओं को संगठन की कमान सौंपी है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने जिलाध्यक्ष पद पर अभिषेक सिंह राणा और शहर अध्यक्ष पद पर शकील अंसारी की नियुक्ति की है। इन नियुक्तियों के बाद जिले से लेकर लखनऊ और दिल्ली तक चल रही राजनीतिक अटकलों पर विराम लग गया है। अभिषेक सिंह राणा और शकील अंसारी दोनों पहले भी इन पदों पर रह चुके हैं और कांग्रेस संगठन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है। उनकी दोबारा नियुक्ति को पार्टी के स्थायित्व और मजबूती के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। कांग्रेस नेतृत्व ने उनके पिछले कार्यकाल के प्रदर्शन को देखते हुए यह निर्णय लिया है। अपनी नियुक्ति के बाद अभिषेक सिंह राणा और शकील अंसारी ने कांग्रेस हाईकमान, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद तिवारी के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि वे पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जिले में मजबूती से लागू करेंगे और संगठन को और अधिक सशक्त बनाएंगे।इन नियुक्तियों से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश देखा जा रहा है। पार्टी कार्यकर्ताओं का मानना है कि इससे संगठन को नई दिशा मिलेगी और आगामी चुनावों में कांग्रेस की स्थिति मजबूत होगी। पार्टी के इस फैसले से कांग्रेस संगठन को स्थानीय स्तर पर मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है, जिससे पार्टी आगामी रणनीतियों को और प्रभावी ढंग से लागू कर सकेगी।

# बच्चों को बचपन से ही धर्म और संस्कारों की शिक्षा देनी चाहिये : आचार्य कमलेश मिश्र



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

तिलोई अमेठी । क्षेत्र के कस्बा सेमरौता में चल रही श्रीमद भागवत कथा में कथा व्यास आचार्य कमलेश जी मिश्र ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा के श्रवण से मृत्यु के भय से मुक्ति मिलती है। कथा व्यास ने कहा कि मनुष्य निजी स्वार्थ के कारण ही भक्ति और ज्ञान से दूर हो रहा है। संतों और गुरु के साथ रहने से मनुष्य को ज्ञान मिलता है और मनुष्य भक्ति के मार्ग पर चलकर मोक्ष के मार्ग पर बढ़ता है।उन्होंने भक्तों से कहा कि लोग समय का बहाना बनाकर भक्ति से दूर होते जा रहे हैं। हमें प्रभु की आराधना के लिये भी समय प्रतिदिन निकालना चाहिये यदि हम घर में बुजुर्गो का आदर और स्त्रियों का सम्मान करेंगे तो घर में कभी विवाद नही होंगे और परिवार आदर्श कहलायेगा। इसके लिये जरूरी है कि हम बच्चों को बचपन से ही धर्म और संस्कारों की शिक्षा दें।कथा व्यास ने कहा कि जरूरत से ज्यादा सुख भी दुख का कारण बनता है।कलयुग में भगवान की प्राप्ति मनुष्य अपने अंदर के भय को निकालकर प्राप्त कर सकता है।कथा वाचक ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा का श्रवण ही वास्तव में व्यक्ति को मृत्यु के भय से मुक्ति दिलाता है व्यक्ति के मन में यदि कोई प्रश्न है तो निश्चित तौर पर उसे भागवत कथा में प्रश्नों का उत्तर मिल जायेगा। यजमान सतीश मिश्रा व अनामिका मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन कर कथा व्यास का फूल मालाओं से स्वागत किया।इस मौके पर बाल कृष्ण त्रिपाठी, राम कुमार तिवारी, महेश मिश्रा,बद्री नारायण मिश्रा,संजय अवस्थी, दयानंद मिश्रा, मनु मिश्रा,मनोरमा मिश्रा,ज्योति तिवारी, मंजू मिश्रा समेत तमाम कथा प्रेमी मौजूद रहे।

## हिन्दू महासभा ने फिर गौशाला की कमियों को किया उजागर

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। अखिल भारत हिन्दू महासभा ने शुक्रवार को पंडरी गौशाला में सामने आई अनियमितताओं के संबंध में जिलाधिकारी को एक ज्ञापन दिया।ज्ञापन में कहा गया है कि अखिल भारत हिन्दू महासभा के लोगों को गुरुवार को पंडरी गांव, विकास खंड मरौरी, थाना न्यूरिया के लोगों ने सूचना दी कि गांव में स्थित गौशाला में मृत जानवरों को सही से दफन नहीं किया जा रहा है एवं हरा चारा भी उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। मौके पर जब वहां जाकर संगठन के लोगों ने देखा तो वहां गौवंशों को हरा चारा नहीं दिया जा रहा था गांव के लोगों एवं गौशाला के स्टाफ ने बताया कि यहां के प्रधान के अधिकार सीज हैं तथा वहां की कमेटी का जो अध्यक्ष है उसके द्वारा गौवंशों को दफनाने के लिए सही से व्यवस्था नहीं की जाती है एवं हरा चारा भी उपलब्ध नहीं कराया जाता है, बीमार गौवंशों के उपचार के लिए उपयुक्त दवाएं भी उपलब्ध नहीं कराई जाती हैं, गौशाला में पर्याप्त प्रकाश की भी कोई व्यवस्था नहीं है। गौशाला के स्टाफ ने बताया कि यहां के जो सचिव हैं वो वहां की गौशाला को लेकर काफी सक्रिय हैं और चाहते हैं कि गौशाला में जो अनियमितताएं हैं उनको खत्म किया जाए लेकिन कमेटी का अध्यक्ष उनका कोई सहयोग नहीं करता है। गौवंशों को सही से दफन न किए जाने के कारण आस पास बहुत बुरी बदबू फैल रही है जबकि जहां मृत गौवंशों को दफन किया जाता है वहीं पर गांव का शमशान घाट भी स्थित है। हिन्दू महासभा के द्वारा उक्त गौशाला की कमेटी के अध्यक्ष को पद से हटाकर कमेटी के पुनर्गठन की मांग करते हुए कहा गया है कि नई कमेटी के संरक्षण में इस गौशाला की अनियमितताओं को दूर किया जा सकता है और गौशाला का संचालन सही ढंग से हो सकता है जिसमें सहयोग करने के लिए वहां के सचिव पूर्ण रूप से तत्पर हैं। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा, जिला महामंत्री मयंक जायसवाल, युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा, युवा जिला महामंत्री आयुष सक्सेना, नगर अध्यक्ष सुनील कश्यप, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सर्वेश कुमार, राहुल राठौर, जितेंद्र मौर्य, हरिओम मिश्रा, विजय सिंह, लखन प्रताप सिंह, अर्जुन ठाकुर, शिवम राठौर मदनलाल आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विश्व गौरैया दिवस पर इस प्रजाति को बचाने का आह्वान

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। हर साल 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है। यह दिवस गौरैया जैसी पक्षियों की प्रजाति को बचाने और उनके आवासों की रक्षा करने के लिए मनाया जाता है। गौरैया एक छोटा सा पक्षी है जो अपने चमकदार रंगों और मधुर गीतों के लिए जाना जाता है। लेकिन पिछले कुछ दशकों में, गौरैया की संख्या में भारी गिरावट आई है, जो एक बड़ी चिंता का विषय है। गौरैया की संख्या में गिरावट के कई कारण हैं। इनमें से एक मुख्य कारण शहरीकरण और औद्योगिकीकरण है, जिसके कारण गौरैया के आवास नष्ट हो रहे हैं। इसके अलावा, कीटनाशकों और अन्य रसायनों के उपयोग से भी गौरैया की संख्या में गिरावट आई है। विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर, पक्षी प्रेमी और पर्यावरणविद् गौरैया को बचाने के लिए एकजुट होनें हेतु पत्रकार एकता/मानवाधिकार संरक्षण वरिष्ठ जिला महामंत्री राजदेव यादव सुल्तानपुर नें लोगों से अपील कर करते हुए कि वे गौरैया के आवासों की रक्षा करें और उनके लिए सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण प्रदान करें। सभी को गौरैया को बचाने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। हम सभी अपने घरों और आस–पास के क्षेत्रों में गौरैया के लिए सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण प्रदान कर सकते हैं। इसके अलावा, हम कीटनाशकों और अन्य रसायनों के उपयोग को कम कर गौरैया के आवासों की रक्षा कर सकते हैं। आइए हम सब गौरैया को बचाने का संकल्प लें और उनके लिए एक सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण प्रदान करने में अपनी भूमिका निभाएं।

## तमंचा और कारतूस के साथ दो युवक गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुसाफिरखाना एवं कमरौली पुलिस ने दो युवकों को अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मुसाफिरखाना के उप निरीक्षक मुकेश कुमार मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान विषद मिश्रा उर्फ धन्नू पुत्र स्वर्गीय अर्जुन प्रसाद मिश्रा निवासी ग्राम बैदौलिया मौजा ऊंचगांव थाना कुड़वार जनपद सुलतानपुर को कस्तुनी रेलवे क्रासिंग के पास से एक अदद तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

# हलियापुर में बनेगा जिले का पहला मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बल्दीराय/सुल्तानपुर। सुल्तानपुर जिले के विकासखंड बल्दीराय अंतर्गत हलियापुर में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय की स्वीकृति शासन द्वारा मिली है यह जिले का प्रथम मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय होगा। उक्त विद्यालय निर्माण के लिए हरियापुर से सटी 30000 वर्ग मीटर( 70.4 ) एकड़ जमीन चिन्हित कर ली गई है शासन द्वारा इस परियोजना के लिए 24.73 करोड रुपए का बजट भी निर्धारित कर लिया गया है इस विद्यालय का निर्माण उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन यूपीसीएल करवायेगी। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर संसाधन बढ़ाने पर जोर दे रही है हर जिले में एक-एक मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय खोले जा रहे हैं। विद्यालय में प्री प्राइमरी से इंटर कक्षाएं संचालित की जाएगी विद्यालय के लिए 4 से 10 एकड़ जमीन की जरूरत होती है। हलियापुर में जिले का यह प्रथम मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय होगा। हलियापुर में करीब 7:30 एकड़ जमीन की तलाश कर ली गई है, विद्यालय में कुल 30 कक्षाओं के अलावा विज्ञान व गणित प्रयोगशाला लैब कंप्यूटर लाइब्रेरी स्मार्ट क्लास रोबोटिक्स व मशीन लर्निंग सेंटर जैसी अत्याधुनिक सुविधा मोहैया कराई जाएगी। वहीं पर खेल मैदान वाटर प्लांट सोलर पैनल जल संरक्षण इकाई मिड डे मील किचन डाइनिंग हॉल वॉशिंग एरिया सीसी कैमरे और सुरक्षा गार्ड की भी व्यवस्था की जाएगी शिक्षकों के लिए आवासीय सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय के निर्माण के लिए मिला बजट जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता ने बताया कि जिले के हलियापुर में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय का पहले निर्माण होने जा रहा है यह विद्यालय आधुनिक सुविधाओं से भरपूर रहेगा विद्यालय निर्माण के लिए कार्यवाही संस्था का को भी नामित कर दिया गया है उन्होंने बताया कि जल्द ही विद्यालय का निर्माण कार्य शुरू करवाया जाएगा।

# होली मिलन समारोह भाईचारे का पैगाम देती है : सतीश चंद्र शर्मा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शुकुल बाजार अमेठी, रामलीला मैदान शुकुल बाजार में शुक्रवार को भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में स्थानीय विधायक व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। होली मिलन समारोह की अध्यक्षता पूर्व राज्यमंत्री व जगदीशपुर के विधायक सुरेश पासी ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री सतीश शर्मा मौजूद रहे। होली मिलन कार्यक्रम में सभी संप्रदाय के लोग शामिल हुए सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।कार्यक्रम के दौरान रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में प्रधान संघ के अध्यक्ष सतीश मिश्रा द्वारा प्रभारी मंत्री का अंग वस्त्र व पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने जगदीशपुर विधानसभा की जनता का आभार प्रकट किया व कहा कि होली का त्योहार हर्षोल्लास कर नवीन ऊर्जा का प्रतीक है यह त्यौहार भाईचारे का संदेश देता है इस खुशी और सौहार्द के साथ मनाना चाहिये। होली मिलन समारोह में पूर्व मंत्री कन्नौज विधायक अर्चना पाण्डेय,रुदौली विधायक रामचंद्र यादव,सलोन विधायक अशोक कोरी, हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत, चरखारी विधायक बृजभूषण,एमएलसी सुल्तानपुर शैलेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, जगदीशपुर के विधायक सुरेश पासी, ब्लॉक प्रमुख राजेश विक्रम सिंह, हारुन खान, क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार सिंह, संदीप शुक्ला सहित अन्य तमाम जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।कार्यक्रम के समापन अवसर पर जगदीशपुर विधायक सुरेश पासी ने क्षेत्र की आई हुई जनता का आभार प्रकट किया।

# स्वागत सुनीता

आखिरकार नासा की बहुचर्चित अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स अपने सहयोगी बुच विलमोर के साथ सकुशल पृथ्वी पर आ ही गई। अमेरिका ही नहीं भारत में करोड़ों लोग उनकी फिक्र कर रहे थे। दरअसल, आठ दिन के मिशन के लिये बीते साल 6 जून को स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट के जरिये वे अमेरिका के स्पेस स्टेशन पहुंचे थे, लेकिन स्पेसक्राफ्ट में तकनीकी खामी आने के कारण उनकी वापसी नौ महीने तक टलती रही। जिसको लेकर भारत व अमेरिका समेत पूरी दुनिया में चिंता व्यक्त की जाती रही है। देर आए दुरुस्त आए, इस देरी से सुनीता दुनिया में सबसे अधिक समय तक अंतरिक्ष में रहने वाली महिला का रिकॉर्ड बना चुकी हैं। कुल 286 दिन स्पेस में रहने के दौरान सुनीता ने नौ सौ घंटे का शोधकार्य किया और डेढ़ सौ वैज्ञानिक प्रयोग किए। नासा ने विश्वास जताया है कि इस लंबे अनुभव का लाभ अमेरिका के इस दशक के अंत तक मंगल पर मनुष्य को उतारने के अभियान में मिलेगा। आमतौर पर यात्रियों के अंतरिक्ष में रुकने का समय अधिकतम छह माह होता है, लेकिन जब सुनीता को नौ महीने तक रुकना पड़ा है तो चिंता उनके शरीर में पड़ने वाले दुष्प्रभावों को लेकर होती रही है। आशंका है कि अधिक समय तक अंतरिक्ष में रहने से उनके शरीर पर काफी प्रतिकूल असर पड़ा होगा। जिसको सामान्य होने में काफी समय लग सकता है। दरअसल, अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण के न होने से भारहीनता की स्थिति पैदा होती है, जो शरीर की सामान्य प्रक्रिया पर प्रतिकूल असर डालती है। इस भारहीनता की स्थिति में हड्डियों व मांसपेशियों को कमजोर होने से बचाने के लिये करीब प्रतिदिन चार घंटे का व्यायाम करना पड़ता है। इस दौरान जहां खून का प्रवाह भी बाधित होता है, वहीं भारहीनता में मांसपेशियां व हड्डियां शिथिल हो जाती हैं, साथ ही रेडिएशन का भी खतरा बढ़ जाता है। यहां तक कि आंखों पर भी बुरा असर पड़ता है। जिसके चलते सुनीता व उनके सहयात्री को गहन चिकित्सा देखरेख में रखा जा रहा है। दरअसल, भारत में सुनीता विलियम्स को लेकर जो अनुराग व चिंता दिखी, उसकी वजह उनका भारत व भारतीय संस्कारों से जुड़ा रहना ही है। अपनी पहली अंतरिक्ष यात्रा के दौरान वे अंतरिक्ष में गीता-उपनिषद् व समोसे लेकर गई थीं। वे भारतीय खाने की मुरीद रही हैं। बहरहाल, उन्हें विश्वास था कि वे भविष्य में इतिहास रचेंगी। वर्ष 2012 में दिल्ली के नेशनल साइंस सेंटर में छात्रों से उन्होंने कहा भी था कि रिकॉर्ड टूटने के लिये ही बनते हैं। संयोग देखिए कि अपनी तीसरी अंतरिक्ष यात्रा में वे सबसे लंबे समय तक अंतरिक्ष में रहने वाली पहली महिला बन गई हैं। भले ही सुनीता का जन्म अमेरिका के ओहायो प्रांत में हुआ हो लेकिन वे गुजरात के मेहसाणा स्थित पैतृक गांव झूलासन का दो बार दौरा कर चुकी हैं। अहमदाबाद से डॉक्टरी की पढ़ाई करके अमेरिका बसने वाले पिता दीपक पंडया उनकी प्रेरणा रहे हैं। उनकी मां के कैथोलिक धर्म अनुयायी होने के बावजूद पिता ने उन्हें भगवद्गीता आदि पौराणिक ग्रंथों से परिचित कराया। उन्हें सभी धर्मों का सम्मान करना सिखाया। एक समय पशुओं से लगाव के कारण पशु चिकित्सक बनने का सपना देखने वाली सुनीता कालांतर अमेरिकी नौसेना में शामिल हुईं। बचपन से तैराकी का शौक रखने वाली सुनीता ने कई तैराकी प्रतियोगिताएं जीती। नौसेना पायलट के दौरान उन्होंने ढाई हजार घंटे तक की उड़ान भरी और अंतरिक्ष में जाने को लक्ष्य बनाया। ह्यूस्टन स्थित जॉनसन स्पेस सेंटर ने उन्हें अंतरिक्ष में जाने का सपना दिखाया। हालांकि, नासा ने उनके पहले आवेदन को खारिज कर दिया था। उन्होंने अंतरिक्ष यात्रा के सपने को पूरा करने के लिए नासा में आवेदन किया, लेकिन नासा ने पहली बार में इसे स्वीकार नहीं किया। फिर उन्होंने अंतरिक्ष में जाने के लिए ही 1995 में इंजीनियरिंग प्रबंधन में मास्टर डिग्री हासिल की। दुबारा नासा ने उनके आवेदन को स्वीकार कर लिया। कालांतर वर्ष 2006 में उन्हें अंतरिक्ष में जाने का पहला मौका मिला। वे भारतीय मूल की दूसरी अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री बनीं। निस्संदेह, धरती पर लौटने के बाद वातावरण में ढलने में उन्हें कुछ वक्त लगेगा। लेकिन वह एक उत्साही फाइटर हैं और जल्दी ही सामान्य जीवन जीने लगेंगी।

# ग्लेशियर संरक्षण जल संकट का प्रभावी समाधान

## विश्व जल दिवस पर विशेष

**विश्व जल दिवस संयुक्त राष्ट्र की एक पहल है जिसका उद्देश्य मीठे पानी के महत्व को उजागर करना और जल संसाधनों के सतत प्रबंधन का समर्थन करना है। 1993 में स्थापित, यह वैश्विक जल मुद्दों को संबोधित करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता की याद दिलाता है, खासकर जब दुनिया भर में 2.2 बिलियन लोगों के पास सुरक्षित रूप से प्रबंधित पेयजल तक पहुंच नहीं है। आज जलवायु परिवर्तन के कारण ग्लेशियर पहले से कहीं अधिक तेजी से पिघल रहे हैं। अरबों लोगों के लिए पिघले पानी का प्रवाह बदल रहा है, जिससे बाढ़, सूखा, भूस्खलन और समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है। अनगिनत समुदाय और पारिस्थितिकी तंत्र विनाश के खतरे में हैं। कार्बन उत्सर्जन में वैश्विक कटौती तथा सिकुड़ते ग्लेशियरों के अनुकूलन के लिए स्थानीय रणनीतियां आवश्यक हैं। इस वर्ष के विश्व जल दिवस अभियान का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन और वैश्विक जल संकट से निपटने के लिए कार्ययोजना के केंद्र में ग्लेशियर संरक्षण को रखने के लिए मिलकर काम करना है। दुनिया की आबादी आठ अरब से अधिक हो चुकी है। इसमें से लगभग आधे लोगों को साल में कम से कम एक महीने पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ता है। जलवायु परिवर्तन के कारण 2000 से बाढ़ की घटनाओं में 134 प्रतिशत वृद्धि हुई है और सूखे की अवधि में 29 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पैकेट और बोतल बन्द पानी आज विकास के प्रतीकचिह्न बनते जा रहे हैं और अपने संसाधनों के प्रति हमारी लापरवाही अपनी मूलभूत आवश्यकता को बाजारवाद के हवाले कर देने की राह आसान कर रही है।**

दुनिया के सामने स्वच्छ जल की समस्या गंभीर से गंभीरतर होती जा रही है। जल प्रदूषण एवं पीने के स्वच्छ जल की निरन्तर घटती मात्रा को लेकर बड़े खतरे खड़े हैं। धरती पर जीवन के लिये जल सबसे जरूरी वस्तु है, जल है तो जीवन है। जल ही किसी भी प्रकार के जीवन और उसके अस्तित्व को संभव बनाता है। जल के महत्व एवं उसकी बढ़ती समस्याओं के समाधान की दिशाएं उद्घाटित करने के लिये ही प्रतिवर्ष विश्व जल दिवस 22 मार्च को मनाया जाता है। यह कोरा एक वार्षिक उत्सवभर नहीं है, बल्कि आन्दोलन है, जिसका उद्देश्य मीठे पानी के महत्व को उजागर करना और जल संसाधनों के सतत प्रबंधन का समर्थन करना है। 1993 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा स्थापित यह दिवस वैश्विक जल चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाता है, जिसमें स्वच्छ पेयजल तक पहुँच, स्वच्छता और पानी की कमी शामिल है। इस वर्ष की जल दिवस की थीम है ळ्ग्लेशियर संरक्षणङ्क, जो जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी प्रभावों से दुनिया के जमे हुए जल संसाधनों की रक्षा करने की आवश्यकता पर जोर देती है। ग्लेशियरों का पिघलना तेज हो रहा है, जिससे जल चक्र बाधित हो रहा है और अरबों लोगों के लिए जीवन के अस्तित्व से जुड़े जल की सुरक्षा को खतरा है। विश्व जल दिवस संयुक्त राष्ट्र की एक पहल है जिसका उद्देश्य मीठे पानी के महत्व को उजागर करना और जल संसाधनों के सतत प्रबंधन का समर्थन करना है। 1993 में स्थापित, यह वैश्विक जल मुद्दों को संबोधित करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता की याद दिलाता है, खासकर जब दुनिया भर में 2.2 बिलियन लोगों के पास सुरक्षित रूप से प्रबंधित पेयजल तक पहुंच नहीं है। आज जलवायु परिवर्तन के कारण ग्लेशियर पहले से कहीं अधिक तेजी से पिघल रहे हैं। अरबों लोगों के लिए पिघले पानी का प्रवाह बदल रहा है, जिससे बाढ़, सूखा, भूस्खलन और समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है। अनगिनत समुदाय और पारिस्थितिकी तंत्र विनाश के खतरे में हैं। कार्बन उत्सर्जन में वैश्विक कटौती तथा सिकुड़ते ग्लेशियरों के अनुकूलन के लिए स्थानीय रणनीतियां आवश्यक हैं। इस वर्ष के विश्व जल दिवस अभियान का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन और वैश्विक जल संकट से निपटने के लिए कार्ययोजना के केंद्र में ग्लेशियर संरक्षण को रखने के लिए मिलकर काम करना है। दुनिया की आबादी आठ अरब से अधिक हो चुकी है। इसमें से लगभग आधे लोगों को साल में कम से कम एक महीने पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ता है। जलवायु परिवर्तन के कारण 2000 से बाढ़ की घटनाओं में 134 प्रतिशत वृद्धि हुई है और सूखे की अवधि में 29 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पैकेट और बोतल बन्द पानी आज विकास के प्रतीकचिह्न बनते जा रहे हैं और अपने संसाधनों के प्रति हमारी लापरवाही अपनी मूलभूत आवश्यकता को बाजारवाद के हवाले कर देने की राह आसान कर रही है। विशेषज्ञों ने जल को उन प्रमुख संसाधनों में शामिल किया है, जिन्हें भविष्य में प्रबंधित करना सबसे चुनौतीपूर्ण कार्य होगा। सदियों से निर्मल जल का स्त्रोत बनी रहीं नदियाँ प्रदूषित हो रही हैं, जल संचयन तंत्र बिगड़ रहा है, और भू-जल स्तर लगातार घट रहा है। धरती पर सुरक्षित और पीने के पानी के बहुत कम प्रतिशत के आंकलन के द्वारा जल संरक्षण या जल बचाओ अभियान हम सभी के लिये बहुत जरूरी हो चुका है। औद्योगिक कचरे की वजह से रोजाना पानी के बड़े स्त्रोत प्रदूषित हो रहे हैं। जल को बचाने में अधिक कार्यक्षमता लाने के लिये सभी औद्योगिक बिल्डिंगें, अपार्टमेंट्स, स्कूल, अस्पतालों आदि में बिल्डरों के द्वारा उचित जल प्रबंधन व्यवस्था को बढ़ावा देना चाहिये। पीने के पानी या साधारण पानी की कमी के द्वारा होने वाली संभावित समस्या के बारे में आम लोगों को जानने के लिये जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाना चाहिये। जल जीव मंडल में पारिस्थितिकी संतुलन को बनाये रखता है। पीने, नहाने, ऊर्जा उत्पादन, फसलों की सिंचाई, सीवेज के निपटान, उत्पादन प्रक्रिया आदि बहुत उद्देश्यों को पूरा करने के लिये स्वच्छ जल बहुत जरूरी है। जल जीवन के लिये सर्वाधिक महत्वपूर्ण है, जिन पाँच तत्वों को जीवन का आधार माना गया है, उनमें से एक तत्व जल है। जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। मानव एवं जीव-जन्तुओं के अलावा जल कृषि के सभी रूपों और अधिकांश औद्योगिक उत्पादन प्रक्रियाओं के लिये भी बेहद आवश्यक है। परंतु आज पूरी दुनिया जल-संकट के साए में खड़ी है। अनियोजित औद्योगीकरण, बढ़ता प्रदूषण, घटते रेगिस्तान एवं ग्लेशियर, नदियों के जलस्तर में गिरावट, पर्यावरण विनाश, प्रकृति के शोषण और इनके दुरुपयोग के प्रति असंवेदनशीलता पूरे विश्व को एक बड़े जल संकट की ओर ले जा रही है। आप सोच सकते हैं कि एक मनुष्य अपने जीवन काल में कितने पानी का उपयोग करता है, किंतु क्या वह इतने पानी को बचाने का प्रयास करता है? पानी धरती पर जीवन के अस्तित्व के लिए आधारभूत आवश्यकता है। आबादी में वृद्धि के साथ पानी की खपत बेतहाशा बढ़ी है, लेकिन पृथ्वी पर साफ पानी की मात्रा कम हो रही है। जलवायु परिवर्तन और धरती के बढ़ते तापमान ने इस समस्या को गंभीर संकट बना दिया है। दुनिया के कई हिस्सों की तरह भारत भी जल संकट का सामना कर रहा है। वैश्विक जनसंख्या का 18 प्रतिशत हिस्सा भारत में निवास करता है, लेकिन चार प्रतिशत जल संसाधन ही हमें उपलब्ध है। भारत में जल-संकट की समस्या से निपटने के लिये प्राचीन समय से जो प्रयत्न किये गये हैं, वे दुनिया के लिये मार्गदर्शक हैं। देश में अटल भूजल योजना चल रही है। स्थानीय समुदायों के नेतृत्व में चलने वाला यह दुनिया का सबसे बड़ा कार्यक्रम है। साथ ही, नल से जल, नदियों की सफाई, अतिक्रमण हटाने जैसे प्रयास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे हैं। हमारे यहां जल बचाने के मुख्य साधन है नदी, ताल एवं कूप। इन्हें अपनाओं, रक्षा करो, अभय दो, इन्हें मरुस्थल के हवाले न करो। अन्तिम समय यही तुम्हारे जीवन और जीवनी को बचायेंगे। ख्यात पर्यावरणविद अनुपम मिश्र तो 'अब भी खरे है तालाब' कहते कहते स्वर्गस्थ हो गये। आज आवश्यकता इस बात की है कि विश्व जल दिवस की मूल भावना को अपने दैनिक जीवन में उतारकर हर व्यक्ति, हर दिन जल संरक्षण का यथासंभव प्रयास करे। गाँव के स्तर पर लोगों के द्वारा बरसात के पानी को इकट्ठा करने की शुरुआत करनी चाहिये। उचित रख-रखाव के साथ छोटे या बड़े तालाबों को बनाने के द्वारा बरसात के पानी को बचाया जा सकता है। धरती के क्षेत्रफल का लगभग 70 प्रतिशत भाग जल से भरा हुआ है। परंतु, पीने योग्य जल मात्र तीन प्रतिशत है। इसमें से भी मात्र एक प्रतिशत मीठे जल का ही वास्तव में हम उपयोग कर पाते हैं। पानी का इस्तेमाल करते हुए हम पानी की बचत के बारे में जरा भी नहीं सोचते, जिसके परिणामस्वरूप अधिकांश जगहों पर जल संकट की स्थिति पैदा हो चुकी है। जल का संकट एवं विकट स्थितियां अति प्राचीन समय से बनी हुई है। इसी कारण राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश आदि प्रांतों में जल संरक्षण के लिये नाड़ी, तालाब, जोहड़, बन्धा, सागर, समंद एवं सरोवर आदि बनाने की प्राचीन परम्परा रही है। राजा-महाराजाओं तथा सेठ-साहूकारों ने अपने पूर्वजों की स्मृति में अपने नाम को चिरस्थायी बनाने के उद्देश्य से इन प्रदेशों के विभिन्न भागों में कलात्मक बावड़ियों, कुओं, तालाबों, झालरों एवं कुंडों का निर्माण करवाया। जहाँ प्रकृति एवं संस्कृति परस्पर एक दूसरे से समायोजित रही हैं। राजस्थान के किले तो वैसे ही प्रसिद्ध हैं पर इनका जल प्रबन्धन विशेष रूप से अनुकरणीय हैं। जल संचयन की परम्परा वहाँ के सामाजिक ढाँचे से जुड़ी हुई हैं तथा जल के प्रति धार्मिक दृष्टिकोण के कारण ही प्राकृतिक जलस्त्रोतों को पूजा जाता है। जल की कमी दुनिया के लिए एक उभरती हुई वास्तविकता एवं ज्वलंत समस्या है। चूंकि जलवायु परिवर्तन और जल की कमी एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, इसलिए इनमें से किसी एक मुद्दे का मुकाबला करने के तरीके खोजने से दूसरे की बेहतरी में मदद मिलेगी, इसमें ग्लेशियर संरक्षण जल संकट का प्रभावी समाधान हो सकता है। **-ललित गर्ग**

# बनारस, बिस्मिल्लाह और शहनाईः एक सुरीली गाथा

**सविता आनंद**

उस्ताद बिस्मिल्लाह खाँ सुरों का ऐसा करिश्मा थे जिनकी सादगी के सामने हर सम्मान ने सर झुकाया। उनकी पारंपरिक सोच हर सम्मान व पुरस्कार से थोड़ा और झुक जाने को प्रेरित करती है। वे सादगी, विनम्रता और ईमानदारी के बेमिसाल उदाहरण थे। खाँ साहब कहते थे, ''सुर भी कभी हिंदू या मुसलमान हुआ है? सुर तो सुर है।'' उनके लिए संगीत और शहनाई साधारण कला नहीं बल्कि इबादत थी। आज की युवा पीढ़ी को उनकी संगीत साधना से बहुत कुछ सीखने की आवश्यकता है। उस्ताद की जयंती पर हम बात करेंगे शहनाई की उस विरासत की जिसे बेनियाबाग की उस इमारत ने संजो कर रखा है जिसपर भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खाँ साहब का नाम दर्ज है। जी हाँ, उस्ताद बिस्मिल्लाह खाँ का वही पुश्तैनी मकान जिसमें कभी उस्ताद रहमत खाँ साहब रहा करते थे। लगभग 200 साल पुरानी इस इमारत की बूढ़ी-कांपती दीवारों ने अपने अंदर सैकड़ों किस्से कहानियों को समाहित किया है। इसके हर एक स्पर्श में अभी भी कंपन है शहनाई की उस गूंज का जिसे कभी बाल बिस्मिल्लाह ने छेड़ा तो कभी भारत रत्न बिस्मिल्लाह ने। इसकी भीतरी सफ़ेद रंग की दीवारों पर शहर की मशहूर हस्तियों की तस्वीरें इसके खूबसूरत सफ़र को बयां ही नहीं करती बल्कि इसके होने का वजूद भी पेश करती हैं। प्रवेश द्वार से सटे अपने छोटे से कमरे में उस्ताद हर रोज़ अपने दोस्तों और परिजनों के साथ शाम की नमाज़ के बाद बैठकी लगाया करते थे और जीवन के हल्के-फुल्के पलों को जिया करते थे। इसी बैठकी में अपने साथियों के साथ वह घंटों होने वाली चर्चा में शामिल रहा करते थे। इस इमारत ने उनकी बेग़म की उस आवाज़ को भी सुना जब ऊपर रसोईघर से वह चाय बनाकर भेजती थी और उस्ताद अपने हुक्के का आनंद लिया करते थे। ऊपरी मंजिल के छोटे से कमरे में उस्ताद ने पूरा जीवन जीया, जिसमें सिर्फ एक चारपाई, कुर्सी, छड़ी, छाता, पानी का घड़ा, टेबलफैन था। इसी कमरे में उस्ताद से मिलने हजारों लोग आते, उनसे बतियाते, उनकी सादगी से प्रभावित होते और कुछ कर गुजरने का वादा करके चले जाते पर फिर लौट कर न आते। इस इमारत ने वह दौर देखा जब दुनिया भर में उस्ताद कामयाबी का परचम लहरा रहे थे, जब अमेरिका में बसने का उन्हें न्यौता आया था और जब बनारस और बिस्मिल्लाह एक हो गए थे। आज उस्ताद नहीं हैं लेकिन उनका एहसास इसके कण-कण में समाहित है। आज देश के लिए उस्ताद भले यादों में शामिल हैं लेकिन यह इमारत अपने अंदर एक इतिहास, एक विरासत समेटे है। एक शिया मुसलमान, जो सुरों की देवी माँ सरस्वती के अनन्य उपासक थे, गंगा स्नान के बाद नमाज़ पढ़ते और फिर काशी विश्वनाथ मंदिर जाकर रियाज़ करते- यह अपने आप में भारत की गंगा-जमुनी संस्कृति की अद्वितीय मिसाल है। जब भी देश की साझा सांस्कृतिक धरोहर की बात होगी, उस्ताद बिस्मिल्लाह खाँ का नाम लिया जाएगा। जब भी शहनाई की बात होगी, उस्ताद की छवि उभर आएगी। जब भी बनारस का ज़िक्र होगा, उस्ताद सर्वोपरि होंगे। और जब भी माँ गंगा की धारा बहेगी, उसमें उस्ताद की आत्मा समाहित होगी। उस्ताद पर बहुत कुछ लिखा-पढ़ा जा चुका है लेकिन अब समय है उनकी विरासत को संजोने का। कुछ विरासतें अनमोल होती है और यही अतीत के पन्नों में, कहीं पुस्तकों, कहीं इमारतों तो कहीं किस्से-कहानियों में कैद हो जाती है। वक्त के साथ धूमिल होती इन यादों को आने वाली पीढ़ियों के लिए संजोना ही वर्तमान पीढ़ी का दायित्व होता है। उस्ताद की विरासत भी मानवता की सच्ची परिभाषा गढ़ती है। इस धरोहर को जीवंत कर हम नई चेतना का सृजन कर सकते हैं। कहीं ऐसा न हो कि शहनाई की यह धरोहर उपेक्षा की शिकार होकर इतिहास में खो जाए।

## सेहत मंत्र

# दूध नहीं पी सकते तो इन नॉन-डेयरी मिल्क को बनाएं डाइट का हिस्सा

वैसे तो दूध को एक संपूर्ण आहार माना जाता है और यही कारण है कि बच्चों से लेकर बूढ़े व्यक्ति तक को दूध पीने की सलाह दी जाती है। लेकिन ऐसे कई लोग भी होते हैं, जो दूध का सेवन नहीं कर सकते। दरअसल, लैक्टोज इनटॉलरेंज से लेकर वेगन डाइट को फॉलो करने वाले दूध नहीं पी पाते। ऐसे में शरीर में पोषक तत्वों की पूर्ति के लिए आप नॉन-डेयरी मिल्क का सहारा ले सकते हैं। मटर का दूध यह अखरोट और सोया एलर्जी वाले लोगों के लिए एक बढ़िया विकल्प है। इतना ही नहीं, इसमें कई अन्य पौधों के दूध की तुलना में बहुत अधिक प्रोटीन पाया जाता है। इसके अलावा इसका टेस्ट भी माइल्ड व टेस्टी होता है, जिसके कारण आप इसे आसानी से पी सकते हैं और अलग-अलग रेसिपी में आसानी से शामिल कर सकते हैं। जब नॉन-डेयरी मिल्क की बात होती है तो बादाम मिल्क का नाम जरूर आता है। यह चिकना, हल्का और स्वादिष्ट होता है। इसके अलावा इनमें अन्य नॉन-डेयरी मिल्क की तुलना में कैलोरी काफी कम होती है। एक कप बादाम मिल्क में करीबन 40 कैलोरी पाई जाती है। हालांकि इसमें प्रोटीन की मात्रा कम होती है। इसमें प्रति कप केवल एक ग्राम प्रोटीन होता है। ऐसे में आपको प्रोटीन की दैनिक आवश्यकता की पूर्ति के लिए आपको अन्य विकल्प ढूंढने होंगे। ओट मिल्क पिछले कुछ समय से काफी पॉपुलर हो रहा है। इसमें हर सर्विंग पर 2 ग्राम फाइबर और चार ग्राम प्रोटीन मिलता है। हालांकि अन्य नॉन-डेयरी मिल्क की तुलना में इसमें कैलोरी की मात्रा अधिक होती है। आपको एक कप दूध के सेवन से लगभग 130 कैलोरी मिलती है। इसके अलावा इसमें पोटेशियम और विटामिन ए की पर्याप्त मात्रा पाई जाती है। कोकोनट मिल्क पानी और कोकोनट क्रीम की मदद से मिलकर तैयार किया जाता है। अगर इसके न्यूटिशन की बात की जाए तो इसमें फैट अधिक होता है और कार्बोहाइड्रेट कम होता है। इस सुपर क्रीमी कोकोनट मिल्क का फैट नेचर में सेचुरेटिड होता है।

## धर्म मंत्र

# तुरन्त फल की प्राप्ति चाहते हैं तो धारण करें 'टाइगर स्टोन'

ज्योतिष विज्ञान के मुताबिक किसी भी व्यक्ति के जीवन पर उसके कर्म के साथ राशि और उससे संबंधित ग्रहों का सीधा प्रभाव पड़ता है। ज्योतिष विज्ञान से हम बीता हुआ कल, वर्तमान और भविष्य की गणना आसानी से कर लेते हैं। ज्योतिष विज्ञान में रत्नों का भी महत्व बताया गया है। रत्न ज्योतिष के अनुसार 'टाइगर रत्न' सबसे अधिक प्रभावी व शीघ्र फल प्रदान करने वाला रत्न है। इस रत्न पर टाइगर के समान पिली एवं काली धारिया होने के कारण इसे ''टाइगर रत्न'' कहते है। जो व्यक्ति आत्मविश्वास की कमी के कारण बार-बार कार्यों से असफल हो रहा हो या दुखी जीवन व्यतीत कर रहा हो, उस व्यकित को टाइगर स्टोन आत्मविश्वास प्रदान करता है। इसे धारण करने से हर क्षेत्र में पूर्ण सफलता मिलती है व व्यक्ति साहसी बनता है। जिस व्यक्ति का विवाह नहीं हो रहा हो उसे शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि या गुरु पुष्य योग में टाइगर स्टोन धारण करने से शीघ्र विवाह के योग बनते है। यदि आप लगातार कर्जे में डूबते जा रहे हो तो शुक्रवार के दिन सिद्ध किया हुआ टाइगर स्टोन गले में लॉकेट के रूप में सफ़ेद धागे में धारण करें। जिन व्यक्तियों को नौकरी में समस्या आ रही या कार्यस्थल में परेशानी हो रही हो तो रविवार को सूर्य की रौशनी में टाइगर स्टोन धारण करने से लाभ होगा। इस आलेख में दी गई जानकारियों पर हम यह दावा नहीं करते कि ये पूर्णतया सत्य व सटीक हैं तथा इन्हें अपनाने से अपेक्षित परिणाम मिलेगा।

## पर्यटन



# मसूरी जा रहे हैं तो इस खूबसूरत जगहों को देखना बिलकुल न भूलें

दिल्ली से बेहद पास उत्तराखंड का 'मसूरी' वीकेंड पर घूमने के लिए बेहत ही खुबसूरत जगह है। खूबसूरत पहाड़, हरे-भरी वादियां, कल-कल करता नदियों का पानी मसूरी को पहाड़ों की रानी बनाता है। गढ़वाल हिमालय पर्वतमाला की तलहटी में स्थित मसूरी बेहत ही रोमांटिक प्लेस भी माना जाता है। इस जगह की ऊंचाई समुद्र तल से मसूरी 7000 फीट है, इसी कारण ये जगह बहुत ही ठंडी है। सर्दी के मौसम में यहां खूब बर्फबारी भी होती है। स्नोफॉल को देखने के शौकीनों सैलानियों की सर्दी में यहां भरमार होती है। यहां पर घूमने के लिए बहुत कुछ है। अगर आप अपनी फैमली के साथ यहां घूमने के लिए आते हैं तो यहां पर आप बहुत कुछ देख सकते हैं। इस आर्टिकल में आज हम आपकों बताएंगे मसूरी की घूमने लायक जगहों के बारे में। भारत में जब अंग्रेजी हुकूमत हुआ करती थी तो अंग्रेजो का पंसदीद प्लेस मसूरी थी। वह अपना काफी वक्त उत्तराखंड के इस हिल स्टेशन पर गुजारा करते थे। इसी कारण यहां का कल्चर अभी भी अंग्रेजो के जमाने का हैं। मसूरी से 7 किलोमीटर दूर लैंडोर (ख्रथद्गदधफ़) छावनी एरिया है। यहां पर अगर आप आते है तो आपकों काफी शांति मिलेगी। लैंडोर के बाजार में आप शॉपिंग भी कर सकते हैं। यहां पर कुछ प्वाइंट है जहां से लैंडोर की खूबसूरती को निहारा जा सकता है। देहरादून डिवेलपमेंट अथॉरिटी के अधीन मसूरी लेक देखने के लिए भा पर्यटकों का जमावड़ा लगता है। मसूरी घूमने आये लोगों मसूरी लेक भी घूमने जा सकते हैं। मसूरी लेक हाल में बना टूरिस्ट अट्रैक्शन है। जब आप देहरादून से मसूरी की तरफ आते हैं तो मसूरी पहुंचने से 6 किलोमीटर पहले ही मसूरी लेक है। आप इसे भी आते वक्त देख सकते हैं। लेक में एंजोय करने के लिए बोटिंग की भी सुविधा हैं। यहां आप आराम से 1 से 2 घंटे बीता सकते हैं। मसूरी जाओं और केंपटी फॉल्स न देखों ऐसा बिलकुल मत करना। मसूरी के ट्रीप को और यादगार बनाता है वहां का केंपटी फॉल्स।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अधिवक्ता परिषद का भव्य आयोजन





**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

## न्यायिक अधिकारी व महिला अधिवक्ता सम्मानित

## जनपद न्यायाधीश, अन्य ने की आयोजन की सराहना

बाराबंकी।अधिवक्ता परिषद अवध जिला इकाई द्वारा शुक्रवार को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर संगोष्ठी व सम्मान समारोह का आयोजन जिला बार एसोसिएशन, सभागार में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय जनपद न्यायाधीश पंकज कुमार सिंह के साथ जनपद की 09 महिला जज मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधा सिंह, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सी.डी.) रुचि तिवारी, सिविल जज शांभवी यादव, शिवानी रावत, वंदना, श्रद्धा लाल, किशोर न्याय बोर्ड मजिस्ट्रेट सोनल शर्मा, सिविल जज प्रीति भास्कर व शबा फातिमा विशिष्ट रूप से उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद न्यायाधीश पंकज कुमार सिंह ने कहा कि महिला सम्मान मात्र शब्दों में नहीं होना चाहिए बल्कि उसका सतत कार्यान्वयन भी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं को बार एसोसिएशन में अधिक प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए, जिससे कि महिला अधिवक्ताओं की समस्याओं कि उचित जानकारी प्राप्त कर उनका समाधान किया जा सकें। इसी क्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधा सिंह जी ने कहा कि महिला अधिवक्ताओं को उनके घर के साथ साथ उनके कार्यस्थल पर भी उचित सम्मान दिए जाने कि आवश्यकता है और उनको आगे बढ़ने का उपयुक्त अवसर भी प्रदान किया जाए। इसी क्रम में समस्त 09 महिला जजों को कार्यक्रम में विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत महामंत्री मीनाक्षी परिहार सिंह ने कार्यक्रम के संबोधन के दौरान कहा कि भारतीय संविधान में महिलाओं को पुरुषों के बराबर ही समान अधिकार प्रदान किए गए हैं, जिसमें भेदभाव का कोई स्थान नही है और समानता ही भारतीय संविधान का मूल सिद्धांत है। उन्होंने विगत दिनों नई दिल्ली में अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद द्वारा आयोजित ऑल इंडिया कॉन्फ्रेंस ऑफ वूमेन का प्रस्तावित रेजोल्यूशन जनपद न्यायाधीश एवं समस्त महिला जजों को प्रदान किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अवध प्रांत के उपाध्यक्ष श्री अनिल कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे।

इस अवसर पर आयोजनकर्ता अधिवक्ता परिषद जिला इकाई के अध्यक्ष कौशल किशोर त्रिपाठी, महामंत्री सचिन प्रताप सिंह, जिला बार महामंत्री अशोक कुमार वर्मा, श्रवण सिंह, सुषमा शर्मा, संतोष सिंह, रवि रंजन श्रीवास्तव के साथ ही

जिला बार के पूर्व अध्यक्ष बी के दीक्षित,सुरेंद्र प्रताप सिंह बब्बन,महेंद्र प्रताप सिंह, सन्तोष सिंह,अमित शुक्ला,रमाकांत शुक्ला,सुरेश गौतम,अनूप कल्याणी,सी बी सिंह,रमन द्विवेदी,सुनीत अवस्थी, पवन मिश्रा,अदम प्रताप सिंह,राणा सूर्यबंसी,धीरू भदौरिया,अरुण त्रिपाठी,सौरभ शर्मा,अंजली यादव,मनोकांति,सुमन,सुषमा शर्मा,सहित सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# मंदिर आरक्षित भूमि पर पुलिया निर्माण, ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। मंदिर निर्माण के लिए खाली पड़ी भूमि के समीप पुलिया बनाने को लेकर ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया। मौके पर पहुंचे राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझ कर कार्य को रुकवा दिया है।

कोतवाली बदोसराय के ग्राम बरदरी गांव को जाने वाले सड़क मार्ग लोक निर्माण विभाग द्वारा पुलिया का निर्माण कराया जा रहा है यह पुलिया बदोसरायं से रामनगर जाने वाले मुख्य मार्ग के किनारे बनाई जा रही है। शुक्रवार को दोपहर रामनगर के बजरंग दल के सहसंयोजक गोलू त्रिपाठी की अगुवाई में दर्जनों ग्रामीण निर्माण स्थल पर पहुंचकर विरोध शुरू कर दिया। मामले की जानकारी होने पर मौके पर न्यायिक तहसीलदार अजीत कुमार जायसवाल एवं राजस्व टीम तथा पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को समझाया बुझाकर शांत कराया। इस संबंध में बरदरी के ग्रामीण सीनू मिश्रा व हंसराज यादव ने बताया कि इस पुलिया के निर्माण हो जाने से गांव का गंदा पानी मंदिर की जमीन से होकर निकलेगा जिसका हम लोग विरोध कर रहे हैं। मौके की स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने पूजा निर्माण का काम रुकवा दिया है लोग निर्माण विभाग की अवर अभियंता शिल्पी अग्रवाल ने बताया कि ग्रामीणों के ग्रामीणों के विरोध के चलते हैं राजस्व विभाग के अधिकारियों से वार्ता चल रही है इसके बाद निराकरण निकल जाएगा। इस संबंध में तहसीलदार न्यायिक अजीत कुमार जायसवाल ने बताया कि पुलिया निर्माण का कार्य रोक दिया गया है। वार्ता के आधार पर मामले का समाधान निकाला जाएगा।

# कार्यशाला में आपदाओं की जानकारी और बचाव पर चर्चा बताए उपाय

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति की एक दिवसीय कार्यशाला डॉ, केएनएस मेमोरियल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (मेयो मेडिकल कॉलेज) के सभागार में आयोजित हुई। कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए यूपी विधानपरिषद की दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति के सभापति व सदस्यों को बुके देकर उनका स्वागत किया। जिसके बाद कार्यशाला की कार्यवाही शुरू हुई। इस दौरान सभापति व जनपद प्रभारी एमएलसी इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा दैवीय आपदाओं के विषय में स्पष्ट तौर पर बिंदुवार रेखांकित किया गया। उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव में अभी तक जनता योजनाओं का लाभ नहीं ले पाती थी इसलिये इस तरह की कार्यशाला के आयोजन की जरूरत पड़ी। गांव स्तर तक लोग जागरूक हो, जिससे अग्निकांड, बाढ़, सहित विभिन्न आपदाओं से बचाव किया जा सके और आपदाओं के आने के बाद त्वरित गति से रेस्क्यू करके जन व धन हानि को नुकसान होने से रोका जा सके। इसके लिये ही प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आपदा पीड़ितों के लिए योजनाएं बनाई है। जिसके अंतर्गत यदि किसी का घर अग्निकांड में जल जाता है। तो उसका नाम मुख्यमंत्री आवास सूची में प्राथमिकता से भेजा जाएगा। वहीं दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति के सदस्य व एमएलसी अंगद कुमार सिंह ने कार्यशाला को सम्बोधित किया। इनके अतरिक्त विधानपरिषद सदस्य व दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति के सदस्य एमएलसी उमेश द्विवेदी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि जानकारी के अभाव में लोग योजना के लाभ से वंचित हो जाते हैं। वहीं कार्यशाला में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों को आपदाओं की जानकारी और बचाव के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा 11-11 घटनाओं को आपदा की सूची में शामिल किया गया है। जिनमें भारी वर्षा, अतिवृष्टि, आंधी, तूफान, सर्पदंश, सीवर सफाई, गैस रिसाव, बोरवेल में गिरना, पानी में डूबकर मौत आदि शामिल है। साथ ही उन्होंने बताया कि डूबने से होने वाली मौतों में प्रदेश के टॉप पांच जनपदों में बाराबंकी शामिल है।

कार्यशाला में जनप्रतिनिधियों सहित जिले स्तर के अधिकारीगण व डॉ केएनएस मेमोरियल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (मेयो मेडिकल) के चेयरपर्सन डॉ. मधुलिका सिंह, वाईस चेयरमैन डॉ. राहुल सिंह, कुलपति प्रो. शैली अवस्थी, उप कुलपति प्रो. सुधीर कुमार, डीन प्रो. एन. के. मोहिन्द्रू, कुलसचिव रंजीत कुमार सिंह व प्रशासी अधिकारी रणधीर सिंह शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता आशीष पाठक ने किया।

# सतसंग नहीं किया तो मानव जीवन पाने का दुबारा अधिकार नहीं

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रामसनेहीघाट बाराबंकी।ज्यों की त्यों धरि दीन्ही चदरिया,झीनी रे भीनी भजन के माध्यम से संदेश देते हुए महाराज श्री ने कहा इस मिले शरीर से केवल और केवल भजन ही करते रहना है।अन्य कार्यों के लिए यह शरीर नहीं मिला फिर भी हम आजीवन अन्य ही कार्य करते रहे।भजन का समय ही नहीं मिला।दसों इंद्रियों में आंखों के माध्यम से अधिक गंदगी शरीर में प्रवेश करती है।मंदिर जाने की प्रेरणा देते हुए आगे कहा कि वहां जाने पर आंखे केवल भगवान गोविंद का ही दर्शन करेंगी।

रावण ने जीवन भर कोई पाप ही नहीं किया।केवल एक बार नेत्र दोष के कारण ही जानकी मैया का हरण कर लिया।परिणाम सबके सामने है।

मंदोदरी,रावण से भी अधिक विदुषी थी।उसने रावण को भी समझाते हुए कहा-

राम विमुख अस हाल तुम्हारा।रहा न कोऊ कुल रोवन हारा।।



अगर रावण की आंखों में विकार न आता तो न सोने की लंका जलती, न कुल का विनाश होता।

बाली और इन्द्र के पुत्र जयंत का भी यही हाल था।किसी का वैभव देखकर,किसी पर नारी को देखकर,किसी का पद देखकर मनुष्य की आँखें बार बार बिगड़ी।

अभी चेत जाने का समय है।इन आंखों से गोविंद के दर्शन करो।

साधु बिल्वमंगल का उदाहरण देते हुए महाराज श्री ने कहा भिक्षा की जगह शिक्षा मिल जाने पर साधु ने अपनी अंतरात्मा से पूंछा कि क्या मेरी आंख गड़बड़ है,जवाब मिलता है हां,अपने इष्ट से भी पूंछा कि क्या मेरी आंख गड़बड़ है,जवाब मिलता है हां।

जो आंखें हमें गलत रास्ते पर ले जाने को उद्यत हो,उन आंखों को शीघ्रता से गोविंद जी से इलाज करवाओ।ठाकुर हमरे रमण बिहारी,हम हैं रमण विहारी भजन के माध्यम से भगवान से जुड़ने का प्रयास किया। कथा में अमरजीत सह विभाग प्रचारक,जिला कार्यवाह बाराबंकी सुधीर तिवारी,पूर्व एम एल सी हर गोविंद सिंह,अजय सिंह जय माता दी,पूर्व ब्लॉक प्रमुख दिनेश सिंह,प्रधान संघ अध्यक्ष प्रदीप सिंह,दिवाकर विक्रम सिंह,हरि शंकर तिवारी,संतोष सिंह,मनोज सिंह,बृजेश रावत,रवि सिंह,दीपांशु निगम,देवेंद्र सिंह,मुकेश सिंह,माता.फ़ेर तिवारी,सर्वेश दीक्षित,शिवदास तिवारी,विनय पाण्डेय,शैलेन्द्र द्विवेदी,दिनेश सिंह सहित अन्यान्य भक्तगण उपस्थित रहे।

## बालाजी संस्थान बना महादानी

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रफी अहमद मेमोरियल जिला चिकित्सालय में बालाजी ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने 62वां रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन किया। इस शिविर में पांच लोग रक्तदान कर महादानी बने। बालाजी एकेडमी स्कूल बंकी ब्रांच की अध्यापिका श्रेया जयसवाल, बालाजी का बचपन स्कूल सत्य प्रेमी नगर ब्रांच के विद्यालय के कक्षा 3 के छात्र श्रेष्ठ जायसवाल के अभिभावक श्री मनोज जायसवाल, समाजसेवी अभय प्रताप, तान्या मौर्य, आकांक्ष मौर्य ने रक्तदान कर महादानी बनने का सौभाग्य प्राप्त किया।

संस्था के प्रबंधक अंकुर माथुर जी ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत थैलेसीमिया नामक बीमारी से ग्रसित बच्चों को हर माह रक्त प्रदान कर उनको एक नया जीवन देने का प्रयास किया जाता है। यह कार्यक्रम पिछले 5 वर्षों से हर माह की 21 तारीख को आयोजित होता है। जिसमें हर माह 10-15 लोग रक्तदान करते हैं। संस्था का पूरा प्रयास रहता है कि जिले में किसी को भी रक्त की वजह से परेशान ना होना पड़े। बालाजी ग्रुफ ऑफ स्कूल्स के अध्यक्ष श्री रविंद्र माथुर जी ने रक्तकोष प्रभारी श्री रक्तकोष प्रभारी डॉ0 वी0 पी0 सिंह, जिलापरार्मश अधिकारी श्री पंकज कुमार वर्मा व रक्तकोष के सभी स्टॉफ को धन्यवाद किया।

इस मौके पर बालाजी ग्रुप ऑफ स्कूल्स के अध्यक्ष श्री रविंद्र माथुर, कोषाध्यक्ष श्रीमती प्रिया माथुर, सदस्य भारती माथुर, श्रीमती चंदा रानी, अहमर शाहबाज, पीयूष मौर्या, रंजीत ठाकुर, मो सलीम, अद्भुत सिंह, अशीष चैरसिया आदि मौजूद रहे।

## तीन दिवसीय रोजगार मेला 25 मार्च से

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला सेवायोजन अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वावधान में आगामी 25, 26 एवं 27 मार्च को राजकीय इण्टर कालेज के ऑडिटोरियम में निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में आईटीआई उत्तीर्ण प्रतिभागियों सहित हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक योग्यताधारी बेरोजगार अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकेंगे। निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियां इस रोजगार मेले में साक्षात्कार / परीक्षा के माध्यम से चयन करेगी। इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल (न्धद्भद्दथथन्पथद्भद्दथद्ध.प्फ्.द्दधप.द्भद्ब) पर अपना पंजीयन करवा लें, किसी भी सहायता हेतु हेल्पलाइन नं0 155330 पर बात कर सकते हैं। पंजीयन न हो पाने की स्थिति में भी अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों. बायोडाटा तथा फोटो सहित उपरोक्त तिथि तथा स्थान में प्रातः 10:30 बजे उपस्थित होकर मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। प्रतिभाग हेतु कोई मार्गव्यय देय नहीं होगा।

## धूमधाम से निकला आठो का जुलूस

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। होली पर्व के 8 दिन बाद निकलने वाला जुलूस होली स्वांग शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ धूमधाम से निकला। कस्बा जैदपुर के उसरी लोध पुरवा बगहा पूरब तरफ अहिरन गढही आदि मोहल्ले से अनेक प्रकार की झांकियों के साथ श्री शीतला मंदिर लोधपुरवा शीतला मंदिर में लोग एकत्रित होकर. शीतला देवी मां की पूजा अर्चना के पश्चात जिम्मेदार भक्तो गणो श्यामू बाबा रामदीन सुमन कुमार रावत सरबजीत कुमार पुरुषोत्तम लाल राम सिंह डब्बू जायसवाल आदि लोगों के नेतृत्व में बैंड बाजे ऊंट घोड़े भांगड़ा के साथ सुंदर झांकियां जिसमें शव यात्रा. लैला मजनू. धोबी धोबिन चोर पुलिस राक्षस जैसे अनेक रूपों में सजे धजे स्थानी कलाकार झूमते नाचते जय घोष करते हुए। आसपास के क्षेत्र से आए हुए *जनप्रतिनिधियों समाजसेवियों सभासदों के साथ हजारों युवको महिलाओ. बच्चो भक्तों की उपस्थिति में निर्धारित मार्गो महमूदपुर गढ़ी कदीम बाध चौराहा जैन महल छोटी बाजार छोटा इमामबाड़ा बड़ी बाजार चमरहिया मोड होते हुए संतोषी मां जी मंदिर पूरब तरफ पर जाकर पूजा अर्चना के पश्चात संपन्न हुआ। यहां बताते चले की कुछ स्थानीय लोगों द्वारा जुलूस में शामिल कलाकारों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी करते हैं। जुलूस के दौरान कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल मुस्तैदी रहा।

## अमेठी टीचर प्रीमियर लीग की विजेता बनी संग्रामपुर टीम

अमेठी,बेसिक शिक्षा में कार्यरत शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक एवं कर्मचारी साथियों की चल रही अमेठी टीचर प्रीमियर लीग प्रतियोगिता का फाइनल मैच आज डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में खेला गया मैच में मुख्य अतिथि के रूप में खाद्य एवं रसद मंत्री सतीश शर्मा उपस्थित रहे साथी विशिष्ट अतीत के रूप में सुधांशु शुक्ला जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल उपस्थित रहे। राज्यमंत्री ने ने खेलों को जीवन के लिए बहुत आवश्यक बताते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है गांव में प्रतिभाओं को निखारने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है।

# सभापति ने अधिकारियों के साथ भी की बैठक, दिए निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी । कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में उत्तर प्रदेश विधानपरिषद की दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति की समीक्षा बैठक समिति के मा0 सभापति/जिला प्रभारी, इंजी0 श्री अवनीश कुमार सिंह जी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें समिति के सदस्यगण एमएलसी उमेश द्विवेदी, एमएलसी अंगद कुमार सिंह और एमएलसी मोहम्मद जासमीर अंसारी, जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह सहित समीक्षा अधिकारी विवेक सिंह, अपर निजी सचिव अभिनव यादव, प्रतिवेदक सुधीर यादव व अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)श्अरुण कुमार सिंह, डीएफओ, सीएमओ, बीएसए, डीआईओएस, डीएसओ, समाज कल्याण विभाग सहित नगर पालिका व नगर पंचायतों सहित समस्त जिले स्तर के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित आपदाएं

बाढ़, सूखा, अग्निकांड, ओलावृष्टि, भूकंप, सुनामी, बादल फटना, कोहरा एवं शीतलहरी, चक्रवात, भूस्खलन, कीट आक्रमण, हिमस्खलन

प्रदेश सरकार द्वारा अधिसूचित आपदाएं

बेमौसम भारी वर्षा अथवा अतिवृष्टि, आकाशीय विद्युत, आंधी-तूफान, लू-प्रकोप, नाव दुर्घटना, सर्पदंश, सीवर सफाई अथवा गैस रिसाव, बोरवेल में गिरना, मानव वन्य जीव द्वंद( जंगली जानवरों का हमला), कुआं, नदी, झील, तालाब, पोखर, नहर, नाला, गड्ढा, जलप्रपात में डूबकर होने वाली मृत्यु व सांड एवं वनरोज (नीलगाय) के आघात से होने वाली घटना

# सीतापुर में जल्द जिला चिकित्सालय भवन का होगा निर्माण



## 99.39 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत

## राज्यपाल ने चार करोड़ रुपए की पहली किश्त जारी करने की स्वीकृति प्रदान की

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर। प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में व्यापक कदम उठाए जा रहे हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि सीतापुर में 200 शैय्या युक्त जिला चिकित्सालय के भवन निर्माण हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत कर दी गई है। 99.39 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बनने वाले चिकित्सालय भवन के लिए प्रथम किश्त जारी करने की स्वीकृति राज्यपाल द्वारा प्रदान कर दी गई है।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को गुणवत्तापरक बनाने में सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही है। हमारी प्राथमिकता अस्पताल में आने वाले हर मरीज को समुचित उपचार एवं दवाएं उपलब्ध कराने की है। इस दिशा में व्यापक स्तर पर कार्य चल रहा है। हम हर मरीज को गुणवत्तापरक इलाज मुहैया करा रहे हैं। प्रदेश में नए चिकित्सालयों के निर्माण भी चल रहे हैं।

उन्होंने जानकारी दी कि ईपीसी मोड पर जनपद सीतापुर में 200 शैय्या युक्त जिला चिकित्सालय का भवन निर्माण प्रस्तावित है। भवन निर्माण हेतु व्यय वित्त समिति द्वारा अनुमोदित लागत 99.39 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति निर्गत कर दी गई है। उन्होंने जानकारी दी कि राज्यपाल द्वारा प्रथम किश्त के रूप में चार करोड़ रुपए निर्गत किए जाने की स्वीकृति भी दे दी गई है। जल्द ही सीतापुर में जिला चिकित्सालय भवन का निर्माण प्रारंभ हो जाएगा। सीतापुर व आसपास के जनपद के मरीजों को सीधा लाभ प्राप्त होगा।

# अग्निकांड में जले घरों को मुख्यमंत्री आवास सूची में मिलेगी प्राथमिकता : सभापति अवनीश





**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

## जानकारी के अभाव में लोग योजनाओं के लाभ से होते है वंचित : उमेश

## दैवीय आपदा प्रबंधन एक दिवसीय कार्यशाला

बाराबंकी। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश विधानपरिषद की दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति की एक दिवसीय कार्यशाला में पहुंचने से पूर्व कलेक्ट्रेट सभागार के बाहर सभापति व एमएलसी अवनीश कुमार सिंह को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी व मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन ने सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक

जनपद के दौरे पर पहुंचे सभापति ने दैवीय आपदा प्रबंधन के मुद्दे पर जनप्रतिनिधियों के साथ लोकसभागार में बैठक कर उनके सुझाव लिए। जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं के संबंध में अवगत कराया। बैठक में मा0 सदस्य एमएलसी श्री उमेश द्विवेदी, विधायक हैदरगढ़ मा0 श्री दिनेश रावत, जिला पंचायत अध्यक्षा मा0 श्रीमती राजरानी रावत, पूर्व विधायक शरद अवस्थी, जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य सहित ब्लाक प्रमुख श्रीमती आरती रावत, धमेंद्र यादव व नगरपंचायतों के चेयरमैनगण और जिला पंचायत सदस्यगण आदि उपस्थित रहे।

# आईपीएल में नए नियमों और नए कप्तानों पर होगी नजर

एजेंसी

कोलकाता। गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच शनिवार को यहां होने वाले मैच से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें सत्र का आगाज होगा जिसमें नए नियमों और नए कप्तानों पर सभी की निगाह रहेगी। नए नियमों में सबसे महत्वपूर्ण गेंद पर लार लगाने की अनुमति फिर से देना है। कोविड-19 महामारी के कारण गेंद पर लार लगाना प्रतिबंधित कर दिया गया था और उसके बाद यह पहला अवसर होगा जबकि गेंदबाजों को इसकी अनुमति दी जाएगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल के अधिकतर कप्तानों से इस मामले में सहमति मिलने के बाद गुरुवार को लार पर लगा प्रतिबंध हटाने का फैसला किया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 2022 में गेंद पर लार लगाने पर स्थाई रूप से प्रतिबंध लगा दिया था लेकिन आईपीएल अपने नियमों से संचालित किया जाता है और उसका यह फैसला विश्व क्रिकेट के अन्य देशों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित कर सकता है। अन्य नियमों में शाम को खेले जाने वाले मैचों में अगर अंपायरों को लगता है कि ओस खेल पर अपना प्रभाव डाल रही है तो वह दूसरी पारी के 11वें ओवर से नयी गेंद का इस्तेमाल करने की अनुमति दे सकते हैं। शाम को होने वाले मैचों पर यह नियम लागू नहीं होगा। इसके अलावा टीम ऊंचाई और ऑफसाइड की वाइड के लिए भी निर्णय समीक्षा प्रणाली का उपयोग कर सकते हैं। इन सब के बीच इंपैक्ट प्लेयर का नियम पहले की तरह बरकरार रहेगा। आईपीएल 2025 में कम से कम सात टीम नए कप्तान के साथ मैदान पर उतरेंगी। इनमें से कुछ खिलाड़ी विभिन्न कारण से कुछ मैच में ही अपनी टीम की अगुवाई करेंगे। सबसे चौंकाने वाला फैसला आरसीबी ने रजत पाटीदार को कप्तान बनाकर किया। आरसीबी की टीम में स्टार बल्लेबाज विराट कोहली भी शामिल हैं और यह देखना दिलचस्प होगा कि पाटीदार किस तरह से टीम की कप्तानी करते हैं। अक्षर पटेल दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करेंगे जबकि 2024 में केकेआर को चैंपियन बनाने वाले श्रेयस अय्यर इस बार पंजाब किंग्स की कमान संभालेंगे। कोलकाता की टीम की कप्तानी इस बार अजिंक्य रहाणे को सौंपी गई है। संजू सैमसन की उंगली की चोट के कारण रियान पराग राजस्थान रॉयल्स के शुरुआती मैचों में कप्तानी करेंगे। हार्दिक पांड्या पर पिछले सत्र में धीमी ओवर गति के लिए एक मैच का प्रतिबंध लगा था और इसलिए वह मुंबई इंडियंस के पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ रविवार को होने वाले इस मैच में सूर्यकुमार यादव मुंबई की कमान संभालेंगे।



# हसन नवाज का नाबाद शतक, पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को नौ विकेट से हराया

एजेंसी

ऑकलैंड। हसन नवाज (नाबाद 105) की शतकीय और कप्तान आगा सलमान (नाबाद 51) की आतिशी अर्धशतकीय पारियों की बदौलत पाकिस्तान ने शुक्रवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को नौ विकेट से हरा दिया है।

205 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान के लिए मोहम्मद हारिस और हसन नवाज की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 74 रन जोड़े। छठें ओवर में जेकब डफी ने मोहम्मद हारिस को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। मोहम्मद हारिस 20 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के लगाते हुए (41) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान सलमान ने हसन नवाज के साथ ना केवल पारी को संभाला दोनों बल्लेबाजों ने तेजी के साथ रन भी बटोरे। पाकिस्तान ने 16 ओवर में एक विकेट पर 207 रन बनाकर मुकाबला नौ विकेट से जीत लिया। हसन नवाज ने 45 गेंदों में 10 चौके और सात छक्के लगाते हुए (नाबाद 105) रनों की पारी खेली। कप्तान आगा सलमान 31 गेदों में छह चौके और दो छक्के लगाते हुए (51) रन पर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड की ओर से जेकब डफी एकमात्र सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने मोहम्मद हारिस को आउट किया।

इससे पहले आज यहां पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आग ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में फिन ऐलन (शून्य) का विकेट गवां दिये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मार्क चैपमैन ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी की शुरुआत की। उन्होंने टिम साइफर के साथ दूसरे विकेट के लिए 40 रनों की साझेदारी की। पांचवें ओवर में हारिस रउफ ने टिम साइफर को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। टिम साइफर ने नौ गेंदों में दो छक्के और एक चौका लगाते हुए (19) रनों की पारी खेली। दो विकेट गिरने के बावजूद डैरिल मिचेल और मार्क चैपमैन तेजी के साथ रन बनाते रहे। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 55 रन जोड़े। 10वें ओवर में शादाब खान ने डैरिल मिचेल को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। डैरिल मिचेल ने 11 गेंदों में (17) रन बनाये। शतक की ओर बढ़ रहे मार्क चैपमैन को 13वें शाहीन शाह अफरीदी ने आउटकर न्यूजीलैंड को बड़ा झटका दिया। मार्क चैपमैन ने 44 गेंदों में 11 चौके और चार छक्के लगाते हुए (94) रनों की पारी खेली। जिमी नीशम (तीन), मिचेल हे (नौ) और काइल जेमीसन (शून्य) पर आउट हुये। 19वें ओवर में हारिस रउफ ने कप्तान माइकल ब्रेसवेल को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। माइकल ब्रेसवेल ने18 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए (31) रन बनाये। इसी ओवर में रउफ ने ईश सोढ़ी (10) को आउटकर पाकिस्तान के लिए नौवां विकेट लिया। अब्बास अफरीदी ने 20वें ओवर की पांचवीं गेंद पर जेकब डफी (दो) को आउट कर न्यूजीलैंड की पारी का 204 रन के स्कोर पर अंत कर दिया।

# संक्षिप्त समाचार

## विनीसियस जूनियर ने दिलाई ब्राजील को कोलंबिया पर जीत

**साओ पाउलो।** विनीसियस जूनियर के आखिरी मिनट में किए गए गोल की मदद से ब्राजील ने विश्व कप क्वालीफाइंग मैच में कोलंबिया को 2-1 से हराया। अगर यह मैच ड्रॉ रहता तो ब्राज़ील दक्षिण अमेरिकी तालिका में छठे स्थान पर खिसक जाता। इसके बजाय वह विनीसियस जूनियर के गोल से अर्जेंटीना के बाद दूसरे स्थान पर आ गया। दक्षिण अमेरिका की शीर्ष छह टीमों को अगले साल कनाडा, अमेरिका और मैक्सिको में होने वाले विश्व कप में सीधा प्रवेश मिलेगा। अर्जेंटीना के अभी तक 12 मैच में 25 अंक और ब्राजील के 13 मैच में 21 अंक हैं। पराग्वे ने एक अन्य मैच में चिली पर 1-0 की जीत दर्ज की। पराग्वे के 20 अंक हो गए हैं और वह अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। चिली नौ अंकों के साथ राउंड-रॉबिन प्रतियोगिता में अंतिम स्थान पर है। इसके अलावा गुरुवार को पेरू ने बोलीविया को 3-1 से हराया। बोलीविया 13 अंकों के साथ सातवें स्थान पर है। पेरू के 10 अंक हैं और वह नौवें स्थान पर है।

## पनामा ने अमेरिका को हराकर बाहर का रास्ता दिखाया

**इंगलवुड (अमेरिका)।** सेसिलियो वॉटरमैन ने दूसरे हाफ के इंजुरी टाइम के चौथे मिनट में गोल किया जिससे पनामा तीन बार के गत चैंपियन अमेरिका को 1-0 से हराकर कॉनकाफ नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने में सफल रहा। जब लग रहा था कि मैच अतिरिक्त समय तक खिंच जाएगा तब वाटरमैन ने अमेरिकी बॉक्स में एडलबर्टो कैरासक्विला से दाहिनी ओर से पास लिया और मैट टर्नर को पीछे छोड़ते हुए शानदार गोल दागा। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में अपना 11वां गोल करने वाले वॉटरमैन ने मैच के बाद कहा, ''मेरे करियर में मेरे साथ कई अच्छी चीजें हुई हैं, लेकिन यह सबसे अलग है। यह अविश्वसनीय है। पनामा फाइनल में कनाडा या मेक्सिको का सामना करेगा।

## क्रोएशिया ने नेशंस लीग क्वार्टर फाइनल में फ्रांस को 2-0 से हराया

**ज़ाग्रेब।** क्रोएशिया ने किलियन एम्बाप्पे और ओस्मान डेम्बेले की आक्रामक जोड़ी पर अंकुश लगाकर नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में फ्रांस को 2-0 से हराया। एंटे बुदिमिर ने गुरुवार को खेले गए मैच में 26वें मिनट में इवान पेरीसिक के क्रॉस पर क्रोएशिया को बढ़त दिलाई। पेरिसिक ने पहले हाफ के स्टॉपेज समय में बढ़त को दोगुना कर एम्बाप्पे की अपनी राष्ट्रीय टीम में छह महीने के बाद वापसी को फीका कर दिया। एम्बाप्पे ने पहले हाफ में कई बार डोमिनिक लिवाकोविच की परीक्षा ली लेकिन क्रोएशिया के गोलकीपर ने कुछ अच्छे बचाव करके उनके प्रयासों को विफल कर दिया। यह छह सितंबर को इटली से 3-1 की हार के बाद पहला अवसर था जबकि एम्बाप्पे फ्रांस की तरफ से खेल रहे थे। पहले चरण के अन्य क्वार्टरफाइनल मैचों में जर्मनी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए इटली को 2-1 से हराया, गत चैंपियन स्पेन ने नीदरलैंड के खिलाफ 2-2 से ड्रा खेला और डेनमार्क ने पुर्तगाल को 1-0 से पराजित किया।

## सिग्नेचर ग्लोबल ने गुरुग्राम में 282 करोड़ रुपये में जमीन खरीदी, 3200 करोड़ रुपये के राजस्व की उम्मीद

**नयी दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल (इंडिया) लिमिटेड ने आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए गुरुग्राम में 282 करोड़ रुपये में 8.39 एकड़ जमीन खरीदी है। इससे उसे करीब 3,200 करोड़ रुपये की आय होने की उम्मीद है। कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि उसने हरियाणा के गुरुग्राम के सेक्टर 37डी में 282.42 करोड़ रुपये की लागत से 8.39 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया है। इस भूमि की समग्र विकास क्षमता करीब 20 लाख वर्ग फुट है। सिग्नेचर ग्लोबल ने कहा, कंपनी की अगले वित्त वर्ष 2025-26 के अंत तक इस भूमि पर परियोजना शुरू करने की योजना है और उसे करीब 3,200 करोड़ रुपये का कुल राजस्व मिलने की उम्मीद है। कंपनी के संस्थापक एवं चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल ने कहा, गुरुग्राम के आवास बाजार में हाल के वर्षों में असाधारण वृद्धि हुई है। द्वारका एक्सप्रेसवे भारत के सबसे तेजी से बढ़ते रियल एस्टेट गिलयारे के रूप में उभर रहा है।

## अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस को गुजरात में 2,800 करोड़ रुपये की बिजली पारेषण परियोजना मिली

**नयी दिल्ली।** अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) ने गुजरात में 2,800 करोड़ रुपये की बिजली पारेषण परियोजना मिलने की शुक्रवार को घोषणा की। एईएसएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि वह गुजरात के मुंद्रा में हरित हाइड्रोजन और हरित अमोनिया के निर्माण के लिए हरित इलेक्ट्रॉन की आपूर्ति करेगी। कंपनी का चालू वित्त वर्ष 2024-25 में मिला यह छठा ठेका है, जिससे इसकी ऑर्डर बुक 57,561 करोड़ रुपये पर पहुंच गई है। एईएसएल ने शुल्क-आधारित प्रतिस्पर्धी बोली (टीबीसीबी) प्रक्रिया के तहत परियोजना हासिल की। पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड बोली प्रक्रिया की समन्वयक थी।

## जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड के सीएफओ अनुराग मंत्री ने दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल) ने कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी (समूह) अनुराग मंत्री के अपने पद से इस्तीफा देने की शुक्रवार को घोषणा की। जेएसएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि वह चार अप्रैल 2025 को कामकाजी समय समाप्त होने के बाद से कार्यकारी निदेशक और समूह के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) के पद से मुक्त हो जाएंगे। इसमें कहा गया, मंत्री ने नए पेशेवर अवसरों की तलाश के लिए इन पदों से इस्तीफा दिया है। जेएसएल भारत की सबसे बड़ी 'स्टेनलेस स्टील' उत्पादक कंपनी है।

## फिजिक्सवाला ने आईपीओ लाने के लिए गोपनीय मार्ग के तहत सेबी के समक्ष दाखिल किए दस्तावेज

**नयी दिल्ली।** शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी फिजिक्सवाला ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष गोपनीय मार्ग से दस्तावेज का मसौदा दाखिल किया है। इस गोपनीय मार्ग से कंपनी को 'ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस' (डीआरएचपी) के तहत विवरणों की सार्वजनिक तौर पर जानकारी नहीं देनी होती। नोएडा स्थित फिजिक्सवाला ने बुधवार को सार्वजनिक घोषणा में कहा कि उसने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष आईपीओ लाने के लिए दस्तावेज दाखिल किए हैं लेकिन यह इस बात की गारंटी नहीं है कि कंपनी सार्वजनिक निर्गम लाएगी ही। फिजिक्सवाला की स्थापना 2020 में की गई थी यह छात्रों को सुलभ और व्यापक शिक्षण अनुभव प्रदान करने के लिए पहचानी जाती है।

# शंकर सुब्रमण्यम ने विश्व के नंबर दो खिलाड़ी एंटोनसेन को उलटफ़ेर का शिकार बनाया

एजेंसी

बासेल। भारत के शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम ने डेनमार्क के विश्व में नंबर दो खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसेन को तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में उलटफ़ेर का शिकार बनाकर यहां स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2022 के रजत पदक विजेता और वर्तमान में दुनिया में 64वें नंबर के 21 वर्षीय खिलाड़ी सुब्रमण्यम ने अपने रक्षण का प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए तीन बार के विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता को 66 मिनट में 18-21 21-12 21-5 से हराया। तमिलनाडु के रहने वाले सुब्रमण्यम के करियर की यह सबसे बड़ी जीत है। उनका अगला मुकाबला फ्रांस के विश्व में 31वें नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टो पोपोव से होगा जिन्होंने इस सत्र में अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। सुब्रमण्यम टूर्नामेंट में बचे एकमात्र भारतीय एकल खिलाड़ी हैं, जबकि त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है। विश्व में नौवें नंबर की भारतीय जोड़ी में गुरुवार को खेले गए मैच में जर्मनी की एमिली लेहमैन और सेलिन हब्श को 21-12, 21-8 से हराया। अन्य भारतीय खिलाड़ियों में इशरानी बरुआ चीन की हान कियान शी से 63 मिनट में 19-21, 21-18, 18-21 से जबकि अनुपमा उपाध्याय महिला एकल के एक अन्य मैच में इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वर्दानी से 17-21, 19-21 से हार गईं। सतीश करुणाकरन और आद्या वरियाथ की मिश्रित युगल जोड़ी को लियू कुआंग हेंग और झेंग यू चीह से 14-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। सुब्रमण्यम ने एंटोनसेन के खिलाफ सटीक खेल दिखाया जबकि डेनमार्क के खिलाड़ी का अपने शॉट पर नियंत्रण नहीं था। शुरुआती गेम में दोनों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें बढ़त बार-बार बदलती रही। ब्रेक के समय एंटोनसेन केवल एक अंक की बढ़त बना सके। बाएं हाथ से खेलने वाले सुब्रमण्यम ने स्कोर 16-14 कर दिया, लेकिन दबाव बरकरार नहीं रख सके और एंटोनसेन ने पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में स्थिति एकदम से बदल गई और सुब्रमण्यम ने डेनमार्क के खिलाड़ी को कोई मौका नहीं दिया। एंटोनसेन ने निराशा में अपने रैकेट को लात भी मारी। सुब्रमण्यम ने पहले 8-4 और फिर ब्रेक तक 11-6 की बढ़त हासिल की। एंटोनसेन ने एक और शॉट बाहर मारा जिससे भारतीय खिलाड़ी ने दूसरा गेम जीतकर मुकाबला बराबरी पर ला दिया। तीसरे गेम के शुरू में स्कोर एक समय 3-3 से बराबर था लेकिन इसके बाद एंटोनसेन ने पूरी तरह से नियंत्रण खो दिया और कई अप्रत्याशित गलतियां कीं, जिससे भारतीय खिलाड़ी ने ब्रेक तक 11-3 की बढ़त बना ली। सुब्रमण्यम ने इसके बाद भी अच्छा प्रदर्शन जारी रखा और मैच अपनी झोली में डाल दिया।



# जिम्नास्टिकः प्रणति नायक ने एफआईजी विश्व कप में वॉल्ट फाइनल के लिए क्वालीफाई किया

नयी दिल्ली। भारतीय जिमनास्ट प्रणति नायक ने तुर्की के अंताल्या में एफआईजी अप्लायन्सेज विश्व कप के क्वालिफिकेशन राउंड में तीसरा स्थान हासिल कर वॉल्ट फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। तोक्यो ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली 29 वर्षीय प्रणति ने वॉल्ट क्वालिफिकेशन में 13.317 के कुल स्कोर के साथ फाइनल में जगह बनाई। वह जयला हैंग (13.783) और क्लेयर पीज़ (13.584) की अमेरिकी जोड़ी से पीछे रहीं। प्रणति के कोच अशोक कुमार मिश्रा ने कहा, प्रणति ने क्वालीफिकेशन में अच्छा प्रदर्शन किया और अगर वह फाइनल में इससे बेहतर प्रदर्शन करती है तो पदक जीत सकती है। प्रणति ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक से पहले काहिरा में एफआईजी अप्लायन्सेज विश्वकप की महिला वॉल्ट स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।

# गुरुग्राम में 'विंटेज कार शो' में आकर्षण का केंद्र रही 'लाल परी' एमजी रोडस्टर

एजेंसी

गुरुग्राम। हाल में गुरुग्राम में विशाल गोल्फ लिंक में आयोजित 'विंटेज कार शो' '21 गन सैल्यूट कॉन्कोर्स डी एलिगेंस' के 11वें चरण में लगभग 125 पुरानी कारें और 50 पुरानी मोटरसाइकिलें मौजूद थीं लेकिन मिलेनियम सिटी के गोल्फ कोर्स में आकर्षण का केंद्र रही 1950 की विंटेज एमजी रोडस्टर 'लाल परी'। इस शो में महाराजा कारों से लेकर खूबसूरत क्लासिक कारें मौजूद थीं जो ऑटोमोबाइल प्रेमियों के लिए किसी तीर्थस्थल से कम नहीं था। शो में 1903 डी डायन बोटोन (प्रदर्शित की गई सबसे पुरानी कार), 1917 फोर्ड मॉडल टी रोडस्टर, 1935 कैडिलैक फ्लीटवुड और 1948 बेंटले मार्क ड्रॉपहेड कूप (मूल रूप से बड़ौदा की महारानी के लिए बनाई गई थी) सहित अन्य दुर्लभ कारें मौजूद थीं। 'लाल परी' एमजी रोडस्टर के लिए यह घर वापसी का पल था जो 13 देशों में लगभग 13,500 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद अक्टूबर 2023 में ब्रिटेन पहुंची थी और अब इस कार शो में कार प्रेमियों को लुभा रही थी। अहमदाबाद के दमन ठाकोर 'लाल परी' के मालिक हैं जिन्होंने अपने परिवार के सदस्यों को लेकर 70 से ज्यादा दिन तक इसमें ब्रिटेन तक यात्रा की। उनकी पत्नी, पिता और बेटी इस दौरे पर उनके साथ थे और ऑक्सफोर्डशर के एबिंगडन के लोगों ने उनका स्वागत किया। यह जगह कई दशकों तक मॉरिस गैरेजेस का घर थी और 100 साल से अधिक पुरानी इस कंपनी ने ही 'लाल परी' को बनाया था। और 75 साल बाद भी 'लाल परी' लोगों का दिल जीत रही है और उन्हें आकर्षित कर रही है। इसका प्रमाण यह है कि उसे '21 गन सैल्यूट कॉन्कोर्स डी'एलिगेंस के 11वें संस्करण में पुरस्कार मिला। अहमदाबाद में रहने वाले 49 वर्षीय ठाकोर ने दो साल पहले अपनी बेशकीमती कार और दुनिया भर में उसकी अद्भुत यात्रा को याद करते हुए बताया, ''यह 'लाल परी' है। जब मैं तीन साल का था, तब मेरे पिता ने यह कार मेरे लिए खरीदी थी। और तब से हम इसके साथ बड़े हुए हैं। हम हर जगह इसमें ही जाते हैं और यहां तक ??कि यह मेरी शादी के जश्न (2000 में) का भी हिस्सा रही। मेरी पत्नी की मायके से विदाई इसी कार में हुई थी। ठाकोर ने बताया लगभग 10 साल पहले परिवार ने इस एमजी कार को नया जीवन देने के बारे में सोचा। उन्होंने कहा, ''हम इसे देखते हुए बड़े हुए और इसने हमें बहुत खुशी दी है इसलिए हमने इसकी हालत सही करने के बारे में सोचा। तभी विचार आया कि हम इसे वापस उसी फैक्ट्री में क्यों नहीं ले जा सकते जहां इसे मूल रूप से बनाया गया था। ठाकोर ने कहा, ''फिर सड़क के रास्ते से 'भारत से लंदन' कार यात्रा की बात शुरू हुई और परिवार की तीन पीढ़ियां इस कार में संयुक्त अरब अमीरात से ब्रिटेन तक पहुंचीं।

# भारी उद्योग, सड़क मंत्रालय ने वहान पंजीकरण और बिक्री में अंतर पर ओला इलेक्ट्रिक से मांगा स्पष्टीकरण

एजेंसी

नयी दिल्ली। ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड से भारी उद्योग और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने 'वाहन पोर्टल' पर वाहनों के पंजीकरण तथा शेयर बाजार को दी जानकारी के अनुसार बिक्री में अंतर के बारे में जानकारी मांगी है। ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, इसके अलावा, मंत्रालयों ने व्यापार प्रमाणपत्रों की आवश्यकता का अनुपालन न करने संबंधी रिपोर्ट पर भी स्पष्टीकरण मांगा है। कंपनी सूचना के अनुसार, दोनों मंत्रालयों की ओर से पूछे गए प्रश्न वाहन पोर्टल के अनुसार वाहन पंजीकरण और फरवरी 2025 के महीने के लिए कंपनी की 28 फरवरी 2025 की नियामक जानकारी के अनुसार बिक्री में बड़े अंतर से संबंधित हैं। ओला इलेक्ट्रिक ने कहा, कंपनी उपरोक्त मामले का जवाब देने की प्रक्रिया में है। फरवरी माह में 'वाहन पोर्टल' पर ओला इलेक्ट्रिक द्वारा पंजीकरण वाहनों की कुल संख्या 8,652 थी, जबकि नियामकीय सूचना में कंपनी ने फरवरी 2025 के दौरान 25,000 से अधिक इकाइयों की बिक्री की जानकारी दी थी। वहीं 20 मार्च तक 'वाहन पोर्टल' पर कंपनी के पंजीकरण वाहनों की संख्या 11,781 थी। इसके अलावा कंपनी ने कहा कि उसे चार राज्यों में अपने कुछ स्टोर के लिए व्यापार प्रमाणपत्र के संबंध में नोटिस मिले हैं। वह इसका जवाब देने की भी तैयारी कर रही है। ओला इलेक्ट्रिक ने अलग से बयान में कहा कि उसकी बिक्री मजबूत बनी हुई है, और वाहन पंजीकरण के लिए जिम्मेदार विक्रेताओं के साथ जारी बातचीत के कारण फरवरी में अस्थायी 'बैकलॉग' बना।

# वियतजेट ने की हैदराबाद, बेंगलुरु से वियतनाम के लिए सीधी उड़ानें शुरू

एजेंसी

नयी दिल्ली। वियतनाम की प्रमुख एयरलाइन वियतजेट ने भारत में अपनी सेवाओं का और विस्तार करते हुए हैदराबाद और बेंगलुरु से हो ची मिन्ह सिटी (वियतनाम) के लिए सीधी उड़ानों की शुरुआत की है। वियतजेट ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि ये उड़ानें न केवल वियतजेट के वैश्विक नेटवर्क विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं, बल्कि भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के बीच बेहतर कनेक्टिविटी का नया अध्याय भी खोलती हैं।

गत 18 और 19 मार्च को लॉन्च की गई इन नई उड़ानों की शुरुआत की खुदी में एयरलाइन ने खास पेशकश के तहत 24 मार्च तक हैदराबाद और बेंगलुरु से हो ची मिन्ह सिटी के लिए टिकट की बिक्री मात्र 11 रुपए (करों और अन्य शुल्कों को छोड़कर) से शुरू कर रही है। यह पेशकश 01 जून से 15 अक्टूबर के बीच की उड़ानों पर लागू होगी। इसके अलावा, भारत-वियतनाम के अन्य मार्गों के लिए टिकट बुक करने वाले यात्री 'होलीइंडिया' कोड का इस्तेमाल कर 20 प्रतिशत तक की छूट प्राप्त कर सकते हैं जो 01 अप्रैल से 30 सितंबर के बीच की उड़ानों के लिए लागू होगी। टिकट बुकिंग वियतजेट की आधिकारिक वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू.वियतजेटएयर.कॉम और वियतजेट एयर मोबाइल ऐप पर उपलब्ध हैं। इन नई उड़ानों के साथ, वियतजेट भारत और वियतनाम के बीच सबसे बड़े हवाई नेटवर्क वाली एयरलाइन बन गई है। अब यह हर हफ्ते 78 सीधी उड़ानों के साथ 10 सीधे मार्गों पर संचालन कर रही है। उसकी उड़ानों का नेटवर्क नई दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, कोच्चि, हैदराबाद और बेंगलुरु को वियतनाम के प्रमुख शहरों- हो ची मिन्ह सिटी, हनोई और दा नांग से जोड़ता है।

# भारतीय मानक ब्यूरो ने मानकीकरण के लिए वार्षिक कार्यक्रम 2025-26 शुरू किया

एजेंसी

नई दिल्ली। देश के सर्वोच्च मानक निकाय भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए मानकीकरण का वार्षिक कार्यक्रम (एपीएस) शुरू किया है। यह पहल विभिन्न क्षेत्रों में गुणवत्ता मानकों को बढ़ाने के लिए नए मानक तैयार करने और मौजूदा मानकों को संशोधित करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा? कि एपीएस की शुरुआत 5 से 11 मार्च, 2025 तक आयोजित व्यापक हितधारक परामर्श के बाद हुई है, जिसमें 40 मंत्रालयों और 84 उद्योग संघों के प्रतिनिधि शामिल थे। बीआईएस ने एक डिजिटल प्लेटफॉर्म भी पेश किया है, जो हितधारकों को मानकों का प्रस्ताव करने और उनकी प्रगति पर नज़र रखने की अनुमति देता है। इसका उद्देश्य 23,000 से अधिक बीआईएस मानकों को अधिक से अधिक अपनाने में मदद करना है। मंत्रालय के मुताबिक इस अवसर पर बीआईएस के महानिदेशक प्रमोद कुमार तिवारी ने अपने संबोधन में सहयोग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने हितधारकों से मानकीकरण प्रक्रिया में सक्रिय रूप से योगदान देने और जहां जरूरी हो वहां विशेषज्ञों को नामित करने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा, यह पहल मानकीकरण के लिए एक रणनीतिक, आवश्यकता-आधारित दृष्टिकोण सुनिश्चित करेगी, महत्वपूर्ण क्षेत्रों को प्राथमिकता देते हुए व्यापक रूप से अपनाने को बढ़ावा देगी। बीआईएस मानकीकरण प्रकोष्ठों के माध्यम से मंत्रालयों और उद्योग संघों के साथ मिलकर काम करता है, जिसका उद्देश्य कमियों की पहचान करना और राष्ट्रीय मानकों के निर्माण में भाग लेना है। वर्ष 2025-26 के लिए एपीएस तैयार करने के लिए परामर्श बैठकों से पहले, बीआईएस ने 24 अगस्त से 25 जनवरी तक फोकस समूह बैठकों की एक शृंखला के साथ-साथ भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं और मिशनों के विरुद्ध भारतीय मानकों का व्यापक समन्वय अभ्यास किया। एपीएस 2025-26 से प्राथमिकता मानकों के बनाने में उल्लेखनीय वृद्धि होने, विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में व्यापक रूप से अपनाने और निर्बाध कार्यान्वयन को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है।



# लोक सभा में जल शक्ति मंत्रालय की अनुदान मांगे ध्वनिमत से पारित

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोक सभा में शुक्रवार को कटौती प्रस्तावों को खारिज करते हुये जल शक्ति मंत्रालय से संबंधित अनुदान मांगों को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

इससे पहले चर्चा का जवाब देते हुये जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने कहा कि मोदी सरकार जल के महत्व को समझती है और इसके प्रबंध के लिये पर्याप्त धन दिया है। श्री पाटिल ने कहा कि पिछली संयुक्त प्रगतिशील गंठबंधन (संप्रग) सरकार के 10 वर्ष के कार्यकाल में जल क्षेत्र के लिये एक लाख दो हजार करोड़ रुपये दिये गये थे, जबकि मोदी सरकार के दौरान इस क्षेत्र को 10 वर्ष में चार लाख 29 हजार करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन किया गया। उन्होंने कहा कि देश में सभी को निरंतर स्वच्छ पेयजल मिलता रहे, इसके लिये देश भर में 25 लाख महिलाओं को प्रशिक्षित किया है, जो स्थानीय स्तर पर पेयजल की गुणवत्ता की जांच कर सकेंगी। इसके लिये उन्हें किट प्रदान किये गये हैं। किसी को भी दूषित पेयजल न लेना पड़े, इसके लिये सरकार पूरे इंतजाम करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पेयजल स्वास्थ्य सेवा भी है, इससे देश में चार लाख बच्चों को अतिसार से बचाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पेयजल देने के परिणाम हर क्षेत्र में देखने को मिल रहे हैं। श्री पाटिल ने कहा कि देश में करोड़ों शौचालय बना दिये जाने से 60 करोड़ लोगों की शौचालय जाने की आदत में बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि देश में सिंचाई क्षमता बढ़ाने के विभिन्न उपाय किये गये हैं। हर खेत को पानी मिले, इसके लिये 1100 करोड़ रुपये का प्रबंध किया गया है। केन-वेतवा नदी संपर्क योजना को पूरा करने के लिये आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं। लंबित पोलावरम रिपीट पोलावरम परियोजना को 2026 तक पूरा करने के लिये धन उपलब्ध कराया जा रहा है। श्री पाटिल ने कहा कि नदी स्वच्छता अभियान पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इससे गंगा नदी के जल में सुधार आया है। यह निरंतर प्रयासों का प्रमाण है। गंगा नदी का प्रवाह भी सुधरा है। श्री पाटिल ने सभी सदस्यों ने अपने अपने क्षेत्र में जल संचयन के लिए काम करने का आग्रह किया और कहा कि मंत्रालय की इस काम में जो जरूरत होगी उसमें उनके काम को पूरी मदद की जाएगी। उनका कहना था कि योजना के क्रियान्वयन को लेकर कोई गड़बड़ी नहीं हो इसके लिए पूरी छानबीन की जाती है और जिस व्यक्ति तथा घर को इस योजना का लाभ दिया गया है उसका पूरा विवरण लेकर उसका रिकॉर्ड रखा जाता है। उनका कहना था कि सबको जल उपलब्ध कराने को लेकर जो शिकायतें आती हैं उनका समाधान राज्यों के साथ मिलकर किया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि इसमें किसी भी तरह की गड़बड़ी को माफ नहीं किया जाएगा। जल लोगों का अधिकार है और बसको जल उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है। जिसने भी गड़बड़ी की है उसका समाधान होगा और जिसने गड़बड़ी की है उसके लिए उसे सजा भी मिलेगी। उन्होंने नदियों को जोड़ने को लेकर भी पहचान की है और अब तक 11 परियोजनाओं की डीपीआर की जा चुकी है। उनका कहना था कि यह राज्यों का विषय है और इस बारे में राज्यों के साथ समन्वय से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश तथा मध्य प्रदेश के बीच 221 किलोमीटर नदी जोड़ने के काम करने को कहा है। उनका कहना था कि जल भले ही राज्यों का विषय है लेकिन केंद्र सरकार जल जीवन मिशन के तहत इस योजना का संचालन कर रही है और देश के हर घर तक नल से जल पहुंचाने का काम कर रही है। स्वच्छ जल सबको मिले इसके लिए श्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन की 2019 में शुरुआत की और अब तक करोड़ों लोगों को इस योजना का लाभ मिल रहा है। यह योजना भारत सरकार की प्राथमिकता में है और इसको लेकर बराबर समीक्षा बैठकें होती हैं और इससे जुड़ी जो भी समस्याएं होती हैं उनका समाधान किया जाता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना के कारण 15 करोड़ से ज्यादा घरों में नल का शुद्ध का पानी जा रहा है और इसको लेकर कोई शिकायत है तो उसका समाधान किया जाएगा।

## कृषि और किसान पर चर्चा नहीं चाहता विपक्ष: शिवराज

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संसद के बार बार बाधित होने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि विपक्ष खेती और किसानी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा नहीं करना चाहता है।

श्री चौहान ने शुक्रवार को संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा कि संसद की कार्यवाही में बार-बार स्थगन चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि वास्तव में विपक्ष कृषि और किसान कल्याण को लेकर चर्चा नहीं चाहता है। लोकसभा में कल कृषि पर चर्चा थी, लेकिन विपक्ष के हंगामे के कारण यह संभव नहीं हो सकी। उन्होंने कहा कि आज कृषि पर चर्चा के दौरान या पहले विपक्ष हंगामा करता है तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि हाथी के दांत दिखाने के अलग और खाने के अलग हैं। विपक्ष किसान विरोधी है। वह किसानों का कल्याण नहीं चाहता है। उन्होंने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण मतलब खेती-बाड़ी और किसान पर संसद में, लोकसभा में चर्चा होनी थी। चर्चा लोकतंत्र के प्राण हैं। चर्चा और संवाद जनकल्याण के कामों को आगे बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा, ल्ल हम चाहते थे कि कृषि पर और किसानों पर विपक्ष भी सार्थक चर्चा करे। अपनी बात रखे, अच्छे सुझाव दे, सकारात्मक सुझावों का सदैव स्वागत है। मैं तो सालभर से चर्चा की प्रतीक्षा कर रहा था ताकि विपक्ष भी हमें अपनी बात कह सके। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दुख की बात है कि कल विपक्ष ने हंगामा करके कृषि और किसानों पर चर्चा को बाधित करने का पाप और अपराध किया है। उन्होंने कहा, ''मैं विपक्ष से आग्रह करता हूं कि कम से कम आज वह चर्चा होने दें, चर्चा का मार्ग खोलें, सार्थक बहस करें ताकि सही अर्थों में हम सब किसान कल्याण के कामों को आगे बढ़ा सकें। अगर वह बाधा पैदा करते हैं तो यही सिद्ध होगा कि हाथी के दांत खाने के और दिखाने के अलग- अलग हैं। वे किसानों पर और कृषि कल्याण पर चर्चा चाहते ही नहीं हैं।

## आसियान देशों की बैठक में आतंकवाद के खतरे से निपटने की मजबूत रणनीति पर बल दिया गया

एजेंसी

नयी दिल्ली। आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों और विशेषज्ञ कार्य समूह की आतंकवाद पर 14 वीं बैठक में आतंकवाद और उग्रवाद के उभरते खतरे से निपटने के लिए एक मजबूत और व्यापक रणनीति विकसित करने पर बल दिया गया है।

बैठक में आसियान सचिवालय, आसियान देशों (लाओ पीडीआर, मलेशिया, इंडोनेशिया, म्यांमार, सिंगापुर, थाईलैंड, मलेशिया, फिलीपींस और वियतनाम), एडीएमएम-प्लस सदस्य देशों (चीन, अमेरिका, रूस, ऑस्ट्रेलिया, जापान और कोरिया गणराज्य) के प्रतिनिधिमंडलों ने भाग लिया। इस दौरान विशेषज्ञ कार्य समूह के सह-अध्यक्षों भारत और मलेशिया ने 2024-2027 चक्र के लिए नियोजित गतिविधियों के लिए कार्य योजना बताई। वर्ष 2026 में मलेशिया में आतंकवाद से निपटने के लिए टेबल-टॉप अभ्यास और 2027 में भारत में फील्ड प्रशिक्षण अभ्यास आयोजित करने की घोषणा की गयी। दो दिन की बैठक के दौरान आतंकवाद और उग्रवाद के उभरते खतरे से निपटने के लिए एक मजबूत और व्यापक रणनीति विकसित करने के लिए विस्तार से चर्चा हुई। बैठक का उद्देश्य आसियान देशों के रक्षा बलों और उसके संवाद भागीदारों के जमीनी अनुभव को साझा करना था। बैठक ने वर्तमान चक्र के लिए नियोजित गतिविधियों, अभ्यासों और बैठकों तथा कार्यशालाओं की नींव रखी। इससे पहले म्यांमार और रूस जो 2021-2024 के लिए पिछले चक्र के दौरान आतंकवाद से निपटने के लिए ईडब्ल्यूजी के सह-अध्यक्ष थे ने वर्तमान चक्र (2024-2027) के लिए भारत और मलेशिया को सह-अध्यक्षता सौंपी। भारत वर्तमान चक्र के लिए विशेषज्ञ कार्य समूह की पहली बैठक की मेजबानी कर रहा है। उद्घाटन सत्र में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने मुख्य भाषण दिया और उद्घाटन समारोह के दौरान भाग लेने वाले प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि आतंकवाद एक गतिशील और उभरती चुनौती बनी हुई है, जिसके खतरे लगातार सीमाओं को पार कर रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र में आतंकवाद का मुकाबला करने की दिशा में भारत के प्रयासों पर प्रकाश डाला, जिसमें 2022 में यूएनएससी की आतंकवाद-रोधी समिति की भारत की अध्यक्षता के दौरान दिल्ली घोषणा को अपनाना भी शामिल है। भाग लेने वाले देशों और आसियान सचिवालय के प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों ने भी क्षेत्र में आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतिनिधियों ने सांस्कृतिक दौरे के हिस्से के रूप में आगरा का भी दौरा किया।

## किसानों की हालत बहुत खराब कर दी मोदी सरकार ने : विपक्ष

एजेंसी

नयी दिल्ली। विपक्ष ने आज आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार किसानों की जमीन हड़पने का काम कर रही है, डीजल, जीएसटी आदि के माध्यम से टैक्स वसूलने में लगी है और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी गांरटी देने से बच रही है जिससे देश के किसान की हालत बहुत खराब है।

समाजवादी पार्टी के धर्मेन्द्र यादव ने कहा कि कभी किसानों की फसल आलू का किसान कर्ज डूबा है और चिप्स के कारोबारी मुनाफा कमा रहा हैधान के किसान, गेहूं, मक्के के किसान परेशान है और पॉप कॉर्न वाले मुनाफ़े में हैंभाजपा के लोग किसानों की उपज एवं जमीनों पर निगाहें हैं। प्राइवेट बैंकों के साथ सांठगांठ ना केवल उनकी मांग का समर्थन करता हूं स्वामीनाथन रिपोर्ट के फॉर्मूले के हिसाब से लागू किया गया। श्रद्धेय नेताजी के संस्कार प्रधानमंत्री की गारंटी किसानों के लिए कहां चली गयी। गन्ना किसानों का सवाल है, सबसे बड़ा उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश है। अखिलेश यादव सरकार ने 90 रुपए समर्थन मूल्य आठ साल में केवल 30 रुपए बढ़ाया।15 दिन में भुगतान करेंगे नहीं तो ब्याज देंगे। सालों साल तक मूल ही नहीं मिलासबसे ज्यादा दिककत है छुट्टा जानवरों कीसर्दी गर्मी बरसात 12 माह किसानों के परिवार खेतों में पड़े हैं।एक बार स्थायी कृषि बजट कम कर दिया, कृषि अनुसंधान पर आवंटन कम कर दिया, सिंचाई का इंतजाम नहीं है, मंडी में समस्या है।किसान बहुत परेशान है। भाजपा को लगता है कि किसानों की स्थिति बहुत अच्छी है। जीएसटी, अंतरराज्यीय सीमाओं पर रोक देते हैं। हर हाल में किसानों को गुमराह करते हैं कि किसानों का कर्ज माफ कर देंगे तो खजाने पर बोझ आएगा।लागत का डेढ़ गुना मूल्य कर दो किसान कभी कुछ नहीं कहेंगे।

कांग्रेस के जयप्रकाश ने कहा कि संविधान सभा में किसानों के मुद्दों को उठाया गया है। पंडित नेहरू ने कहा था कि किसानों को उनकी लागत से अधिक मूल्य देना होगा। दस साल में एक हजार की वृद्धि हुई है। डीएपी की वृद्धि 1600 रुपए, यूरिया 265, कीटनाशक दवाएं 200 से 850, किसान के उपयोग की चीज़ों के दाम बढ़ रहे हैं। कृषि मंत्री हरियाणा पंजाब में कितने दाम पर बिका, इसकी जांच करायें। संप्रग की सरकार में स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट की क्रियान्वयन की मांग को लेकर भाजपा ने आंदोलन किया और 2014 के बाद चुप्पी साध ली। श्री जयप्रकाश भाजपा ने 17 लाख करोड़ रुपये का ऋण माफ किया लेकिन किसान का ऋण माफ नहीं किया। उन्होंने कृषि विपणन का परिपत्र लागू किया गया तो किसानों को बहुत नुकसान होगा। 2004 में डीजल में दाम एक ड्रम पर 7000 रुपए बढ़ गये और किसान सम्मान निधि में छह हजार दे रहे हैं। सरकार ने दो लाख 30 हजार करोड़ रुपए डीजल पर टैक्स बढ़ा कर कमाये। यदि दो लाख करोड़ रुपए से कम का किसान का कर्ज माफ कर देते तो क्या जाता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान निधि योजना में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है। एफसीआई को ठेका देने, मंडियों को बंद करने का काम किया जा रहा है। इसकी निंदा करते हैं। भाजपा ने चंद धन्ना सेठों का भला किया लेकिन किसानों का नहीं।

सरकार ने भूमि अधिग्रहण कानून बदल कर किसानों की जमीन हड़पने का काम किया है। किसान को अगर बचाना है तो न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गांरटी दो। भाजपा के दुष्यंत सिंह ने कहा कि किसानों के उत्पादों को खराब होने से बचाने के लिए राजस्थान के झालावाड़ क्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज का नेटवर्क बनाया। फसल बीमा योजना में तहसील को इकाई माना जाता था लेकिन मोदी सरकार ने पंचायत को इकाई बनाया है। 95 हजार करोड़ रुपए की राशि फसल बीमा योजना के दावों के विरुद्ध की गयी है। किसानों को तीन किश्तों में सम्मान निधि मिल रही है।

## पेज एक का शेष

### महिला का हत्यारा...

4821 के कमांडर एसआई शिवनंदन सिंह और हेड कॉन्स्टेबल पंकज यादव को लापरवाही के आरोप में निलंबित किया गया है। हालांकि दोनों का दावा है कि यूपी-112 से सूचना मिलते ही ई-ऑटो तलाशने के लिए रवाना हो गए थे। मदद के लिए दो बार मलिहाबाद कोतवाली प्रभारी को फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। मलिहाबाद कोतवाली का कोई भी पुलिसकर्मी भी नहीं आया। ऐसे में हेड कॉन्स्टेबल के साथ ऑटो को तलाशते रहे। रवानगी की लॉग बुक इसका सबूत है। वहीं, मलिहाबाद पुलिस तब सक्रिय हुई जब ग्रामीणों ने बाग में महिला का शव पड़े होने की जानकारी दी। शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण इलाकों तक हाई-टेक पुलिस की नाइट गश्त में कितनी सक्रिय रहती है इस हत्याकांड ने इसकी पोल खोलकर रख दी। महिला को गलत रूट पर लेकर जाने की जानकारी और लोकेशन भेजने के बावजूद पारा, दुबग्गा, काकोरी, आलमबाग और मलिहाबाद पुलिस लापरवाह बनी रही। बदमाश ऑटो से जिस रास्ते से गुजरे, वहां से कसमंडी कला पुलिस चौकी बमुश्किल 200 मीटर दूर है, लेकिन रात के समय पुलिस मुस्तैद नहीं थी और न ही गश्त कर रही थी। पुलिस एक्टिव तब हुई जब घटना हो गई।

### आतंकवाद, उग्रवाद...

कश्मीर में भी दिखाई पड़ेगा। हम तो आतंकवादी देखते ही सीधा दो आंखों के बीच में गोली मारते हैं। हमारी सरकार न आतंकवाद को सह सकती है और न ही आतंकवादियों को। वामपंथी उग्रवाद पर गृह मंत्री ने कहा कि संवाद, सुरक्षा और समन्वय कर जवानों और नवीनतम तकनीक का उपयोग कर 21 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को समाप्त किया जाएगा। 2023 दिसंबर में छत्तीसगढ़ में शासन बदला और भाजपा की सरकार आई। इसके बाद एक ही साल के अंदर 380 नक्सली मारे गए। इसमें कल के 30 जोड़ना बाकी हैं। 1,194 गिरफ्तार हुए और 1,045 सरेंडर कर गए। कुल 2,619 नक्सलियों की कमी आई। गृहमंत्री ने पूर्वोत्तर की समस्या के समाधान के लिए किए गए प्रयासों की जानकारी दी और कहा कि अब वहां अलगाववादी घटनाओं में 70 प्रतिशत की कमी आई है। इसके अलावा नागरिकों और सुरक्षा कर्मियों की होने वाली मौतों में भी बड़ी संख्या में कमी आई है। पूर्वोत्तर में हमने 12 शांति समझौते किए हैं। 10,900 युवा मुख्य धारा में लौटे हैं। चोटियों पर बसे गांव, जिन्हें भारत का अंतिम गांव माना जाता था प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के अंतिम गांव को भारत का प्रथम गांव कहा। यह सोच में बदलाव दर्शाता है। गृहमंत्री ने बताया कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करने के लिए एनआई एक्ट में संशोधन किया गया है। देश की सरकार दूर दृष्टि के साथ काम कर रही है और पीएफआई जैसे संगठनों पर लगाम लगा रही है ताकि सर उठाने से पहले ही उसे कुचल दिया जाए। पंजाब में कुछ लोग नए भिंडरावाला बनने की कोशिश कर रहे थे, हमने सुनिश्चित किया कि वे पंजाब में भाजपा सरकार नहीं होने के बावजूद जेल में सड़ें। शाह ने कहा कि उनकी सरकार देश से नारकोटिक्स की तस्करी को रोकने को लेकर प्रतिबद्ध है। 2004 से 2014 के दौरान 25 लाख किग्रा ड्रग्स जब्त की गई, जबकि 2014 से 24 के दौरान एक करोड़ किग्रा ड्रग्स जब्त की गई। कुछ सदस्यों ने कहा कि आपके समय में ड्रग्स की समस्या बढ़ गई है। दरअसल, समस्या बढ़ी नहीं बल्कि पहले से बढ़ी हुई थी। हमने पकड़ना शुरू किया है। अंतरराष्ट्रीय सीमा से ड्रग्स अफगानिस्तान से श्रीलंका की ओर जाती है। विपक्ष बार-बार कहता है कि गुजरात से ड्रग्स क्यों पकड़ी जाती है? हम कहना चाहते हैं कि हर राज्य पकड़े। ड्रग्स अंतरराष्ट्रीय सीमा से पकड़ी जा रही है। हमारी सरकार का नियम है 'न एक किलो ड्रग्स भारत आने देंगे और न ही बाहर जाने देंगे। शाह ने बताया कि मिशन स्पंदन के माध्यम से हमने नशीली दवाओं की लत की पहचान करने और नशीली दवाओं की लत को मिटाने के लिए उपचार प्रदान करने का लक्ष्य रखा। हमने नशा मुक्त भारत शपथ और ऑनलाइन ई-प्रातिज्ञा को लॉन्च किया, जिसमें 3 करोड़ युवाओं ने अन्य कदमों के बीच ऑनलाइन प्रतिज्ञा ली। हालांकि, मैं इस बात पर जोर देना चाहूंगा कि केंद्र सरकार अकेले इस मुद्दे को नहीं मिटा सकती है। इसमें सभी का योगदान देना चाहिए। यदि आप में से किसी के ध्यान में इस तरह की कोई खबर आती है तो कृपया इसे ऑनलाइन रिपोर्ट करें।

### यूपी के 14 प्रमुख...

4, शाहजहांपुर के पर्यटक आवास गृह में 4 तथा कानपुर देहात के रनिया के पर्यटक आवास गृह में 4 कमरे, रेस्तरां, लॉन, कॉन्फ्रेंस हॉल उपलब्ध हैं।

### नोएडा इंटरनेशनल...

एनजी रवि कुमार, सीईओ नोएडा लोकेश एम0, सीईओ यमुना प्राधिकरण और नायल डॉ0 अरुण वीर सिंह ने ऑनलाईन प्रतिभाग किया। सचिव वित्त अम्मार रिज़वी और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नायल) के नोडल ऑफ़िसर शैलेंद्र कुमार भाटिया ने भौतिक रूप से बैठक में प्रतिभाग किया।

### छात्र बदर खान...

स्पष्ट किया कि इस मामले में अमेरिकी सरकार या भारतीय नागरिक ने उनसे संपर्क नहीं किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित मीडिया ब्रीफिंग में इस मामले में सवालों का जवाब देते हुए कहा, ल्लहमें मीडिया रिपोर्टों के माध्यम से यह जानकारी मिली है कि इस विशेष व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। न तो अमेरिकी सरकार और न ही इस व्यक्ति ने हमसे या भारतीय दूतावास से संपर्क किया है। फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनों का हिस्सा होने के कारण वीजा रद्द किए गए एक अन्य भारतीय छात्र रंजनी श्रीनिवासन के बारे में पूछे जाने पर प्रवक्ता ने कहा, ल्लहम कहते रहे हैं कि जब वीजा और आव्रजन नीति की बात आती है, तो यह किसी देश के संप्रभु कार्यों के अंतर्गत आता है। हम अपनी ओर से यह अपेक्षा करते हैं कि जब हमारे विदेशी नागरिक भारत आएं, तो वे हमारे कानूनों और विनियमों का पालन करें, और इसी तरह हमारी यह अपेक्षा है कि जब भारतीय नागरिक विदेश में हों, तो उन्हें स्थानीय कानूनों और विनियमों का भी पालन करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में पोस्ट डॉक्टरल फ़ेलो बदर खान सूरी को सोमवार रात वर्जीनिया के अर्लिंग्टन के रॉसलिन इलाके में उनके घर के बाहर नकाबपोश एजेंटों ने गिरफ्तार कर लिया। उनके वकील ने उनकी तत्काल रिहाई की मांग करते हुए मुकदमा दायर किया है।

### दोष मुक्त हुए...

फैसला बंट जाने के बाद तीसरे के पास आया था। अयोध्या की गोसाईगंज सीट से विधायक अभय सिंह पिछले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के चुनाव चिह्न पर जीते थे। हालांकि राज्यसभा चुनाव में उन्होंने बगावत कर दी और सपा की जगह भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर दिया। इसी के बाद से उनकी गिनती सपा के बागी विधायकों में होती है। सपा की तरफ से उनकी सदस्यता को लेकर फिलहाल कोई कार्यवाही नहीं की गई है ऐसे में तकनीकी रूप से वह सपा के ही विधायक हैं लेकिन लोकसभा चुनाव से लेकर तमाम अवसरों पर भाजपा नेताओं के साथ ही दिखाई देते हैं।

### अयोध्या में श्रद्धालुओं...

और निकट भविष्य में हम इनलैंड वॉटरवेज अथॉरिटी का गठन कर चुके हैं और हमारा प्रयास है कि अयोध्या से हम लोग सरयू होते हुए, बलिया होते हुए हल्दिया तक वॉटरवेज की शुरुआत भी करें। उन्होंने कहा कि इस तरह के व्यवसाय को और एक्सपोर्ट को बढ़ाने में यह संयंत्र बहुत बड़ी भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं। सीएम योगी ने कहा कि गत वर्ष मुझे लधानी परिवार के ही अमेठी के बेवरेजेस और बॉटलिंग प्लांट का शुभारंभ करने का अवसर मिला था। अमेठी में यह एक बहुत बड़ा निवेश था, जिससे हजारों लोगों को रोजगार की व्यवस्था हुई थी। आज मुझे अयोध्या में भी इस निवेश के साथ जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ है। अयोध्या को सूर्यवंश की राजधानी माना जाता है। डबल इंजन सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में अयोध्या को देश की पहली सोलर सिटी बनाया है। यहां पर भी ग्रीन एनर्जी के लिए 15 मेगावाट के सोलर पैनल लगा कर इस पूरे प्लांट को सोलर एनर्जी से जोड़ने की अच्छी शुरुआत की है। ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में किए गए प्रयास के माध्यम से कार्बन उत्सर्जन को न्यूनतम करने में मदद मिलती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्लांट की जो सेवाएं हैं, वे न केवल पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार और उत्तराखंड को प्राप्त होंगी बल्कि यहां पर नए-नए रोजगार के सृजन की दिशा में भी यह प्लांट मददगार साबित होगा। उत्तर प्रदेश सरकार के साथ जो एमओयू इस ग्रुप द्वारा किया गया था, उसके अंतर्गत सरकार इन्हें जो भी समय-समय पर जो इंसेंटिव देती है,वह भी समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने लधानी ग्रुप से अपील की कि अयोध्या में जो भारी फुटफॉल है, यात्रियों और श्रद्धालुओं का, उसको देखते हुए जितनी जल्दी हो होटल की कार्यवाही को भी आगे बढ़ाएं। होटल आज की यहां की आवश्यकता है। लधानी परिवार ने गत वर्ष जब अयोध्या में भगवान राम के नए मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हो रही थी, तब मेरे आग्रह पर उन्होंने यहां पर वाटर कूलर और वाटर एटीएम के माध्यम से बड़े पैमाने पर पेयजल की व्यवस्था की थी। उन्होंने जन सुविधाओं को बढ़ाने में अपना योगदान दिया था। पब्लिक चाहती है कि उसे सुविधा मिले और सुविधा के क्रम में अच्छे होटल यहां पर आएं। यहां पर जो भीड़ है, वह बताती है कि सुविधा देंगे तो श्रद्धालु आएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में होटल बनाने की प्रक्रिया के साथ-साथ गोरखपुर में जो आपका प्रस्तावित निवेश है उसे जितनी जल्दी आगे बढ़ाएंगे, सरकार उतनी ही तेजी के साथ आपको सुविधा के साथ जोड़ने में मदद करेगी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सूर्यप्रताप शाही, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान,चेयरमैन अमृत बॉटलर्स प्रा. लि. एस एन लधानी, डायरेक्टर राकेश लधानी, नरेश लधानी व अन्य लोग उपस्थित रहे।

### योगी ने अयोध्या में 1,148....

2024 में 16 करोड़ से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। अब प्रतिदिन 2.5 लाख लोग दर्शन के लिए आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान विंध्यवासिनी धाम, काशी, गोरखपुर, चित्रकूट और नैमिषारण्य जैसे तीर्थ तीर्थयात्रियों से भरे रहे। उन्होंने कहा इन आयोजनों ने आस्था को आजीविका से जोड़ा है। होमस्टे, ई-रिक्शा, टैक्सी, नाव, किराना स्टोर, चाय की दुकान, होटल, रेस्टोरेंट और दातून बेचने तक के जरिए हजारों युवाओं ने कमाई की और तीर्थयात्रियों की सेवा की। यानी हजारों लोगों के लिए नए रोजगार का सृजन भी हुआ। उन्होंने कहा कि आस्था और संस्कृति रोजगार का पर्व बन सकती है। संस्कृति भी समृद्धि का आधार बन सकती है। प्रधानमंत्री मोदी जी का यह विजन आज जमीनी धरातल पर हम सभी को देखने को मिला है। सीएम योगी ने कहा कि सरकार की योजनाएं पारदर्शी हैं और युवाओं को बिना किसी बाधा के लाभ मिलना सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे योजना की बारीकियों को समझें और पूरी निष्ठा के साथ अपने उद्यम को आगे बढ़ाएं। सीएम योगी ने यह भी सुनिश्चित किया कि ब्याज मुक्त ऋण और अन्य सुविधाएं बिना किसी रुकावट के युवाओं तक पहुंचाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी बार-बार कहते हैं कि भारत का युवा अब जाब लेने वाला नहीं बल्कि जाब देने वाला बनने जा रहा है और जब आप अपना स्वयं का उद्ग्म स्थापित करेंगे तो स्वयं तो आत्मनिर्भर होंगे ही, 10 नए लोगों को रोजगार भी उपलब्ध करवाएंगे। महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में सरकार के प्रयासों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश पुलिस में केवल 10,000 महिलाएं थीं। हाल ही में 60,200 की पुलिस भर्ती में 12,000 से अधिक बेटियां शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि अब तक 1,56,000 पुलिस भर्तियों में 25,000 से अधिक बेटियों को नौकरी दी जा चुकी है। योगी ने कहा हमारी बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, अवसरों की कमी नहीं है, बस उन्हें सही दिशा में उपयोग करने की जरूरत है। उन्होंने युवाओं को भी प्रेरित किया कि वे अपने क्षेत्र में प्रशिक्षण लेकर आगे बढ़ें। सीएम योगी ने कहा कि यूपी का युवा पहले अपनी पहचान छुपाता था, आज वही अपना उद्यम स्थापित कर रहा है। यह वही उत्तर प्रदेश है जहां पहले उद्यम नहीं लगते थे, आज नए-नए उद्यम भी लग रहे हैं और हमारा युवा भी अपना उद्यम लगाने के लिए तैयार हो रहा है। सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति पर गर्व जताते हुए कहा कि पिछले 8 वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था 12.75 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 27.51 लाख करोड़ रुपये हो गई है, जो दोगुने से अधिक की वृद्धि है। प्रति व्यक्ति आय भी 45,000 रुपये से बढ़कर लगभग 1 लाख रुपये हो गई है। उन्होंने कहा कि हर सेक्टर में अभूतपूर्व विकास हुआ है। पहले उपद्रव होते थे, अब उत्सव मनाए जा रहे हैं। अयोध्या, काशी, प्रयागराज, विंध्यवासिनी धाम, चित्रकूट और नैमिषारण्य में उत्सवों का माहौल रहा। सीएम योगी ने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को 5 लाख रुपये तक की सुरक्षा बीमा दी जा रही है, और जीएसटी रजिस्ट्रेशन पर 10 लाख रुपये की बीमा दी जा रही है। सीएम योगी ने कहा कि उन्होंने कहा कि अयोध्या में तो अब कहना ही क्या है, यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु देश से आकर के यहां पर दर्शन के लिए लंबी लाइन लगाये है। वह हमारा अतिथि है। अतिथि की सेवा करना उनकी सुरक्षा करना उनको सुविधा प्रदान करना यह हमारा दायित्व है। लेकिन साथ ही यह आजीविका का माध्यम भी बन रहा है। यानी अनेक रोजगार का सृजन हो रहा है सीएम योगी ने कहा कि राम मंदिर का निर्माण युद्ध स्तर पर चल रहा है। संकरी गलियां अब चार और छह लेन की सड़कों में बदल गई हैं। सरयू नदी का जल अब एक ओर से आता है और दूसरी ओर निकल जाता है, जिससे स्नान करने वाले श्रद्धालु अभिभूत हो रहे हैं। अयोध्या देश की पहली सोलर सिटी बन गई है, जहां स्ट्रीट लाइट्स सोलर पैनल से जलती हैं। योगी ने कहा कि यह नई अयोध्या है, जो नए भारत और नए उत्तर प्रदेश का प्रतीक है। पहले बिजली नहीं आती थी, आज अयोध्या अपनी बिजली खुद पैदा कर रही है।

## युवा शक्ति कर सकती है विकसित और मजबूत भारत का निर्माण

नयी दिल्ली। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि शहीदों से प्रेरणा लेकर युवा शक्ति ही एक विकसित भारत का निर्माण कर सकती है।

श्री विजेंद्र गुप्ता ने आज दिल्ली विश्वविद्यालय के शहीद सुखदेव कॉलेज में आयोजित 'शहीदों की विरासत, युवा शक्ति का प्रभाव–विकसित भारत का निर्माण' विषय पर व्याख्यान में युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे अपने सपनों को साकार करें और देश को एक मजबूत और विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान दें। उन्होंने कहा ल्लशहीदों से प्रेरणा लेकर युवा शक्ति ही एक विकसित भारत का निर्माण कर सकती है। अपने आप पर विश्वास रखें और अपने आदर्शों को अपनाते हुए आगे बढ़ें।

उन्होंने कहा, ल्लयह हमेशा याद रखें कि हम आज खुलकर जी रहे हैं क्योंकि हमारे शहीदों ने अपने प्राणों की कुर्बानी दी। उनका बलिदान केवल इतिहास में पढ़ने के लिए नहीं है, बल्कि यह हमारे लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन का स्रोत है ।ङ्क उन्होंने शहीद सुखदेव कॉलेज की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान न केवल शिक्षा का केंद्र है, बल्कि स्वतंत्रता सेनानियों की विरासत को संजोने और उनकी कुर्बानियों को उजागर करने का कार्य भी करता है।

श्री गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार द्वारा शहीदों की विरासत को संरक्षित करने के लिए किए गए प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, राष्ट्रीय पुलिस स्मारक, जलियांवाला बाग स्मारक और अंडमान निकोबार की सेल्यूलर जेल जैसे स्मारकों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ये स्मारक न केवल शहीदों के प्रति हमारी श्रद्धा को दर्शाते हैं बल्कि नई पीढ़ियों को उनके संघर्ष से प्रेरित करते हैं।

श्री गुप्ता ने भारत के आर्थिक और तकनीकी विकास पर चर्चा करते हुए बताया, ल्लदेश अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है। पिछले एक दशक में स्टार्टअप्स की संख्या 1.6 लाख से अधिक हो गई है, जो लगभग 18 लाख प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान कर चुके हैं। यह केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि एक नए भारत की कहानी है।

# प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्द्धन के लिए सीएम धामी ने दिए निर्देश

**मुख्यमंत्री ने जल संचय और जलधाराओं के पुनर्जीवीकरण पर जोर दिया**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सचिवालय में सिंचाई, लघु सिंचाई और ग्रामीण निर्माण विभाग की गेम चेंजर योजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्द्धन के लिए वृहद स्तर पर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जीवन और समृद्धि का आधार जल है, इसलिए जल संचय और जलधाराओं, गाड़-गदेरों के पुनर्जीवीकरण की दिशा में निरंतर प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री ने सिंचाई, लघु सिंचाई विभाग और नगर निगमों को शहरी क्षेत्र में वर्षा जल संचय के लिए मिलकर कार्य करने की बात कही। उन्होंने ग्राउंड वाटर रिचार्ज पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता जताई। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि कार्यों के लिए पुरानी पंरपराओं को छोड़कर नवाचार पर विशेष ध्यान दिया जाए। सिंचाई और लघु सिंचाई विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने जमरानी और सौंग बांध परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ड्रेनेज की समस्याओं के समाधान के लिए तेजी से कार्य किए जाएं और चैक डेम के निर्माण की दिशा में भी कार्य किए जाएं। मुख्यमंत्री ने यह सुनिश्चित करने को कहा कि सिंचाई की नहरों का अधिकतम फायदा लोगों को मिले। साथ ही राज्य के विभिन्न शहरों के ड्रेनेज प्लान के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने सिंचाई विभाग और खनन विभाग को नदियों और जलाशयों में जमा सिल्ट/गाद की निकासी के लिए बैठक आयोजित कर उचित समाधान निकालने के निर्देश दिए। बैठक में यह जानकारी दी गई कि जमरानी बांध बहुद्देशीय परियोजना को मार्च 2029 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस परियोजना में 3638 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत है, जिसमें से 678 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। सौंग बांध परियोजना पर भी कार्य गतिमान है, जिसका लक्ष्य मार्च 2030 तक पूरा करना है। बैठक में यह भी बताया गया कि मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना के तहत 61 सड़कों पर कार्य चल रहा है। बैठक में उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद विश्वास डाबर, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव विनय शंकर पांडेय, सीपीपीजीजी के एसीईओ मनोज पंत, उप सचिव अजीत सिंह, प्रदीप मोहन नौटियाल तथा संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# बच्चों को मुफ्त, अनिवार्य शिक्षा का अधिकार नियम में संशोधन को मंजूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में राज्य मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को राज्य में बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार नियम, 2011 में संशोधन को मंजूरी दे दी। इस आशय का निर्णय मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में लिया गया।

मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि संशोधन का उद्देश्य स्कूल प्रबंधन समितियों में अभिभावकों और समुदाय की भागीदारी बढ़ाना है ताकि स्कूलों में बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार मिल सके। राज्य भर के सरकारी स्कूलों में शिक्षा के समग्र विकास के लिए यह संशोधन किया गया है। इस संशोधन में सरकारी स्कूलों की स्कूल प्रबंधन समिति में सदस्यों की संख्या मौजूदा 12 से बढ़ाकर 16 करने का प्रस्ताव है, जिसमें छात्रों के अभिभावकों से 12 सदस्य और शिक्षा, खेल और पाठ्येतर गतिविधियों जैसे संबद्ध क्षेत्रों से चार अन्य सदस्य शामिल हैं। एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में, मंत्रिमंडल ने विचाराधीन कैदियों को एक राज्य से दूसरे राज्य में स्थानांतरित करने के लिए कैदी स्थानांतरण अधिनियम 1950 में संशोधन करने की भी सहमति दी। यह प्रक्रिया दोनों राज्यों की सहमति से की जाएगी, जहां विचाराधीन कैदी वर्तमान में बंद हैं और जिस राज्य में उन्हें स्थानांतरित किया जाना है और ट्रायल कोर्ट की मंजूरी के बाद। यह कदम पंजाब की जेलों में भीड़भाड़ की स्थिति को कम करने में मददगार होगा।

मंत्रिमंडल ने व्यापक जनहित में सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग के ग्रुप-'ए' के लिए नए नियम बनाने को भी मंजूरी दे दी। इससे विभाग के कामकाज को सुव्यवस्थित करने में मदद मिलेगी, जिससे कमजोर और वंचित वर्गों को काफी लाभ मिलेगा। नियुक्तियों के नियमों और शर्तों को मंजूरी मंत्रिमंडल ने पंजाब तीर्थ यात्रा समिति के अध्यक्ष और सदस्यों तथा पंजाब हेरिटेज एवं पर्यटन प्रोत्साहन बोर्ड के सलाहकार की नियुक्ति के लिए नियमों और शर्तों को भी मंजूरी दे दी।

# वनाग्नि रोकथाम की डीएम ने की समीक्षा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोपेश्वर। चमोली जिले में वनाग्नि की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण को लेकर जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने शुक्रवार को जिला सभागार में समीक्षा बैठक ली। जिलाधिकारी ने जनपद स्तर पर वनाग्नि सत्र में रेखीय विभागों का इन्सीडेंट रिस्पांस सिस्टम बनाने और वन विभाग को फायर सीजन में नोडल अधिकारी की तैनाती करते हुए वनाग्नि घटनाओं की जानकारी प्रशासन को साझा करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने वन विभाग को सभी वनाग्नि शमन उपकरणों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही आवश्यक उपकरणों एवं संसाधनों की डिमांड आपदा प्रबंधन को देने के निर्देश दिए। उन्होंने स्थानीय जनता से भी खेतों में आड़ा, कूडा चलाने को लेकर भी सावधानी बरतने के अपील की। उन्होंने कहा कि शरारती तत्वों की ओर से जानबूझकर वनों में आग लगायी जाएगी उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने वन विभाग को नियमित अंतराल में फायर लाइनों की सफाई करने के निर्देश दिए। साथ ही वन विभाग और पुलिस टीम को संवेदनशील इलाकों में वनाग्नि रोकथाम संबंधित जागरूकता कार्यक्रम करने के निर्देश दिए।

# बजट सत्र: राष्ट्रगान के अपमान के मुद्दे पर विपक्ष ने मुख्यमंत्री के लिए तीन साल की सजा की मांग की

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पटना। बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों में आज विपक्षी सदस्यों ने राष्ट्रगान के अपमान के मुद्दे पर मुख्मंत्री को घेरा। इस पूरे प्रकरण के बीच विरोधी दल की नेता राबड़ी देवी ने नीतीश कुमार को कानून समझाया है और उनके लिए तीन साल की सजा की मांग कर दी है। इसको लेकर दोनों ही सदनों में विपक्षी दल हमलावर हो गए । हंगामे के कारण विधानसभा और विधान परिषद की कार्यवाही नहीं चल सकी। विधान परिषद में विरोधी दल की नेता राबड़ी देवी ने राष्ट्रगान के अपमान पर कानून समझाते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए तीन साल की सजा की मांग कर दी है। राबड़ी देवी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि नीतीश कुमार ने राष्ट्रगान का अपमान किया है। इससे पूरे राष्ट्र का अपमान हुआ है। नीतीश कुमार को सदन में खड़े होकर माफी मांगनी चाहिए। राष्ट्रगान के दौरान अगर कोई मुख्यमंत्री इस तरह की हरकत करे तो इसे राष्ट्रगान का अपमान ही कहा जाएगा। राबड़ी देवी ने कहा कि राष्ट्रगान जब बज रहा होता है तो आदमी हिलता नहीं है और सीधा खड़ा रहता है, लेकिन मुख्यमंत्री कभी किसी को प्रणाम कर रहे हैं तो कभी हाथ हिला रहे हैं। कोई भी मुख्यमंत्री इस तरह से करता है क्या। नीतीश कुमार को माफी मांगना चाहिए और नहीं तो इस्तीफा दे देना चाहिए। राष्ट्रगान का अपमान करने पर तीन साल का सजा होता है। नीतीश कुमार को भी तीन साल का सजा देना चाहिए। प्रधानमंत्री हों या मुख्यमंत्री कोई भी राष्ट्रगान का अपमान करे तो उसे तीन साल की सजा मिलनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि पटना में एक कार्यक्रम के बीच राष्ट्रगान के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बगल में खड़े दीपक कुमार से बात करते नजर आए थे। विपक्ष का आरोप है कि मुख्यमंत्री ने राष्ट्रगान का अपमान किया है।

## सोशल मीडिया पर द्वेष फैलाने वाला वीडियो अपलोड करने पर युवक का चालान

हरिद्वार। सोशल मीडिया पर भड़काऊ वीडियो अपलोड कर सामाजिक द्वेष फैलाने के आरोप में पुलिस ने एक युवक का पुलिस एक्ट में चालान कर दिया है। साथ ही उसे कड़ी फटकार लगाते हुए वीडियो डिलीट करवाया गया। जानकारी के मुताबिक लक्सर कोतवाली क्षेत्र निवासी राजशेखर पुत्र युद्धराज निवासी अकोढा खुर्द कोतवाली लक्सर, हरिद्वार ने सोशल मीडिया पर अन्य समाज के लोगों के लिए नकारात्मक टिप्पणी वाला वीडियो अपलोड किया था। वीडियो के वायरल होने पर सामाजिक द्वेष फैलने की संभावना के चलते पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लिया और आरोपित युवक को कोतवाली बुलवाया। पुलिस ने आरोपित को कड़ी फटकार लगाते हुए सोशल मीडिया प्लेटफार्म से वीडियो डिलीट करवाया और आरोपित का पुलिस एक्ट में चालान कर दिया। आरोपित ने अपने किए पर लिखित में माफी भी मांगी।

## उत्तराखंड में 110 मदरसों पर लगा ताला

देहरादून। धामी सरकार का उत्तराखंड में अवैध मदरसों के खिलाफ एक्शन लगातार जारी है। अब तक पूरे राज्य में 110 मदरसों को सील किया जा चुका है। गुरुवार को उधम सिंह नगर जनपद में 16 और हरिद्वार में दो अवैध मदरसों को सील कर दिया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का संदेश साफ है कि प्रदेश के मूल स्वरूप के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो भी धर्म की आड़ में अवैध गतिविधियों में संलिप्त होगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पिछले एक माह से उत्तराखंड प्रशासन अवैध मदरसों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रहा है। यह मदरसे बिना सरकार की अनुमति के संचालित किया जा रहे थे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस पर कड़ा रुख अपनाया है। इसका व्यापक असर भी देखने को मिल रहा है। पूरे प्रदेश में अवैध मदरसों के खिलाफ व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है।

# डीएम-एसडीएम ने अनुमंडलीय अस्पताल का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अररिया। फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल का शुक्रवार को डीएम अनिल कुमार,एसडीएम शैलजा पांडे को साथ विभिन्न वार्डों और अस्पताल में प्रदत्त सुविधाओं को लेकर औचक निरीक्षण किया।डीएम एसडीएम के साथ बीडीओ संजय कुमार भी मौजूद रहे।डीएम अनिल कुमार ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों,पैथोलॉजी केन्द्र सहित आउटडोर में मरीजों की सुविधा को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीएम ने मदर न्यू बॉर्न केयर यूनिट का भी निरीक्षण किया और उसे जल्द शुरू करने का निर्देश दिया।डीएम ने अस्पताल परिसर से ही सिविल सर्जन डॉ के.के.कश्यप से बातचीत की और नवजात शिशु और मां के इलाज के लिए फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल के एमएनसीयू को शीघ्र शुरू करवाने का निर्देश दिया। मौके पर डीएम अनिल कुमार ने बताया कि मदर न्यूबॉर्न केयर यूनिट शुरू किए जाने का मुख्य उद्देश्य नवजात मृत्यु दर को कम करने और शिशुओं का गुणवत्तापूर्ण देखभाल प्रदान किया जाना है। डीएम ने बताया कि एमएनसीयू एक विशेष देखभाल वाला सेंटर होगा, जहां गंभीर बीमारियों से ग्रसित नवजात शिशुओं को उनकी माता के साथ रखकर इलाज किया जाना है। जीरो सेपरेशन पद्धति के तहत शिशु को निरंतर गर्माहट,देखभाल और स्तनपान का लाभ प्रदान किया जाना है।फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल प्रबंधन की ओर से अस्पताल में चिकित्सकों की कमी के कारण मदर न्यूबॉर्न केयर यूनिट के शुरू करने में आ रही दिक्कतों के बावत डीएम ने चिकित्सकों की कमी दूर करने की बात कही।डीएम ने अस्पताल प्रबंधन को साफ सफाई के साथ अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर पारदर्शिता बरतते हुए कई आवश्यक निर्देश दिए।मौके पर चिकित्सक डॉ रेशमा अली,डॉ आशुतोष कुमार आदि मौजूद थे।

# असम की जेल में बंद अमृतपाल सिंह के 7 साथी पंजाब में शिफ्ट

**अजनाला कोर्ट में किए गए पेश, चार दिन की मिली पुलिस रिमांड**

चंडीगढ़। पंजाब में खालिस्तान समर्थक और खडूर साहिब से सांसद अमृतपाल सिंह के 7 साथी गुरुवार देर रात अमृतसर पहुंचे। रात में ही पुलिस ने उन्हें अज्ञात जगह सेफ हाउस में रखा। शुक्रवार सुबह उन्हें अमृतसर के अजनाला कोर्ट में पेश किया गया, जहां उन्हें 4 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। सुबह 10 बजे कोर्ट खुलने के समय से दो घंटे पहले ही 8 बजे अमृतपाल के साथियों भगवंत सिंह उर्फ 'प्रधानमंत्री' बाजेके, दलजीत सिंह कलसी, बसंत सिंह, गुरमीत सिंह, जीत सिंह, हरजीत सिंह, लवप्रीत सिंह तूफान को लेकर पुलिस कोर्ट में पहुंची। सुरक्षा के चलते कोर्ट परिसर में किसी को भी जाने की अनुमति नहीं थी। मीडिया को भी कोर्ट परिसर से दूर रखा गया। पुलिस ने इस दौरान 7 दिन की रिमांड की मांग रखी थी लेकिन कोर्ट से उन्हें 4 दिन का ही रिमांड दिया गया। पुलिस ने तर्क दिया कि आरोपियों का रिमांड हासिल कर हथियारों को रिकवर किया जाना है। इतना ही नहीं, मोबाइल फोन रिकवर किए जाने हैं ताकि उनकी जांच की जा सके। अमृतपाल के सातों साथियों को पंजाब पुलिस दो जत्थों में डिब्रूगढ़ से दिल्ली लेकर आईं। आज सुबह अमृतपाल के साथियों को अमृतसर के अजनाला कोर्ट में पेश कर फरवरी 2023 में पुलिस स्टेशन पर हुए हमले के लिए रिमांड हासिल किया जाएगा। पुलिस की ओर से पंजाब लाए गए आरोपियों में भगवंत सिंह उर्फ 'प्रधानमंत्री' बाजेके, दलजीत सिंह कलसी, बसंत सिंह, गुरमीत सिंह, जीत सिंह, हरजीत सिंह, लवप्रीत सिंह तूफान के नाम शामिल है।

# चार धाम यात्रा में रजिस्ट्रेशन की बाध्यता को समाप्त करने की मांग

**व्यापारियों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। चार धाम यात्रा में रजिस्ट्रेशन की बाध्यता को समाप्त करने और यात्रियों को बेहतर सुविधाओं की मांग को लेकर महानगर व्यापार मंडल ने विधायक मदन कौशिक को ज्ञापन सौंपा।

महानगर व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष सुनील सेठी ने उत्तराखंड के व्यापारियों के हित में एवं आने वाले लाखों तीर्थयात्रियों की सुविधाओं को लेकर हरिद्वार विधायक मदन कौशिक को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान बढ़ते श्रद्धालुओं की संख्या के हिसाब से सरकार की तरफ से सुविधाओं को व्यवस्थाओं को ओर बढ़ाना चाहिए, जिसके लिए चार धाम यात्रा प्राधिकरण या कुछ और बेहतर बोर्ड का गठन करना चाहिए, जिससे यात्रा में जिस प्रकार यात्रियों को परेशानी होती है उससे राहत मिल सके। साथ ही मुख्य रूप से रजिस्ट्रेशन की बाध्यता को समाप्त करना चाहिए। सेठी ने कहा कि कुछ दिन पहले सचिवालय में हुई बैठक में चारधाम यात्रा प्राधिकरण का प्रस्ताव आया था। बैठक में शामिल चारधाम यात्रा से जुड़े स्टेक होल्डरों ने अपने सुझाव भी दिए थे, लेकिन उसके बाद इस पर कोई चर्चा नहीं हुई। जिस प्रकार से चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी है, उसे देखते हुए कुछ कड़े कदम उठाकर यात्रा को सुलभ बनाने के लिए करने चाहिए। जिस प्रकार हेली टिकटों की ब्लैक ओर कालाबाजारी से यात्रियों को ठगा जाता है उस पर भी सख्ती से रोक लगानी चाहिए और हेली सेवाएं दे रही कंपनियों के मानक तय होने चाहिए। व्यापारी नेता सतेंद्र झा एवं जिला उपाध्यक्ष प्रीत कमल सारस्वत ने कहा कि पिछले साल चार धाम यात्रा में रजिस्ट्रेशन व्यवस्था से श्रद्धालुओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। हरिद्वार का पर्यटन कारोबार भी प्रभावित हुआ था। पर्यटन व्यापारियों के हितों को देखते हुए सरकार को रजिस्ट्रेशन की बाध्यता को समाप्त कर देना चाहिए। इससे आम श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। विधायक मदन कौशिक ने कहा कि सरकार द्वारा पर्यटन से जुड़े व्यापारी एवं तीर्थयात्रियों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाएगाऔर जो भी कमियां होंगी उन्हें जल्द दूर किया जायेगा इसके लिए वह मुख्यमंत्री से वार्ता करेंगे। ज्ञापन सौंपने वालो में मुख्य रूप से सचिव सोनू चौधरी, मुकेश अग्रवाल, पंकज माटा, रमन सिंह, अनिल कोरी, रवि बांगा, भूदेव शर्मा, राकेश सिंह सहित महानगर व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल उपस्थित रहा।

## फ़ेसबुक पेज से अश्लील टिप्पणी व वीडियो पोस्ट करने वाले युवक पर दर्ज हुआ प्राथमिकी

पूर्वी चंपारण। पुलिस अधीक्षक (एसपी) स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर साइबर थाना पुलिस ने सोशल मीडिया के फ़ेसबुक प्लेटफार्म से महिलाओं के विरूद्ध अपमानजनक एवं अश्लील टिप्पणी व विडियो का प्रसारण करने के मामले में पुलिस ने एक युवक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी हेतु छापेमारी शुरू कर दिया है। उक्त विडियो रजनीश सिंह नामक व्यक्ति द्वारा 'भोजपुरिया रेलाई' नामक फ़ेसबुक पेज पर प्रसारित किया गया है, जिस पर कई अश्लील विडियों का प्रसारण किया जा रहा था। साइबर पुलिस ने उक्त व्यक्ति की पहचान जिले के हरसिद्धि थाना क्षेत्र के धवही बाजार निवासी पन्नालाल पटेल के पुत्र रजनीश कुमार के रूप करते हुए उसके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर छापेमारी शुरू कर दिया है। इसकी जानकारी देते एसपी स्वर्ण प्रभात ने कहा है कि मोतिहारी पुलिस द्वारा सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म की सतत निगरानी की जा रही है। महिलाओं के विरूद्ध अपमानजनक एवं अश्लील टिप्पणी करते हुए विडियो वायरल करने वालो पर विधि सम्मत कारवाई सुनिश्चित किया जायेगा।उन्होने कहा कि ऐसे वीडियो से जनमानस में काफी क्षोभ एवं समाज में तनाव की स्थिति बनने की आशंका बनती है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063